मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 192

जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

facebook YouTube twitter

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com

जयपुर, मंगलवार, 3 जून, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित



12

# जेईई में कोटा ने फहराया परचम, राजित गुप्ता देशभर में अव्वल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है। कोटा में रहकर तैयारी करने वाले राजित गुप्ता ने ऑल इंडिया टॉप किया है। उनकी पहली रैंक आई है। कोटा में पढ़ने वाले सक्षम जिंदल की दूसरी रैंक, अक्षत चौरासिया की छठवीं और देवेश पंकज भैया की 8वीं रैंक आई है। कोटा के 4 स्टूडेंट्स ने ऑल इंडिया टॉप-10 में जगह बनाई है। टॉप-10, टॉप-50 और टॉप-100 में भी कोटा में तैयारी करने वाले कई स्टूडेंट्स शामिल हैं। कोटा के महावीर नगर निवासी राजित गुप्ता के पिता दीपक गुप्ता कोटा में ही बीएसएनएल विभाग में इंजीनियर हैं। राजित की मां डॉ. श्रुति अग्रवाल कोटा के जेडीबी गर्ल्स कॉलेज में प्रोफेसर हैं। राजित ने कहा कि गलतियों को रिपीट नहीं किया। गलतियां दूर होने से ही सब्जेक्ट की नींव मजबूत होती है। मेरा की ऑफ सक्सेस है, हैप्पीनेस।



रैंक 1 राजित गुप्ता | रैंक 2 सक्षम जिंदल | रैंक 6 अक्षत चौरासिया | रैंक 8 देवेश पंकज भैया | रैंक 46 भव्य जेठानंदानी | रैंक 93 आर्यमन

हर हाल में खुश रहता हूं। जब भी मौका मिलता है तो कॉलोनी के बच्चों के साथ खेलता हूं। अपनी तैयारी को लेकर कॉन्फिडेंट रहता हूं।

जेईई एडवांस्ड ऑल इंडिया रैंक 2 हासिल करने वाले हिसार निवासी सक्षम जिंदल क्रिकेटर भी हैं। वे अंडर-14 डिस्ट्रिक्ट लेवल खेल चुके हैं। टॉप टेन में जगह बनाने वाले चारों स्टूडेंट कोटा के एलन कोचिंग में पढ़ते थे। जयपुर के गांधी नगर निवासी आर्यमन ने 93वीं रैंक हासिल की है। आर्यमन के पिता संदीप वर्मा और मां श्रेया गुहा आईएएस अधिकारी हैं। आर्यमन ने बताया कि पिता ने आईएएस बनने से पहले आईआईटी दिल्ली से बीटेक और एमटेक किया था। पिता ने बताया था इस आईआईटी में उन्होंने काफी एंजॉय किया था। इस बात से ही प्रभावित होकर मैंने जेईई की तैयारी की। वहीं आठवीं रैंक प्राप्त करने वाले देवेश पंकज भैया वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बाल शक्ति पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। जयपुर के दुर्गापुरा निवासी भव्य जेठानंदानी ने 46वीं रैंक प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि क्लास 11 से तैयारी शुरू कर दी थी। शुरुआती दौर में केमिस्ट्री से डर लगता था, लेकिन नियमित अभ्यास और पढ़ाई से इस सब्जेक्ट पर पकड़ बनाई। इस बार जेईई एडवांस्ड 2025 एग्जाम आईआईटी कानपुर ने कराया था। देश की 23 आईआईटी की 17740 सीटों के लिए 18 मई को दो पारियों में एग्जाम हुआ था। जेईई-मेन के बाद एडवांस्ड के लिए 2.50 लाख स्टूडेंट्स को क्वालीफाई किया गया था।

## मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# संकल्प से सिद्धि तक अभियान में लोगों तक पहुंचाएंगे केंद्र की उपलब्धियां : भजनलाल

### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस के काले अध्याय को जन-जन तक पहुंचाएं : मदन राठौड़

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी की ओर से 9 जून से 'संकल्प से सिद्धि तक' देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा। अभियान की प्रदेशस्तरीय कार्यशाला सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पर्यावरण दिवस से लेकर आपातकाल की 50वीं वर्षगाठ पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बन गई है। 2014 से पूर्व जहां देश में आतंकवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण जैसी अव्यवस्थाएं चरम पर थीं, वहीं 2014 के बाद पीएम मोदी ने देश के हालात बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया। युवा, महिला, किसान और मजदूर श्रेणी में विभाजित लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए उन्होंने योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया। मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा के क्षेत्र में भी सुदृढ़ हुआ है, यह पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश और दुनिया ने देख लिया। 2014 से पूर्व हमारी अर्थव्यवस्था 11वें पायदान पर थी, जो पीएम मोदी की बेहतर नीतियों के चलते आज चौथे नंबर पर आ गई। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। इस कथन पर सीएम शर्मा ने कहा कि उस नरेंद्र ने कहा था, आज ये नरेंद्र उसे पूरा कर रहा है। अब हमें केंद्र सरकार और राजस्थान की डबल इंजन सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। संकल्प से सिद्धि तक अभियान में ये कार्य बूथ स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को करने हैं।

कार्यशाला में मंच पर भाजपा उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, मुकेश दाधीच, सरदार अजयपाल सिंह, नाहर सिंह जोधा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भाजपा प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संकल्प से सिद्धि तक अभियान के प्रदेश संयोजक जितेंद्र गोठवाल ने किया और विजेंद्र पूनिया ने आभार जताया।

### 9 जून से शुरू होगा देशव्यापी अभियान



### 'भाजपा में राष्ट्र प्रथम'

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है, क्योंकि भाजपा में राजनीति के साथ सामाजिक सरोकार के कार्य भी किए जाते हैं, फिर चाहे वह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान हो या फिर जल संरक्षण की दिशा में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम। भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है।

### 5 से 25 जून तक ये होंगे कार्यक्रम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि 5 जून से लेकर 25 जून तक हर कार्यकर्ता को अपने अनुभव के साथ संगठन के अभियानों से जुड़ना होगा। 5 जून को पर्यावरण दिवस के दिन गंगा दशहरा से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान से जुड़कर जल स्रोतों को रिचार्ज करने की दिशा में कार्य करना है। इसमें भामाशाहों का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके बाद 9 से 21 जून तक मोदी सरकार की समावेशी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प से सिद्धि तक अभियान से जुड़ना होगा। इस दौरान 21 जून को विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को सहभागिता निभानी होगी। इसके बाद 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठियां, कार्यशाला आयोजित करने के साथ 25 जून को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों तक कांग्रेस के काले अध्याय को पहुंचाने का कार्य करना होगा।

### जनता तक पहुंचाने हैं मोदी सरकार के संकल्प

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी ने नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया और 11 साल में उन संकल्पों को सिद्ध भी किया। भाजपा कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार के उन संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाना है। कांग्रेस राज में देश का सोना गिरवी रखने की नौबत आ गई थी, और आज देश अर्थव्यवस्था में विश्व में चौथे नंबर पर आ गया। देश का आमजन 2014 से पूर्व और 2014 के बाद के भारत में परिवर्तन स्पष्ट रूप से महसूस कर रहा है। विश्व के 21 से अधिक देशों ने पीएम मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है।

### 'आपातकाल के काले अध्याय को उजागर करें'

मदन राठौड़ ने 25 जून आपातकाल के 50 साल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस के उस काले अध्याय को आज हमें देश की जनता के सामने रखना चाहिए। कांग्रेस द्वारा आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या करने का काम किया था, निर्दोष लोगों को जेल भेजने का काम किया, देश की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने का काम किया। ऐसे में कांग्रेस के आपातकाल को हमें देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना होगा।

# कैंसर से पीड़ित ऊर्जा विभाग के एसीएस आलोक का निधन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख रेजिडेंशियल कमिश्नर आलोक का सोमवार को उपचार के दौरान दिल्ली में निधन हो गया। वे पिछले काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें महीनेभर पहले दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सोमवार को दिल्ली आवास पर उनका निधन हो गया। शाम को दिल्ली में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया।



आलोक के निधन पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित कई मंत्री विधायकों, नेताओं और आईएएस एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने शोक जताया है। उनके निधन के बाद सोमवार को जयपुर में सभी सरकारी बैठकें स्थगित कर दी गईं। वहीं आईएएस एसोसिएशन की ओर से सचिवालय में शोकसभा कर आईएएस अधिकारी आलोक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कोटा में एसडीओ से शुरू किया था कॅरियर

15 नवंबर 1966 को पटना में जन्मे आलोक 1993 बैच के आईएएस थे और कड़क फैसले लेने वाले अफसर माने जाते थे। उन्होंने मैकेनिकल में बीटेक किया था। उनके इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की छाप एनर्जी सेक्टर में किए गए फैसलों में दिखती थी। आलोक ने कोटा जिले के रामगंज मंडी से बतौर एसडीएम कॅरियर की शुरुआत की। 29 जुलाई 1995 से 1997 तक वे रामगंज मंडी एसडीएम रहे। इसके बाद 18 अप्रेल 1998 से 18 मार्च 1999 तक जयपुर डीआरडीए के एडिशनल कलेक्टर और प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहे। 15 मार्च 1999 को पहली बार उन्हें बूंदी कलेक्टर के तौर पर जिम्मेदारी दी गई, जहां वे 30 अक्टूबर 1999 तक रहे। बूंदी के अलावा आलोक सवाई माधोपुर, बीकानेर, कोटा और उदयपुर के कलेक्टर रहे। वहीं भरतपुर के संभागीय आयुक्त रहे।

### केंद्र और राज्य में वरिष्ठ पदों पर रहे

आलोक फील्ड के अलावा केंद्रीय डेपुटेशन और राजस्थान सरकार में वरिष्ठ पदों पर रहे। रीको के एमडी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के कमिश्नर, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव भी रहे हैं।

### लंबे समय तक केंद्रीय डेपुटेशन पर भी रहे

आलोक 15 जनवरी 2020 में केंद्रीय डेपुटेशन पर चले गए थे, जहां जनवरी 2024 तक रहे। 15 जनवरी 2020 से 19 जनवरी 2023 तक वे एनएचएआई के मेंबर एडमिनिस्ट्रेशन रहे। फिर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अतिरिक्त सचिव रहे। 9 जनवरी 2024 तक उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद वे सेंट्रल डेपुटेशन सेवा से लौटे और उन्हें ऊर्जा विभाग एवं रेजिडेंट कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई।

## सिक्किम में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड 3 जवानों की मौत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान लापता हैं। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है।

## अहमदाबाद के मोदी स्टेडियम में आईपीएल का फाइनल आज

### आरसीबी और पीबीकेएस के बीच होगी खिताबी जंग

महानगर संवाददाता

**अहमदाबाद।** आईपीएल का फाइनल मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल की दोनों टीमें तय हो चुकी हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच खिताबी मुकाबला होगा। दोनों टीमों को पहले टाइटल का इंतजार है। वहीं फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' होगी।



कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। हालांकि अब तक इनके ऑफिस से सेरेमनी में शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे स्टेडियम को तिरंगे रंग की लाइट से सजाया जाएगा और इस दौरान सिंगर शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा।

(विस्तृत खबर पृष्ठ 7 पर)

## प्रदेश में कोरोना मरीज पहुंचे सौ के पार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना मरीजों का आंकड़ा सौ को पर कर गया है। सोमवार को कोरोना के 15 नए मरीज सामने आए। इसके साथ ही मरीजों का आंकड़ा 113 हो गया। इनमें से 16 अभी अस्पताल में भर्ती हैं। प्रदेश में सोमवार को सामने आए मरीजों में जयपुर से नौ, जोधपुर से तीन, उदयपुर से दो और चूरू से एक मरीज है। कुल मरीजों में प्रदेश में सर्वाधिक 63 मरीज जयपुर के हैं। इसके अलावा उदयपुर में 14, जोधपुर में 11 और बीकानेर में छह तथा शेष मरीज अन्य स्थानों के रिपोर्ट हुए हैं।

## ज्वेल्स ऑफ इंडिया के निदेशक सहित 6 के खिलाफ मामला दर्ज

- रिटायर्ड आईपीएस को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाने के लिए लेनी पड़ी कोर्ट की शरण
- बजाज नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेशों पर किया मामला दर्ज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में एक रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी को खुद के साथ हुई धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाना भारी पड़ गया। रिटायर्ड अधिकारी की जब बजाज नगर थाना पुलिस ने नहीं सुनी तो उसे न्यायालय की शरण लेनी और पुलिस ने अदालत के आदेश पर ज्वेल्स ऑफ इंडिया के निदेशक समेत 6 अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया।

बताया जा रहा है कि प्रताप नगर, कुंभा मार्ग निवासी रिटायर्ड आईपीएस सतीश कुमार खुराना और उनकी पत्नी अनुराधा ने जेएलएन मार्ग स्थित ज्वेल्स ऑफ इंडिया से दो साल पहले एक फ्लैट बुक कराया था। 14 अगस्त 2023 को बिल्डर्स को करीब 77 लाख रुपए भी दे दिए। पेमेंट जमा कराने के बाद भी तय राशि में एग्रीमेंट नहीं किया। बिल्डर और कर्मचारियों की ओर से 60 फीसदी राशि मांगी गई, लेकिन पीड़ित ने पेमेंट चेक या ऑनलाइन से देने को कहा और इतनी बड़ी राशि नकद देना या लेना कानूनी अपराध होने का हवाला दिया, लेकिन बिल्डर ने चेक और ऑनलाइन पेमेंट लेने से इनकार कर दिया और जमा राशि भी नहीं लौटाई। खुद के साथ धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़िता अनुराधा खुराना बजाज नगर थाने पहुंची, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया।

### फर्जी शपथ पत्र बनाने का लगाया आरोप

पीड़िता अनुराधा का आरोप है कि अक्टूबर 2024 में करीब 77. 81 लाख रुपए उसने अपने बैंक अकाउंड से बिल्डर के खाते में ट्रांसफर किए। आरोपियों ने एक फर्जी शपथ पत्र तैयार किया है। ये शपथ पत्र जनवरी 2025 में बनाया गया है। आरोप है कि उसने कभी किसी शपथ पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, जबकि बिल्डर अनुराधा को दिल्ली में आना बता रहा है। अनुराधा जनवरी के पहले सप्ताह में कभी दिल्ली गई ही नहीं।

### इन लोगों ने खिलाफ हुआ मामला दर्ज

ज्वेल्स ऑफ इंडिया के निदेशक लक्ष्मी नारायण गोयल, कानूनी सलाहकार मनोज नरेनिया, सेल्स मैनेजर जयपुर बनवारी लाल शर्मा, निदेशक सनसिटी प्रोजेक्ट वरुण अग्रवाल, सेल्स मैनेजर गुरुग्राम आशीष मित्तल, सनसिटी प्रोजेक्ट एजेंट मोहित जैन के खिलाफ न्यायालय ने बजाज नगर पुलिस को धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

**मौसम** आंधी-बारिश के साथ हुई जून महीने की शुरुआत, प्रदेश में अगले दो दिन जारी रहेगा दौर, आज रहेगा ज्यादा असर

# जयपुर, बीकानेर, चूरू, भरतपुर सहित कई स्थानों पर बारिश से धुली गर्मी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कहने को तो जेठ की तपती दुपहरी का महीना है, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से सोमवार को प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हुई बारिश ने गर्मी को धो दिया। जयपुर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, भरतपुर, झुंझुनूं और श्रीगंगानगर में दोपहर बाद बारिश हुई। वहीं चूरू और सीकर में आंधी चली तथा कई जिलों में बादल छाए रहे। प्रदेश में अभी अगले दो दिन इसी तरह का मौसम बना रहने की संभावना है।

प्रदेश में जून के महीने की शुरुआत आंधी-बारिश से हुई है और इसके असर से 22 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। सोमवार दोपहर बाद प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में अंधड़ और बारिश हुई। चूरू में बीती रात के बाद दिन में भी अच्छी बारिश हुई और यहां गर्मी का असर बहुत कम हो गया। बीकानेर में कई जगह अच्छी बारिश हुई, वहीं श्रीगंगानगर, भरतपुर सहित कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश ने मौसम खुशनुमा बना दिया। जयपुर में भी दोपहर बाद टोंक रोड, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल सहित शहर के आधे से ज्यादा हिस्से में बारिश से मौसम में तरावट आ गई। इसके बाद भी बादल छाए रहे और रात सवा 8 बजे तक ठंडी हवाएं चलने के बाद फिर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर दो दिन रहने से कई इलाकों में बारिश और तेज हवा चलने के आसार हैं। इसके बाद 5-6 जून से तापमान बढ़ सकता है। इस सिस्टम का असर मंगलवार को ज्यादा रहेगा। मंगलवार को 21 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 10 जिलों में येलो अलर्ट है।




नारायणसिंह सर्किल समय : अपराह्न 4:33 बजे



गांधी सर्किल समय शाम 6:30 बजे

जयपुर में सोमवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। दिनभर धूप खिली रही, वहीं अपराह्न 4:33 बजे बारिश हुई। इसके बाद शाम 6:30 बजे घटाएं फिर घिर आईं और रात सवा 8 बजे तक ठंडी हवाएं चलने के बाद फिर बारिश हुई। फोटो : राजेश कुमार शर्मा

### जटवाड़ा में दीवार गिरने से महिला की मौत

जयपुर जिले के जटवाड़ा गांव में आंधी के कारण फार्म हाउस की दीवार गिर गई। इस दौरान दीवार के पास खड़ी महिला शांतिदेवी की मलबे में दबने से मौत हो गई। हनुमानगढ़ में रविवार रात नगराना टोल प्लाजा के पास आंधी के कारण बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे संकेतक (साइन बोर्ड) से टकरा गई। इसमें बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। युवक लखवीर सिंह (35) की सोमवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

# जयपुर से मुंबई, वलसाड़ के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

## ट्रैफिक ब्लॉक के कारण जैसलमेर-काठगोदाम गाड़ी का रूट बदला गया



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गर्मियों की छुट्टियों में बढ़ते ट्रैफिक लोड को देखते हुए रेलवे ने जयपुर से मुंबई और वलसाड़ के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। लूनी-मारवाड़ रेलखंड के बीच ट्रैक नवीनीकरण करने के कारण जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस को रूट बदलकर चलाया जाएगा।

उत्तर-पश्चिम रेलवे से जारी शेड्यूल के मुताबिक 3 जून को गाड़ी संख्या 09002 खातीपुरा (जयपुर) स्टेशन से मुम्बई सेंट्रल के लिए चलेगी। ये गाड़ी खातीपुरा से शाम 18.40 बजे रवाना होगी और जयपुर जंक्शन होते हुए अगले दिन दोपहर को 13.30 बजे मुंबई सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09007 खातीपुरा (जयपुर) स्टेशन से 6 जून को शाम 18.40 बजे वलसाड़ स्टेशन के लिए चलेगी और जयपुर जंक्शन स्टेशन होते हुए अगले दिन दोपहर को 12 बजे वलसाड़ स्टेशन पहुंचेगी।

### रानीखेत एक्सप्रेस का रूट बदला

लूनी-मारवाड़ रेलखंड पर राजकियावास-मारवाड़ स्टेशनों के बीच ट्रैक नवीनीकरण का काम करवाया जाएगा, जिसके कारण कुछ दिन के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस इस महीने 5 जून, 7, 9, 12, 14, 16, 19, 21, 23 और 26 जून को जैसलमेर से चलेगी और परिवर्तित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा होकर जयपुर आएगी। इस दौरान ये गाड़ी मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी स्टेशनों पर स्टॉपेज करेगी। इन तारीख में ये गाड़ी लूनी, पाली मारवाड़, मारवाड़ जंक्शन, ब्यावर, अजमेर और किशनगढ़ स्टेशनों पर नहीं जाएगी।

### जयपुर-हिसार पैसेंजर अब बवानीखेड़ा स्टेशन पर भी रुकेगी

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 14716 जयपुर-हिसार पैसेंजर ट्रेन को 4 जून से बवानीखेड़ा स्टेशन पर स्टॉपेज देने का निर्णय किया है। ये ट्रेन जयपुर से अपने निर्धारित समय पर रवाना होने के बाद बवानीखेड़ा पर रात 2.11 बजे पहुंचेगी और रात 2.13 बजे चलेगी।

# जिला ऑब्जर्वर बनेंगे एआईसीसी के आंख और कान

## प्रदेश कांग्रेस संगठन विस्तार की कवायद

दीपेन्द्र सिंह ईसरदा




**जयपुर।** कांग्रेस पार्टी ने जिला ऑब्जर्वर लगाने की शुरुआत कर दी है। यह लगभग भाजपा के जिला विस्तारक जैसा ही पद है, लेकिन उससे प्रभावशाली हैं।

राजनीति में हमेशा खुद से और विपक्षी दलों के क्रियाकलापों से सीखकर उनके गुण-दोष निकाल कर पार्टी के कार्यक्रम तय होते हैं। इसी के तहत कांग्रेस अब जिला ऑब्जर्वर लगाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव में लगातार खराब नतीजे आने के बाद कांग्रेस के स्थानीय संगठन को सीधे आलाकमान से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए जिला ऑब्जर्वर पद को सक्रिय किया जा रहा है। वैसे पहले भी यह पद होता था, लेकिन अब इस पद को खास अधिकार दिए गए हैं।

### राजस्थान में आएंगे दूसरे प्रदेशों के ऑब्जर्वर

आर्ब्जवर नियुक्त करने की प्रक्रिया के तहत एक प्रदेश के नेताओं को दूसरे प्रदेशों में भेजा जा रहा है। राजस्थान के कई नेताओं को दूसरे प्रदेशों में ऑब्जर्वर बनाया गया है। इसी तर्ज पर राजस्थान में भी दूसरे राज्यों के नेता आएंगे।

सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी 3 जून को मध्य प्रदेश में 50 जिला ऑब्जर्वर और मध्य प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करने वाले हैं। एआईसीसी ने हरियाणा में भी दूसरे प्रदेशों के 21 जिला ऑब्जर्वर नियुक्त कर दिए और वहां एक पखवाड़े में कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा कांग्रेस संगठन सृजन अभियान आरंभ करने के संकेत हैं।

एआईसीसी के आला सूत्रों के मुताबिक राजस्थान में कांग्रेस संगठन का पुनर्गठन करने के उद्देश्य से नियुक्त किए जाने वाले जिला ऑब्जर्वर को कांग्रेस संगठन सृजन अभियान आरंभ होने के दिन ही प्रभार वाले जिलो के बारे में जानकारी मिलेगी। एआईसीसी की ओर से नियुक्त जिला ऑब्जर्वर अपने प्रभार वाले जिले में तकरीबन दो महीने रहकर, स्थानीय सभी विधानसभा क्षेत्रों, ब्लॉकों का दौरा कर कांग्रेस संगठन के सभी मोर्चों के नए-पुराने पदाधिकारियों, सामाजिक पदाधिकारियों, प्रमुख जनों से मौजूदा कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, पदाधिकारियों के संबंध में रायशुमारी कर, किन नेताओं को कांग्रेस संगठन में जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, इसकी रिपोर्ट देंगे। इसमें स्थानीय जातिगत समीकरण भी देखे जाएंगे। एआईसीसी की ओर से नियुक्त जिला ऑब्जर्वर की सहायता के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी दूसरे जिले के एक-दो कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्ति भी करेंगे।

### जिला ऑब्जर्वर सीधे आलाकमान के अधीन होंगे

जिला ऑब्जर्वर लोगों की राय एवं जातिगत समीकरण को मद्देनजर रख कांग्रेस जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारियों की नियुक्ति के पैनल तैयार कर एआईसीसी को देंगे। एआईसीसी नेतृत्व द्वारा कांग्रेस संगठन में अब आब्जर्वर की रिपोर्ट को आधार बना कर पदों में नियुक्ति होगी। एआईसीसी नेतृत्व ने जिला आब्जर्वर को कड़े निर्देश दिए हैं कि प्रदेश और जिले के स्थानीय प्रभावशाली कांग्रेस नेताओं की राय, पसंद को कम महत्व दें, अपनी रिपोर्ट में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और लोगों की राय को तवज्जोह प्रदान करें।

## पशुपालन मंत्री ने किया टीकाकरण अभियान का शुभारंभ, 2 अगस्त तक रहेगा जारी

# एक करोड़ 11 लाख गौवंश को लगेगा लम्पी से बचाव का टीका

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** पिछले कटु अनुभव से सबक लेते हुए पशुपालन विभाग ने इस बार सतर्कता बरतते हुए गौवंश की रक्षा के लिए लम्पी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। गौवंश को 'लम्पी स्किन डिजीज रोग प्रतिरोधक टीकाकरण अभियान' का सोमवार से शुभारंभ हो गया है। यह अभियान 2 जून से 2 अगस्त तक संचालित किया जाएगा, जिसमें गॉट पॉक्स वैक्सीन (उत्तरकाशी स्ट्रेन) का उपयोग कर 4 महीने से अधिक उम्र के स्वस्थ गौवंश का टीकाकरण किया जाएगा।

राजधानी जयपुर के श्रीपिंजरापोल गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने टीकाकरण अभियान की टीम को वैक्सीन किट भेंट की। इससे पहले मंत्री ने गौपूजन कर गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस बार अभियान के तहत दो माह में एक करोड़ 11 लाख 57 हजार गौवंश का टीकाकरण किया जाएगा।

पशुपालन मंत्री ने कहा कि वर्ष-2022-23 में लंपी बीमारी महामारी के रूप में आई थी, जिससे करीब 76 हजार गौवंश की मौत हो गई।

इसके बाद राज्य सरकार ने इस बीमारी की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया और पिछले साल मानसून से पहले व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर करीब 95 फीसदी गौवंश का टीकाकरण किया गया। इसका परिणाम ये रहा कि इस बीमारी से कोटा व झालावाड़ जिलों के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में इसका प्रकोप देखने को नहीं मिला। यह वैक्सीन इतनी कारगर सिद्ध हुई कि विगत वर्ष गौवंश की इस बीमारी से मृत्युदर महज 5 फीसदी ही रही। इस बार भी मानसून से पहले समस्त प्रदेश में गौवंश का टीकाकरण किया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य

पिछले वर्षों में जहां-जहां लम्पी का प्रभाव ज्यादा रहा था, उन क्षेत्रों को प्राथमिकता सूची में रखा गया है। गौशालाएं, संरक्षित वन्य क्षेत्र व वनों की परिधि में 5 से 10 किलोमीटर समीप के गांव और जिले से लगते राज्यों के सीमावर्ती इलाके इस अभियान के केंद्र में हैं, जहां शत प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य है। टीकाकरण के दौरान गर्भवती गायों को विशेष सावधानी से टीका लगाया जाएगा, वहीं भैंसों और बीमार, रोग ग्रस्त पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जाएगा।

## राजधानी से बांदीकुई हाईटेक एक्सप्रेस-वे पर यातायात शुरू



जयपुर से दिल्ली का सफर हुआ 30 मिनट कम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दिल्ली से जयपुर जाने या आने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे (एनई-4) से जुड़ने वाला जिले का पहला हाईटेक जयपुर-बांदीकुई एक्सप्रेस-वे (एनई-4सी) सोमवार सुबह 8 बजे से ट्रायल के रूप में शुरू हो गया है। इससे जयपुर से दिल्ली का सफर 30 मिनट घटकर तीन से साढ़े तीन घंटे में पूरा हो सकेगा। वहीं जयपुर-दौसा के बीच 40 फीसदी तक ट्रैफिक कम होने की उम्मीद है, जिससे यात्रा सुगम होगी। पहले 10 दिन तक ट्रायल चलेगा, जिसमें एक्सप्रेस-वे की तकनीकी खामियों की जांच की जाएगी। इसके सफल रहने पर टोल शुल्क तय कर इसे औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा। एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, ट्रैक्टर, ऑटो और जुगाड़ वाहनों की अनुमति नहीं होगी।

# राजस्थान पुलिस का सुरक्षा चक्र अभियान का आगाज



## छात्र-छात्राओं को दी आत्मरक्षा जैसी मजबूत विधाओं की जानकारी

महानगर सवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की ओर से सुरक्षा चक्र अभियान का आगाज किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को निशुल्क (सेल्फ डिफेंस) आत्मरक्षा, जूडो-कराटे, मार्शल आर्ट जैसी मजबूत विधाओं की जानकारी दी गई।

तीसरी बटालियन राजस्थान सशस्त्र दल (आरएसी) बीकानेर की कमांडेंट (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) सीमा हिंगोनिया ने बताया कि राजस्थान पुलिस का 'सुरक्षा चक्र' अभियान का आगाज किया गया और सुरक्षा चक्र पोस्टर विमोचन पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर द्वारा किया गया।

सीमा हिंगोनिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों कक्षा (6-12) के छात्र–छात्राओं को वर्तमान तकनीकी युग में जागरूकता के अभाव में किशोरों में बढ़ रहे अपराधों की जानकारी देना है। इसके अलावा (लड़ाई झगड़े, आत्महत्या, हत्या, बलात्कार, छेड़खानी, चोरी) अपराधों के प्रकार, कारण, परिणाम, प्रभाव व उनसे बचाव के उपायों और अपराध संबंधित कानूनों की जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही पॉक्सो, एक्ट, जस्टिस जुवेनाइल एक्ट, आईटी एक्ट 2000, साइबर अपराध यातायात नियम, रैगिंग और ज्यादा से ज्यादा जागरूकता, सतर्कता और सजगता फैलाना भी है, जिससे युवाओं में मजबूती, आत्मबल, आत्मसुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना विकसित होगी। इस सुरक्षा चक्र अभियान के जरिए अपराध मुक्त और सशक्त युवा पीढ़ी बनने से देश के लिए मजबूत और सुरक्षित भविष्य की बुनियाद का निर्माण हो सकेगा।

इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक दल आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस टीम) प्रभारी और रोटरी क्लब जयपुर निदेशक डॉ. पल्लवी सहित उनकी सहायक टीम शिहान हेमन्त कुमार, संदाई इंद्रा कुमारी, संदाई सुन्दर लाल, सेंसई विकास जांगिड़, सेंसई अभिषेक कारडिया, सेंसई चिन्मय तारवान, सेम्पई राहुल वर्मा, सेम्पई रिद्धिमा कुमारी द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण आरएसी कमांडो टीम को दिया गया। वहीं आने वाले समय में आरएसी की कमांडो टीम एवं अन्य सदस्यों द्वारा स्कूली बच्चों को लगातार ट्रेनिंग देकर सुरक्षा चक्र उपलब्ध कराया जाएगा।

# बाल अधिकारिता मंत्री ने जारी किया 'बालश्रम मुक्त राजस्थान का पोस्टर

## बालश्रम उन्मूलन पर संवाद और प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** आगामी 12 जून को बालश्रम निषेध निवस मनाया जाएगा। इससे पहले जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाल अधिकारिता विभाग की ओर से एक संवाद कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में रज्य भर से बालश्रम पर काम कर रहे एनजीओ, विभिन्न एजेन्सीज और इससे संबंधित सभी विभागों ने एक मंच पर अपने विचार व समस्याओं को साझा कर संवाद किया।

इस मौके पर बाल अधिकारिता विभाग की राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि 2030 तक प्रदेश को बालश्रम से मुक्त प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है। इसमें सभी का साथ और योगदान चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम करने वाले बच्चों का रेस्क्यू करके उनकी काउंसलिंग की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम करने वाले बच्चों की बेहतर काउंसलिंग कर उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। यदि सड़क किनारे कोई गरीब आदमी सामान बेचता हो, तो उससे खरीदें, ताकि उस गरीब व्यक्ति की मदद हो सके और उसके मासूम बच्चों को बाल मजदूरी न करनी पड़े।

इस मौके पर डॉ. मंजू बाघमार ने बालश्रम मुक्त राजस्थान के पोस्टर को भी लॉन्च किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव बाल अधिकारिता विभाग कु लदीप रांका सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। रांका ने कहा कि दुनिया के 61 प्रतिशत बाल श्रमिक एशिया में हैं। श्रम आयुक्त बाल अधिकारिता बचनेश अग्रवाल भी संवाद कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग सहित पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, परिवार कल्याण मंत्रालय, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम विभाग, राजस्थान कौशल आजीविका मिशन, बाल कल्याण समितियों के सदस्य भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चे भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# प्लास्टिक प्रदूषण पर कॉन्क्लेव की शुरुआत



## 2 से 6 जून तक होगा आयोजित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वैश्विक पर्यावरण की रक्षा का दायित्व सभी का है। विश्व पर्यावरण दिवस से पहले राजस्थान राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से और सेंट फार कन्जर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्ससेस एनवायर्न्मेंट प्रोटेक्शन एंड क्लाइमेट चेंज के संयुक्त तत्त्वाधान में एक राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।

यह कॉन्क्लेव 2 से 6 जून तक आयोजित की जा रही है। इस कॉन्क्लेव के विषय 'पार्टनरिंग फॉर एन्डिंग प्लास्टिक पॉल्युशन' पर विषय विशेषज्ञों ने विचार रखे। कॉन्क्लेव में एक साथ तीन स्थानों पर संवाद कार्यक्रम चल रहे थे। पहले सत्र में पॉल्युशनके क्षेत्र में कार्य कर रहे और कर चुके विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। इस संवाद कार्यक्रम में पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के प्लास्टिक वेस्ट पर कार्य कर रहे अरविंद अग्रवाल, पूर्व चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी, पूर्व चीफ इंजीनियर पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड, केयर्न्स एनर्जी वेदान्ता के चीफ अधिकारी नवरत्न शर्मा, डॉ. भोमया, उत्तर-पश्चिम रेलवे में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण सहित विशेषज्ञों ने पलास्टिक पॉल्युशन के नुकसान व रोकथाम पर विचार रखे। यहां डॉक्टर ने जानकारी दी कि प्लास्टिक किस प्रकार कपड़ों और थाली-प्लेट के माध्यम से भी हमारे पेट में समा रहा है और हमें कैंसर दे रहा है। इसके साथ ही विभिन्न ऑफिसों में प्लास्टिक से मुक्त होने या पॉल्युशन से बचने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में भी चर्चा कर चिंता भी जताई गई। साथ ही उपाय भी सुझाए गए।

# फैडरेशन 6 जून को करेगी संभाग स्तरीय घेराव और प्रदर्शन

## लोक परिवहन बसों को परमिट देने का रोडवेजकर्मियों का विरोध

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** परिवहन विभाग की ओर से रोडवेज के विभिन्न मार्गों पर लोक परिवहन सेवा की बसों को लगभग 2000 नए परमिट जारी करने की अधिसूचना जारी करने के बाद रोडवेज कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया है। इसके विरोध में फैडरेशन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नयाल की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यसमिति की आपातकाल बैठक की गई। भारतीय मजदूर संघ की ओर से भी प्रदेश भर में इस निर्णय का विरोध किया जाएगा। इसके तहत 6 जून को संभाग स्तरीय घेराव और प्रदर्शन कर विरोध जताया जाएगा।

फैडरेशन की ओर से बताया गया कि प्रदेश सरकार की ओर से रोडवेज को समाप्त कर निजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोक परिवहन सेवा के परमिट जारी किए गए थे, लेकिन ये परमिट देने से रोडवेज के घाटे में बढ़ोतरी होने के बाद रोडवेजकर्मियों के भारी विरोध के चलते सरकार ने लोक परिवहन सेवा की वाहनों को परमिट जारी करने की रोक लगाई थी।

फैडरेशन के सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि रोडवेज कर्मचारियों के प्रयासों एवं निगम प्रबंधन की ओर से किए जा रहे नवाचार एवं बेहतर प्रबंधन के चलते रोडवेज लाभांश की ओर अग्रसर होने के बाद बेहतर स्थिति में आ चुका है। लोक परिवहन बसों पर आदेश के बाद कर्मचारियों ने जूम पर मीटिंग की और आगामी 6 जून को जयपुर संभाग के परिवहन विभाग का घेराव, प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद ही आगे की रूपरेखा तय की जाएगी।

# जयपुर में 51 दुकानों पर खराब मिला खाने का सामान

## अनसेफ और सबस्टैंडर्ड पाए जाने पर जयपुर सीएमएचओ ने की कार्रवाई

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** जयपुर सीएमएचओ की फूड सेफ्टी टीम ने कुछ समय पहले जयपुर शहर में अलग-अलग फर्मों (मिष्ठान दुकान, रेस्टोरेंट, बेकरी इत्यादि) के यहां से फूड के सैंपल लिए थे, जो अनसेफ और सबस्टैंडर्ड मिले हैं। इन रिपोर्ट के बाद सीएमएचओ की टीम ने 51 फर्मों के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर के यहां चालान पेश किया है।

सीएमएचओ जयपुर फर्स्ट डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिन 51 फर्मों के खिलाफ चालान पेश किए, उनमें गणगौरी बाजार स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स के यहां से लिए काली मिर्च, न्यू लाल जनरल एण्ड किराना स्टोर जयसिंहपुरा खोर के यहां से लाल मिर्च पाउडर, न्यू कौशर स्वीट्स हसनपुरा के यहां से गुलाब जामुन, कीर्ति एन्टरप्राइजेज शास्त्री नगर के यहां से धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर जांच में अनसेफ और सबस्टैंडर्ड मिले हैं।

इसी तरह गणेश ट्रेडिंग कम्पनी शास्त्री नगर के यहां धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, आदर्श नमकीन भण्डार राजापार्क के मेरी नेशन ग्रेवी, आर.एन. हॉस्पिटेलिटी सर्विस जयपुर के यहां वेजिटेबल सॉस, द फोनिक्स ट्रेड विजन प्रा.लि. वीकेआई जयपुर के यहां क्यूमिन पाउडर, होटल हाइवे किंग विराटनगर कोटपूतली के यहां ग्रेवी, वीनस इंडियन ढाबा, कंवर नगर के यहां ग्रेवी, काला नमकीन उद्योग जयपुर के यहां तेल और नमकीन, श्री किशन दूध भण्डार करतारपुरा के यहां मावा, जोधपुर डेयरी बूथ सी-स्कीम जयपुर के यहां आइसक्रीम जांच में अनसेफ और सबस्टैंडर्ड मिली है।

### इनके यहां भी मिला अनसेफ और सबस्टैंडर्ड सामान

- श्री गणपति देशी घी भण्डार, सुभाष चौक जयपुर के यहां घी
- भूरामल भागीरथ अजमेर रोड के यहां बादाम कतरन
- शुद्ध देशी घी भण्डार झोटवाडा के यहां घी
- श्री महालक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी सूरजपोल मंडी के यहां तेल
- श्री कृष्णा स्वीट एण्ड बेकर्स वैशाली नगर का मूंग लड्डू
- गोपी क्वालिटी स्वीट्स राजापार्क के यहां मावा
- श्री बालाजी मावा दूध भण्डार सिरसी रोड के यहां मावा
- रॉयल स्वीटस शास्त्री नगर के यहां मावा
- राधिका ट्रेडर्स वैशाली नगर के यहां आइसकीम
- कृष्णा मार्केटिंग सूरजपोल मंडी के यहां मूंगफली तेल
- श्री राम मिल्क फूड डेयरी इण्डस्टीज झोटवाडा के घी
- एवेन्यू सुपरमार्ट लि. झोटवाडा के यहां घी
- लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी कालवाड़ रोड का तेल
- रामप्रसाद रामगोपाल सूरजपोल मंडी के यहां घी
- शंकर नमकीन भण्डार राजापार्क के यहां लाल मिर्च पाउडर
- श्री लक्ष्मी मिष्ठान भण्डार कालवाड़ रोड के यहां मावा
- रामप्रसाद रामगोपाल सूरजपोल मंडी के यहां घी
- ओम प्रकाश आकाश कुमार चांदपोल बाजार के यहां घी
- माहेश्वरी स्टोर चांदपोल बाजार के यहां घी।

# खाली प्लॉट में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। खाली प्लाट में युवक का शव पड़ा हुआ था। उसके मुंह से खून निकल रहा था। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। हैड कांस्टेबल सूरजमल मीना ने बताया कि दादा बाड़ी चौराहे के पास खाली प्लाट में युवक का शव पड़ा मिला। शव मिलने का पता चलने पर लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। खाली प्लाट में पड़े मिले युवक के मुंह से खून निकल रहा था। मालपुरा गेट थाना पुलिस शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआवना करने के साथ ही मृतक की पहचान के प्रयास किए। मृतक की पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 30 साल है। रंग-गेहुआं व कद-5.6 फीट है, जिसने सफेद रंग की टी-शर्ट व नीले रंग की जिंस व चप्पल पहने हुई है। वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, इसमें युवक शराब के नशे में चलते हुए खाली प्लाट में गिरना दिखाई दे रहा है। मुंह के बल गिरने से पत्थर से टकराने से खून निकला है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## परिवार छत पर सो रहा था और युवक ने कमरे में लगाया फंदा

**जयपुर (मसं)।** मालपुरा गेट थाना इलाके में देर रात एक युवक के सुसाइड का मामला सामने आया है। वह कमरे में कपड़े के फंदे से लटका मिला। सुसाइड के समय परिवार के लोग छत पर सो रहे थे। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। हैड कांस्टेबल भीम सिंह मीना ने बताया कि उत्तर प्रदेश के हरदोई निवासी सचिन ने सुसाइड किया है। वह पिछले करीब 3 साल से मालपुरा गेट इलाके के गोवर्धन नगर में परिवार के साथ किराए पर रहता था। सचिन पास ही एक फैक्ट्री में सलाई का काम करता था। रविवार रात को खाना खाने के बाद परिवार के सदस्य घर की छत पर सोने चले गए। घर के अंदर सचिन अकेला सो रहा था। देर रात सचिन ने अपने कमरे में कपड़े का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। रात करीब 2 बजे मौसम खराब होने पर परिवार के मेंबर छत से उतरकर नीचे आए। गेट अंदर से बंद मिलने पर काफी आवाज लगाने पर भी सचिन ने कोई जबाव नहीं दिया। धक्का देकर गेट खोलने पर कमरे में सचिन फंदे से लटका मिला। सुसाइड की सूचना पर मालपुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका-मुआवना कर फंदे से शव को नीचे उतार पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस मर्ग दर्ज कर सुसाइड के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मालिक के चुराए पैसे से नौकर ने खरीदी 60 लाख की जमीन

## अलग-अलग समय में थोड़े-थोड़े निकालकर बिहार में अपने घर भेजता रहा रुपए, तीन आरोपी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर में एक नौकर ने अपने मालिक के घर से लाखों रुपए की चोरी कर ली। आरोपी नौकर अलग-अलग समय में थोड़े-थोड़े रुपए निकालकर बिहार में अपने घर भेजता रहा। बिहार में उसके पिता और दोस्त ने चोरी के रुपए से 60 लाख रुपए की दो जमीन भी खरीद ली। मामला सामने आने के बाद बनीपार्क थाना पुलिस ने नौकर, उसके पिता और उनके एक सहयोगी को झारखंड व बिहार से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि मकान मालिक व व्यापारी मनीष चंदवानी ने गत दिनों बनीपार्क पुलिस थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में उसने घर से लाखों रुपए चोरी करने का शक अपने नौकर स्वागतम कुमार पर जताया था। पुलिस ने जांच करने के बाद नौकर स्वागतम कुमार, उसके पिता सतेन्द्र दास और सहयोगी सुनील तुरी को नक्सली क्षेत्र झारखंड व बिहार से डिटेन कर जयपुर लेकर आई। यहां पूछताछ के बाद सोमवार को तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुनील तुरी मुख्य आरोपी स्वागतम कुमार को रुपए चोरी करने में सहयोग करता था। इसके बदले उसे 2 लाख रुपए मिले थे।

### व्यापारी के घर 5 साल से कर रहा था काम

आरोपी नौकर ने पूछताछ में बताया कि वह मनीष चंदवानी के घर पर 5 साल से काम कर रहा था। उनके घर पर रखे रुपए की जानकारी मुझे रहती थी। ऐसे में अलग-अलग समय पर बैग से रुपए निकालकर गांव खजूरी लेकर गया और अपने पिता सतेन्द्र दास को चोरी किए गए रुपए के बारे में बताया। साथ ही जमीन खरीदकर इन रुपए को ठिकाने लगाने की बात कही। इसके बाद पिता ने गांव में 10 कठे जमीन खरीदी, जिसकी बाजार कीमत करीब 25 लाख रुपए है।

### चोरी के पैसे से खरीदी भूमि का लिया रिकॉर्ड

वहीं, सहयोगी सतेन्द्र दास ने अपनी पत्नी के नाम पर गया बिहार के पास मुख्य रोड पर 2 कठा जमीन खरीदी। इसकी बाजार मूल्य राशि करीब 35 लाख है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी के पैसे से खरीदी गई भूमि का रिकॉर्ड प्राप्त किया। नामान्तरण अन्य किसी व्यक्ति के नहीं होने के संबंध में अनुबंधन प्रभारी अधिकारी टिकारी जिला गया बिहार व अनुमण्डल प्रभारी अधिकारी दाउद नगर जिला औरंगाबाद बिहार को पत्र जारी किए जा चुके हैं। इसकी जांच जारी है।

कोर्ट ने कहा- लोकसेवक के साथ मारपीट करना भय पैदा करने की घटना

# पुलिसकर्मियों को पीटने वाले 10 आरोपियों को 5-5 साल जेल

## 14 गवाह और 32 डॉक्यूमेंट्स किए पेश

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिले के सदर थाना इलाके में समझाइश करने पहुंचे एएसआई और 3 कांस्टेबल के साथ मारपीट के मामले में कोर्ट ने आरोपियों को 5-5 साल जेल और 10 हजार का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। आरोपियों ने समझाइश करने गए एएसआई और स्टाफ को घेरकर लाठियों से पीटा था, इसमें एएसआई का सिर फूट गया था। सरकारी वकील ने सबूत के तौर पर पुलिस अधिकारी की खून से सनी वर्दी और मारपीट में उपयोग में ली गई लाठी को भी पेश किया था। इसके बाद एससी-एसटी कोर्ट ने कोहलनाथ, बन्नानाथ, चन्द्रनाथ, ओमनाथ, भाननाथ, मंशानाथ, ठाकरनाथ, मानानाथ, लालनाथ, खमीशनाथ को 5-5 साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया है। जज ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अपना कर्तव्य निभा रहे लोकसेवक के साथ मारपीट करना भय पैदा करने की घटना है। ऐसे में आरोपियों को सुधरने का मौका देना अपराध को बढ़ावा देना होगा।



### एएसआई पर चलाई लाठियां, वर्दी फाड़ डाली

सरकारी वकील स्वरूप सिंह भदरू ने बताया कि एक आरोपी खमीशनाथ ने एएसआई के सिर पर लाठी मारी। इसके बाद फिर से लाठी से हमला किया तो एएसआई ने अपने बचाव में हाथ आगे कर दिया। आरोपियों ने एएसआई के कंधे, पीठ व शरीर पर जगह-जगह वार किए। उन्होंने एएसआई की वर्दी फाड़ दी और राजकार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। वहीं सदर थाने के कांस्टेबल लाधुराम, शैतान सिंह व ड्राइवर शक्तिदान से भी दोषियों ने मारपीट की।

### खून से सनी वर्दी और लाठी बने सबूत

वकील ने बताया कि इसके बाद पुलिसकर्मियों ने थाने पहुंचकर जान से मारने की धारा में मामला दर्ज करवाया। कोर्ट में एएसआई शंकर लाल की हमले के दौरान खून से सनी शर्ट और दोषियों द्वारा उपयोग में ली गई लाठी भी पेश की गई। 14 गवाह और 32 डॉक्युमेंट्स पेश किए गए। इसके बाद एससी-एसटी कोर्ट की मुख्य विशिष्ट न्यायाधीश डॉ. सरोज सींवर ने सजा सुनाई। एएसआई शंकर लाल वर्तमान में रामदेवरा थाने में कार्यरत हैं।

### मारने की फिराक में हथियारों से लैस होकर बैठे थे आरोपी

सरकारी वकील स्वरूप सिंह भदरू ने बताया कि 6 जून 2015 को देवनाथ नाम के युवक की शिकायत पर सदर थाने के एएसआई शंकर लाल, कांस्टेबल लाधुराम, शैतान सिंह व ड्राइवर शक्तिदान के साथ मौके पर पहुंचे थे। देवनाथ ने शिकायत में बताया था कि 11 लोग उसे जान से मारने की फिराक में कड़वासरा मार्केट से रामनगर जाने वाली सड़क पर हथियारों से लैस होकर बैठे हैं। इस पर एएसआई जाब्ते के साथ पहुंचे, समझाइश करने के दौरान दोषियों ने एएसआई शंकर लाल समेत पुलिस जाब्ते पर हमला कर दिया।

# ऑनलाइन गेम में 5 लाख हारा तो पत्नी के साथ किया सुसाइड

## साली को कॉल कर कहा- अब मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा

महानगर संवाददाता



**कोटा।** जिले के कैथून इलाके में मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते-खेलते युवक पर इतना कर्ज हो गया कि उसने पत्नी के साथ घर में सुसाइड कर लिया। सोमवार सुबह रूम का दरवाजा नहीं खुला तो बुजुर्ग पिता को चिंता हुई। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। कुछ क्षण बाद 5 साल की पोती ने अंदर से दरवाजा खोला। सामने बेटे-बहू की लाश पंखे से लटक रही थी। उधर, युवक ने सुसाइड करने से एक दिन पहले अपनी पत्नी की बड़ी बहन को कॉल कर कहा था कि ऑनलाइन गेम में 4 से 5 लाख रुपए का कर्जा हो गया है। मेरे पास मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। पत्नी की बड़ी बहन ने युवक को समझाया भी था। कहा था कि आप ऐसा-वैसा कुछ मत कर लेना। पैसों का इंतजाम किया जाएगा। सुबह खबर मिली कि दोनों ने सुसाइड कर लिया है। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि दीपक राठौर और उसकी पत्नी राजेश राठौर का शव मिला है। दोनों कैथून के खेड़ा रसूलपुर के रहने वाले थे। दीपक के पिता सत्यनारायण राठौर ने बताया कि इकलौता बेटा था। उसके अलावा दो बेटियां हैं। दीपक की शादी 6 साल पहले हुई थी। उसकी एक बेटी है। बेटे-बहू के बीच अच्छा तालमेल था। कोई झगड़ा भी नहीं था। बहू ने रविवार रात खाना बनाया था। सबकुछ ठीक था। रात को पोती और बेटे-बहू कमरे में सोने चले गए थे। मृतक के पिता सत्यनारायण ने बताया कि सोमवार सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुला। आवाज लगाई तो 5 साल की पोती ने दरवाजा खोला। अंदर जाकर देखा तो दीपक व राजेश का शव पंखे से लटक रहा था। विवाहिता के पिता ने बताया कि जमाई पहले आरसीसी का काम करते थे। बेटी के बोलने पर ही डीसीएम फैक्ट्री में काम दिलवाया था।

# मोबाइल चलाने पर डांटा तो घर से 20 हजार लेकर भागी विवाहिता

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में एक विवाहिता के घर छोड़कर भागने का मामला सामने आया है। आठ दिन पहले ही पति उसको ससुराल लेकर आया था। घर से जाते समय विवाहिता बक्से में रखे 20 हजार रुपए भी निकालकर ले गई। बगरू थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। हैड कांस्टेबल रोहिताश ने बताया कि बगरू के रहने वाले 23 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि करीब 6 महीने पहले उसकी शादी 18 वर्षीय युवती से हुई थी। शादी के बाद वह अपने पीहर में ही रह रही थी। करीब 8 दिन पहले वह अपनी पत्नी को पीहर से लेकर ससुराल आया थी। घर पर रहने के दौरान मोबाइल चलाने की बात को लेकर पति ने उसे डांट दिया था। इसके बाद पत्नी बक्से में रखे 20 हजार रुपए निकालकर बिना बताए घर से चली गई। काफी ढूंढने के बाद भी उसका पता नहीं लग सका। बगरू थाने में पीड़ित पति ने विवाहिता की गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# भाभी के प्रेम में कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर भाई की हत्या

## देवर के साथ लिव-इन में रह रही थी महिला, दोनों आरोपी गिरफ्तार

महानगर संवाददाता



कालूराम यशोदा

**जैसलमेर।** जिले के सदर थाना इलाके के भैरवा गांव में भाभी के प्रेम में छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। उसने बड़े भाई पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को खेत में फेंककर छोटा भाई फरार हो गया, जिसे उसकी भाभी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर थाना पुलिस के प्रभारी बगडू राम ने बताया कि हत्या करने वाले रिश्ते में देवर-भाभी लगते हैं।

यशोदा अपने पति हरदान राम निवासी बाड़मेर को छोड़कर पति के भाई कालूराम के साथ करीब एक साल से जैसलमेर के भैरवा गांव में ही लिव-इन में रह रही है। पुलिस के अनुसार दोनों के लिव-इन में रहने का बड़े भाई ने कई बार विरोध किया, लेकिन दोनों नहीं मानें। पति हरदान राम बाड़मेर से जैसलमेर आया तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद खेत में उसकी लाश मिली।

हरदान के भाई भंवरूराम ने यशोदा व कालूराम के खिलाफ सोमवार को हत्या का मामला दर्ज करवाया है। हरदान राम ने अपनी पहली पत्नी की मौत के बाद अपनी से आधी उम्र की लड़की यशोदा से शादी की थी। दोनों के बीच करीब 23 साल का अंतर था। शादी के बाद यशोदा से तीन बच्चे हुए। इस बीच यशोदा का हरदान राम के छोटे भाई कालूराम से अफेयर हो गया। कालूराम जैसलमेर के भैरवा गांव में खेती के काम से आ गया। उसके बाद यशोदा भी हरदान राम को छोड़कर करीब सालभर पहले कालूराम के पास जैसलमेर के भैरवा गांव आ गई थी। पुलिस के अनुसार हरदान ने पत्नी यशोदा को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो नहीं मानी।

इसके बाद हरदान ने छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि वहीं आकर दोनों को मार दूंगा। इसके बाद हरदान बाड़मेर से भैरवा गांव आया। उसकी लाश गांव के खेत में मिली, जहां कालूराम काम करता है। सदर थाना प्रभारी बगडू राम ने बताया कि मौके पर तीनों के बीच झड़प हुई, जिसमें यशोदा व कालूराम के भी चोटें आई हैं। दोनों को पकड़ लिया है। वहीं के भाई भंवरूराम ने दोनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

# होटल में रिटायर्ड एएसआई के बेटे की गोली मारकर हत्या

## हिस्ट्रीशीटरों ने साथियों के साथ घेरकर की फायरिंग, पहली मंजिल से नीचे फेंका

महानगर संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** कोतवाली इलाके के सेमलपुरा चौराहे पर देर रात रिटायर्ड एएसआई के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपने दोस्तों के साथ होटल में खाना खा रहा था। 7 गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे 25 लोगों ने होटल को घेर लिया और फायरिंग शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार निंबाहेड़ा निवासी अजयराज सिंह झाला पुत्र रिटायर्ड एएसआई शिवसिंह झाला अपने 3 दोस्तों ओमकार शर्मा, गजेंद्र सिंह चौहान व शैलेंद्र सिंह शेखावत के साथ होटल में खाना खा रहा था। इसी दौरान करीब 25 लोग 7 गाड़ियों में सवार होकर होटल पहुंचे। सभी हमलावरों ने गमछा बांध रखा था, हालांकि कुछ के चेहरे नजर आ गए थे। उन्होंने होटल को घेरकर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में अजयराज सिंह को गोली लगी और



वह नीचे गिर गया। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर झोपड़ा निवासी भैरूलाल गुर्जर व डेट निवासी डिग्गी राज सिंह ने अजय को उठाकर होटल की पहली मंजिल से नीचे खेत में फेंक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसके बाद भी गोलियां चलाई गईं और तलवार से अजय की नाक पर वार किया गया। हमलावरों ने जाते समय 2 गाड़ियां में भी आग लगा दी।

# दौसा से लापता बच्चा ट्रेन में बैठकर बाड़मेर जा पहुंचा

**दौसा (मसं)।** जिले के मेहंदीपुर बालाजी से लापता हुआ 15 साल के बच्चा शिवम प्रजापत बाड़मेर जिले के पचपदरा क्षेत्र में दूधवा स्टेशन पर मिल गया। आखिरी बार उसे बांदीकुई रेलवे जंक्शन के बाहर देखा गया था, लेकिन उसके बाद नजर नहीं आया। ऐसे में पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। थाना इंचार्ज गौरव प्रधान ने बताया कि शिवम अकेला ही जीप में बैठकर बालाजी से बांदीकुई पहुंच गया, जहां पहले वह रेलवे जंक्शन के अंदर जाता है, फिर वापस बाहर आकर आईसक्रीम खाता हुआ सीसीटीवी में देखा गया। यहां से वह शालीमार एक्सप्रेस में बैठकर बाड़मेर जिले के पचपदरा क्षेत्र में दूधवा स्टेशन पर जा उतरा, जहां एक महिला ने उसे अकेला देखकर अपने पास बैठा लिया। उसके मोबाइल से शिवम ने अपने पिता को कॉल किया और बालाजी थाना इंचार्ज से वीडियो कॉल पर बात होने के बाद बच्चों को पास के ही पुलिस थाने में बैठाया गया है। बालाजी थाने की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। बच्चे के गायब होने के बाद से ही परिजनों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। परिजन बालाजी महाराज से उसके सकुशल घर लौटने की प्रार्थना कर रहे हैं।


# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

**पाली (मसं)।** सांडेराव थाना इलाके में टोल नाके के निकट देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई और एक दोस्त घायल हो गया, जिसका उपचार जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अपने किसी दोस्त को सांडेराव छोड़कर तीनों बाइक से तखतगढ़ आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। सांडेराव थाने के एएसआई श्रवणसिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुजाना टोल नाके के निकट देर रात यह हादसा हुआ। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में तखतगढ़ निवासी 21 साल के जितेंद्र सिंह पुत्र छेलसिंह व 18 साल के कुंदन पुत्र तरूण की मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल 18 वर्षीय जिग्नेश पुत्र कालूराम कुमावत का हॉस्पिटल में उपचार जारी है। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों मृतकों की बॉडी परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि तीनों देर रात को अपने एक दोस्त को सांडेराव छोड़कर वापस तखतगढ़ आ रहे थे।

# लेपर्ड ने हमला कर बच्चे सहित 8 लोगों को किया घायल

## बुजुर्ग की आंख नोच डाली, घर में घुसकर महिला का सिर काट खाया

महानगर संवाददाता



**भीलवाड़ा।** जिले के आसींद में सोमवार को करीब 2 किलोमीटर के एरिया में लेपर्ड ने एक बच्चे सहित 8 लोगों पर अटैक किया। लेपर्ड ने बच्चे की पीठ पर गहरे जख्म कर दिए। बुजुर्ग की आंख नोच डाली। वहीं, घर में घुसकर एक महिला के सिर पर काट खाया। घायलों का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही आसींद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेपर्ड 8 लोगों पर हमला करने के बाद एक घर में घुस गया और अंदर चहलकदमी करने लगा। इस बीच वह घर के बाथरूम में घुसा तो वन विभाग की टीम ने गेट के कुंदी लगा दी। सहायक वनपाल मुन्नी चौधरी ने बताया कि राजसमंद से रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने करीब एक घंटे में लेपर्ड को ट्रैंकुलाइज कर पकड़ लिया। लेपर्ड ने नूवालिया गांव में बच्चे पर अटैक किया। नूवालिया निवासी सोनू भील ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे मेरा बेटा राजवीर खेत में बकरियां चरा रहा था। इस दौरान एक लेपर्ड अचानक झाड़ियों से निकलकर उस पर झपट पड़ा। उसकी पीठ, गर्दन सहित कई जगहों पर पंजा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेटे की चीखने की आवाज सुनकर दौड़ा। मेरे साथ मौजूद गणेश भील व सुरेश भील ने मिलकर पत्थर और लाठियों से लेपर्ड को भगाया। लहूलुहान हालत में राजवीर को बाइक पर बैठाकर फौरन आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां से हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पत्नी ने कहा मर जा तो युवक ने ससुराल में खाया जहर

## अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम, दोनों ने आठ साल पहले की थी लव मैरिज

महानगर संवाददाता



**भरतपुर।** जिले के अटल बंद थाना इलाके के बजरंग नगर में एक अकाउंटेंट ने पत्नी के सामने अपने ससुराल में जहर खा लिया। चार घंटे चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। मरने से पहले उसने कहा कि पत्नी की वजह से जहर खाया है। मैंने उसे पैकेट दिखाया और बोला कि मर रहा हूं। इस पर पत्नी ने कहा कि मर जा। युवक ने 8 साल पहले लव मैरिज की थी। तब से पति-पत्नी अपने परिवारों से अलग रह रहे थे। दोनों के 2 बच्चे हैं। करीब एक साल पहले युवक पत्नी-बच्चों के साथ माता-पिता के घर रहने आ गया था। एक महीने पहले उसकी पत्नी मायके चली गई। परिजनों का आरोप है कि बहू अपने मायके वालों के बहकावे में आ गई। बेटा जब भी मिलने जाता, वे उससे मारपीट करते। थाने के एएसआई हरीश ने बताया कि सोमवार को बजरंग नगर निवासी चंद्रपाल सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि गौरव ने 1 जून को शाम 4 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे आरबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां रात 8 बजे उसकी मौत हो गई। गौरव के पिता ने उसकी पत्नी मोना, सास मंजीत व दादा ससुर शेर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जांच जारी है। जो भी आरोपी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ससुराल वाले जान से मारने की दे रहे थे धमकी

पिता चंद्रपाल सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि बेटे गौरव सिंह ने 2017 में जवाहर नगर निवासी मोना से लव मैरिज की थी। गौरव एक प्राइवेट कंपनी में अकाउंटेंट था। मोना के परिवार वाले इस शादी से खुश नहीं थे। वह गौरव और हमारे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर प्रताड़ित करने लगे थे। इस डर के कारण गौरव मोना को लेकर भरतपुर से बाहर रहने लगा। जब गौरव और मोना के दो बच्चे हो गए तो गौरव मोना को लेकर सालभर पहले हमारे घर आ गया। इसके बाद मोना के परिजन भी हमारे घर मिलने आने लगे।

### बच्चों से मिलने नहीं देते, करते थे मारपीट

पिता चंद्रपाल ने बताया कि करीब एक महीने पहले मोना के परिजन उसे हमारे घर से ले गए। अपने घर ले जाकर उसे गौरव के खिलाफ भड़काया। जब गौरव उसे लेने गया तो मोना के परिजनों ने उसे भेजने से मना कर दिया। गौरव जब भी मोना और अपने बच्चों से मिलने जाता तो उसे मिलने नहीं दिया जाता। मोना की मां मंजीत कौर और दादा शेर सिंह गौरव से मारपीट करते। इससे गौरव मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। गौरव के ससुराल वाले उसे तरह-तरह से परेशान करने लगे।

# गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर वंदे गंगा जल संरक्षण महाअभियान का होगा आगाज

## जल स्रोतों का पूजन, जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों का होगा आयोजन

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** वंदे गंगा जल संरक्षण महाअभियान, विश्व पर्यावरण दिवस, सम्पर्क पोर्टल सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) और गंगा दशमी के अवसर पर वर्षा जल संग्रहण, जल स्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए वंदे गंगा जल संरक्षण महाअभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान 20 जून तक मनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव, पंचायत एवं शहरी क्षेत्र को इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने पर्यावरण दिवस पर रन फॉर एनवायर्नमेंट, जल स्रोतों पर पूजन, कलश यात्रा, प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण, जल संरक्षण संरचनाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ, जनजागरूकता रैलियां, जल स्रोतों की साफ-सफाई व मरम्मत, श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रमों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने सभी राजकीय संस्थाओं में वंदे गंगा जल संरक्षण महाअभियान के बैनर लगवाने एवं सार्वजनिक स्थानों पर आमजन के लिए समाजसेवी संस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जल सेवा की व्यवस्था करने, पक्षियों के लिए परिंडे बांधने एवं समाजसेवियों का सम्मान करते हुए प्रोत्साहित करने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान और हरियालो राजस्थान के तहत सभी विभागों से निर्धारित लक्ष्य भिजवाने, स्थानों का चयन कर मानसून पूर्व पौधारोपण की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने साप्ताहिक समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में ई-फाइल व ई-डाक पेंडेंसी को समाप्त करें व डिस्पोजल टाइम को कम करें।

सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि जनसुनवाई, सीएमओ प्रकरण, संपर्क पोर्टल, सीपीग्राम पोर्टल सहित किसी भी स्तर पर अनावश्यक पेंडेंसी न रहे। इसी के साथ संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में लंबित आवेदनों का निस्तारण करें। जिले में बिजली व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही बरसात के मौसम को देखते हुए जल भराव क्षेत्रों के लिए संसाधन उपलब्धता, कार्मिकों की नियुक्ति, पंप सेटों का सुचारू संचालन, मानसून से पूर्व नालों की साफ-सफाई, सभी चिकित्सा संस्थानों में मौसमी बीमारियों से संबंधित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में 11वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में संबंधित विभागों को योग दिवस का प्रचार-प्रसार कर आमजन की योगाभ्यास में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को शुरू करते हुए जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक योग का स्वस्थ जीवन के लिए महत्व का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर तक आयुर्वेद एवं संबंधित विभाग टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जन-जन तक योग का महत्व पहुंचाकर 21 जून के अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। जिला कलक्टर ने कहा कि 21 जून को जिला स्तर पर पुलिस परेड ग्राउण्ड में योग दिवस का कार्यक्रम प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# पल्लवी खीचड़ ने शूटिंग चैंपियनशिप में दिखाया दमखम, किया क्वालिफाई

**नवलगढ़ (मसं)।** डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल बलवंतपुरा की छात्रा पल्लवी खीचड़ ने शूटिंग चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाया है।



विद्यालय प्राचार्या इन्दु सोनी ने बताया कि फर्स्ट राजस्थान प्री-स्टेट राइफल एंड शूटिंग चैंपियनशिप 26 मई से 31 मई के मध्य जयपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें विद्यालय की छात्रा पल्लवी खीचड़ ने शूटिंग कोच प्रियंका जाना के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूथ कैटेगिरी में 10 मी. एयर पिस्टल में स्टेट लेवल के लिए क्वालिफाई किया है। पल्लवी खीचड़ ने 400 में से 344 अंक प्राप्त किए है। इस अवसर पर संस्था सचिव बी.एल. रणवा ने छात्रा को बधाई दी और कहा कि यह विद्यालय व जिले के लिए गर्व की बात है।

# महिलाओं के लिए हीमोग्लोबिन की जांच जरूरीः डॉ. मीनाक्षी जांगिड़



**नवलगढ (मसं)।** अलायन्स क्लब की ओर से पूर्व प्रांतपाल समाजसेवी श्रीगोपाल झुंझुनूंवाला की स्मृति में श्रीमती भगवानी देवी बासुदेव झुंझुनूंवाला ट्रस्ट के सौजन्य से बालिकाओं व महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) का 'निशुल्क 26 वां शिविर' 'शक्ति दिवस' के रूप में जांगिड़ अस्पताल मे आयोजित किया गया। शिविर में 38 रोगियों की जांच कर 37 को एक माह की निशुल्क दवाई दी गई। अतिथियों ने श्रीगोपाल झुंझुनूवाला की फोटो पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि राजस्थान प्रांत अग्रवाल समाज के अध्यक्ष समाजसेवी श्रीकांत मुरारका रहे। उन्होंने अलायन्स क्लब द्वारा एनीमिया निशुल्क शिविर की प्रशंसा की।

डॉ. मीनाक्षी जांगिड़ ने बताया कि हर महिला को खून की जांच करवानी चाहिए। लगभग आधी से ज्यादा महिलाओं मे रक्त की कमी पाई जाती है। गर्भवती महिलाओं को हर माह अपनी रक्त की जांच करवाकर हिमोग्लोबिन कम होने पर आयरन की गोलियां तथा प्रोटीन युक्त भोजन जैसे दूध, अण्डे, फल, दालें, बाजरे की रोटी व अंकुरित अनाज आदि खाने चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि सभी शिक्षण संस्थाओं के संचालको को चाहिए कि छात्रों के रक्त की जांच करवाएं। कार्यक्रम में डॉ. मनीष, डॉ. शिखरचंद जैन, प्रांतपाल रामावतार सबलानिया, पूर्व प्रांतपाल मुरली मनोहर चोबदार, जगदीश प्रसाद जांगिड़, वृक्षमित्र श्रवण कुमार जाखड़, रमाकान्त सोनी, सुनिल बियान, गंगाधर मील सहित जांगिड़ अस्पताल के स्टाफ ने सहयोग किया।

# शिक्षक आंदोलन को मिला प्रधान दिनेश सुंडा का समर्थन

## बोले - शिक्षक हित में उठी आवाज पूरी तरह जायज



**जयपुर (मसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ की ओर से छात्र और समाज हित में चलाए जा रहे आंदोलन में सोमवार को एक नई ताकत मिली, जब नवलगढ़ के प्रधान दिनेश सुंडा विद्याधर नगर, जयपुर में चल रहे धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए।

प्रधान सुंडा ने मौके पर पहुंचकर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और उनकी मांगों को पूरी तरह से न्यायसंगत बताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर शिक्षक संघ के प्रमुख नेता महावीर सिंह, उपेंद्र, याकूब, भंवर, अशोक कटेवा, नरेंद्र झाझरिया समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। आंदोलनकारी शिक्षकों ने प्रधान सुंडा के समर्थन को सराहा और कहा कि इससे आंदोलन को मजबूती मिलेगी राजस्थान शिक्षक संघ की यह पहल शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए की जा रही है। आंदोलन के माध्यम से शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## जिला कलेक्टर ली अधिकारियों की बैठक, केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा कर कहा...

# लोगों को समय पर मिले सरकारी योजनाओं का लाभः मुकुल शर्मा

महानगर संवाददाता

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक्टर शर्मा ने बैठक में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों के तहत आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के साथ ही लोगों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र गरीब व्यक्तियों को खाद्यन मिले। उन्होंने गिव अप अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीकर जिला राज्य में द्वितीय से प्रथम स्थान पर आए, इसके लिए सक्रिय प्रयास किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करवाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए बनी आवास योजना का सीधा लाभ गरीबों तक पहुंचना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जो प्रकरण पोर्टल पर दर्ज हैं, उनका उचित समाधान किया जाए।



### जल जीवन मिशन में कार्य शुरू कराने के निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जिले में कार्यों के लिए चयनित ग्राम पंचायतों, प्रस्तावित कार्यों व स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 में वाटर हार्वेस्टिंग के आवंटित लक्ष्यों में सात दिवस में प्रगति बढ़ाने तथा जल जीवन मिशन में 1185 में से 843 कार्यों के कार्यादेश जारी हो चुके हैं, जिनके कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन शहरी में आवश्यकतानुसार ब्लू, पिंक शौचालयों का निर्माण कामर्स कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों पर करवाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर करें पौधरोपण

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी अधिकारी, कार्मिकों को अभियान को मिशन मोड पर लेकर सफल बनाने के लिए अधिकाधिक संख्या में गुलर, नीम बैर, जामुन, बरगद, पीपल के पौधे लगाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग, बीएसएनएल विभाग, पीएचईडी को निर्देश दिए कि कनेक्शन के लिए खोदे गए गड्ढों को खुला नहीं छोड़े, खुदे हुए गड्ढों को शीघ्र भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई दुर्घटना नहीं हो सके। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने 5 जून से 20 जून तक आयोजित जल संग्रहण एवं जल संरक्षण अभियान, वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान, हरियालों राजस्थान, कर्म भूमि से मातृ भूमि अभियान के अन्तर्गत जल संरचनाओं के लोकार्पण एवं उद्घाटन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए करें भूमि का चयनः** जिला कलेक्टर शर्मा ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना पर चर्चा करते हुए जिले में 7 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने के लिए भूमि चिन्हित करने, दानदाताओं से भवन लेने के साथ ही, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि लू से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को नेछ्वा, नानी बीड़ के पास जल भराव की समस्या का समाधान करने एवं नगर परिषद को महात्मा ज्योतिबा फुले महिला महाविद्यालय के पास जल भराव की समस्या का निराकरण करने व सार्वजनिक निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने के निर्देश दिए। महिला अधिकारिता विभाग की लाडो प्रोत्साहन योजना, कृषि-उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को भी मिलना चाहिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, जलदाय आरके राठी, नगर परिषद आयुक्त शशीकांत शर्मा सहित बैठक से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष शेखावत का सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजीतगढ़ के प्रांगण में वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष महेन्द्रसिंह शेखावत की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। 32 वर्ष 9 माह की राजकीय सेवा देने के बाद अपने चहेते राज्यकर्मी को विदा करने जैसे समूचा अजीतगढ़ कस्बा ही उमड़ पड़ा।

प्रधानाचार्य सुमन गोठवाल व उनके साथियों के साथ-साथ विद्यार्थियों, अन्य विद्यालयों से पधारे प्रधानाचार्यो-शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों, भामाशाहों एवं आमजन की भीड़ उमड़ पड़ी। अजीतगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी सुरेश कुमार शर्मा जो स्थानान्तरित होकर जोबनेर-जयपुर चले गए हैं, उनकी भेजी ऑडियो क्लिप खासी चर्चा में रही, जिसमें उन्होंने शेखावत की जन्मकुंडली संगीतमय अंदाज में प्रस्तुत की। वयोवृद्ध शिक्षाविद् घनश्याम पारीक सहित अनेक वरिष्ठजनों ने शेखावत के कार्यों की सराहना की। वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष होने एवं निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों के नोडल अधिकारी होने की वजह से विद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी एवं आस-पास की स्कूलों के निशुल्क पाठ्य-पुस्तक प्रभारी शेखावत से जुड़े हुए थे। विद्यार्थियों एवं स्टाफ साथियों के साथ-साथ शेखावत का व्यवहार अभिभावकों से भी मैत्रीपूर्ण ही रहा। सही मायने में वे हरदम भामाशाह प्रेरक की भूमिका में रहे।

प्रधानाचार्य सुमन गोठवाल ने कहा कि शेखावत बात के धनी, कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, समय के पाबंद, अच्छे वक्ता, सहयोगी, सहिष्णु एवं सजग व्यक्ति हैं, जिन्होंने हमेशा शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षार्थी के भले की ही सोच रखी। सभी ने माल्यार्पण कर, साफा बंधवाकर, गिफ्ट देकर, अबीर-गुलाल लगाकर शेखावत को सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं, बधाईयां एवं सद्भावनाएं दी। गाजे-बाजे के साथ शेखावत को उनके गांव मूण्डरु ले जाया गया।

# निरामय राजस्थान की निरंतरता में विशेष खाद्य निरीक्षण अभियान शुरू

## श्री अन्नपूर्णा रसोइयों का किया निरीक्षण

महानगर संवाददाता

**सीकर।** 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत आमजन को सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। वहीं अब राज्य सरकार के निरामय राजस्थान अभियान की निरंतरता में विशेष अभियान शुरू किया गया। सात जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस उपलक्ष में पांच दिवसीय अभियान शुरू किया गया है, ताकि आमजन में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़े।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया ने बताया कि निरामय राजस्थान अभियान के तहत सुरक्षित और स्वच्छ आहार को बढ़ावा देने के लिए अभियान शुरू किया गया है। सुरक्षित और स्वच्छ आहार न केवल बीमारियों से बचाव करता है, बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। पौष्टिक एव अपौष्टिक आहार की अवधारणा में जंक फूड के स्थान पर श्री अन्न को शामिल करने एवं मोटे अनाज को भोजन में बढ़ावा देने के लिए अभियान के तहत आमजन को प्रेरित किया जाएगा।





साथ ही मिलावटी और खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव, खाद्य सुरक्षा के नियमों का पालन करना प्रत्येक व्यापारी की जिम्मेदारी, बाजार से खाद्य उत्पाद खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट की जांच के लिए आमजन को जागरूक किया जाएगा।

### आज सरकारी व निजी अस्पतालों की कैंटीन का होगा निरीक्षण

अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजिया द्वारा अभियान के पहले दिन दो जून सोमवार को तीन श्री अन्नपूर्णा रसोइयों का निरीक्षण किया गया। तीन जून को तीन राजकीय व निजी अस्पतालों में संचालित कैंटीन का निरीक्षण किया जाएगा। चार जून को तीन स्ट्रीट वेंडर्स, पांच जून को तीन क्षेत्रीय मॉलस के खाद्य पदार्थो, छह जून को रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड के आस-पास उपलब्ध खाद्य पदार्थों का निरीक्षण किया जाएगा। सात जून को मुख्य बाजार में लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन कर एमएफटीएल के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## बिजली-पानी से बेहाल बाड़मेर

# महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर मटकियां फोड़कर किया प्रदर्शन



महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** शहर में अघोषित बिजली और पानी की किल्लत को लेकर बाड़मेर विकास संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। महिलाओं और लोगों ने मटकियां फोड़ कर प्रदर्शन किया। सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा नेता आजाद सिंह राठौड़ ने कहा कि हमने जिला प्रशासन को ज्ञापन नहीं देकर सुझाव दिए हैं। प्रशासन से इन सुझाव पर 20 दिनों में जवाब मांगा है। वर्तमान में बाड़मेर पानी और लाइट को लेकर परेशानी बद से बदतर है।

### अघोषित कटौती से लोग परेशान

दरअसल, इन दिनों बाड़मेर में भीषण गर्मी के साथ पानी की किल्लत के साथ अघोषित लाइट से लोग परेशान हैं। आलम यह है कि शहर की कच्ची बस्तियों में 1-2 दिन अघोषित लाइट कटौती हो रही है। लोगों का कहना है कि डिस्कॉम को फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के नेता और जनप्रतिनिधि सत्ता के नशे में हैं। वहीं विपक्ष कई नजर नहीं आ रहा है।

बाड़मेर विकास संघर्ष समिति के बैनर तले युवा नेता आजाद सिंह के नेतृत्व में सोमवार को महावीर पार्क के पीछे एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में शहर और ग्रामीण से लोग आए। वहीं महिलाएं भी धरना स्थल पर पहुंची। जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने कहा कि बाड़मेर और जैसलमेर पूरे देश को लाइट सप्लाई दे रहा है, लेकिन बाड़मेर के लोगों को लाइट नहीं मिल रही है। दिया तले धरने वाली बात हो रही है। धरना स्थल से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट के आगे पहुंचे। वहां पर सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गेट के आगे महिलाओं और पुरुषों ने खाली मटकियां फोड़ी। इस दौरान लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिला।

### कलेक्टर को ज्ञापन न देकर दिए सुझाव


आजाद सिंह ने बताया कि हमने जिला प्रशासन को ज्ञापन नहीं दिया है। उनको पानी और लाइट को लेकर जो संसाधन हैं, उनके सद्धुपयोग से कैसे राहत पहुंचाई जा सके, इसको लेकर प्रशासन को सुझाव दिया है। वहीं प्रशासन से इन सुझावों पर 20 दिन में जवाब मांगा है। कलेक्टर ने हमें आश्वस्त किया है कि जल्द पानी और बिजली को लेकर राहत पहुंचाई जाएगी।

# जैसलमेर में जहां जमीन से फूटी थी जलधारा, वहां होगा रिसर्च

## 'डेनमार्क' सरकार के एक्सपर्ट्स की ली जाएगी मदद

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** विलुप्त सरस्वती नदी के अस्तित्व को तलाशने के लिए सरकार पूरी तरह जुट गई है। उन इलाकों में भी सर्वे होगा, जहां कुछ माह पहले जमीन से पानी की धार फूटी थी। जैसलमेर इसमें मुख्य रूप से फोकस पर है। अन्य क्षेत्रों में भी पैलियो चैनल (प्राचीन नदी का मार्ग) को खोजने का काम होगा। इसके लिए भी डेनमार्क सरकार के एक्सपर्ट्स और केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) का सहयोग लिया जाएगा।



जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों का मानना है कि सरस्वती नदी का मार्ग कहीं न कहीं खिसका है और जिन भी इलाकों में जलधारा फूटी है, वहां नदी के चैनल के होने की संभावना है। क्योंकि, दूसरी कोई बड़ी नदी इन इलाकों के आस-पास से नहीं बही। जमीन में से इतना पानी भी तभी निकल सकता है, जब किसी बड़ी नदी का प्रवाह हो रहा हो। हालांकि, अनुसंधान के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### विभाग तैयार करेगा डीपीआर

जैसलमेर में पानी के प्रवाह का पता लगाने और तीन बड़े बांधों में पानी की ज्यादा आवक लाने के मकसद से काम होगा। विभाग स्टडी के लिए डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करेगा। इसमें मुख्य रूप से गढ़ीसर, बड़ाबाग और अमरसागर, मूलसागर बांध है। इन बांधों में स्वच्छ पानी की आवक कैसे बढ़े, इसके लिए क्या तरीके अपना सकते है, जिससे पानी की आवक बढ़ती है।

### डेनमार्क की मुख्य भूमिका

राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट ग्लोबल समिट में भी जल संसाधन विभाग और डेनमार्क दूतावास के बीच एमओयू हो चुका है। डेनमार्क के एक्सपर्ट सरस्वती पुराप्रवाह (पेलियो चैनल्स) के पुनरुद्धार पर सहयोग करेंगे। दूतावास ने केंद्रीय और राज्य भू-जल विभाग को शामिल करने के लिए कहा है।

### ऐसे बनेगी कार्य योजना

- सरस्वती नदी के पुनरुद्धार के लिए रणनीति तैयार करने में संबंधित सभी विभाग, एजेंसी मिलकर काम करेंगी।
- अंतर-बेसिन जल हस्तांतरण संभावनाओं की खोज। संभावित पैलियो-चैनलों की पहचान की जाएगी।
- रिमोट सेंसिंग और जीआइएस प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विस्तृत भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया जाएगा।
- विस्तृत अध्ययन और पुनरुद्धार से जुड़ी प्लानिंग के लिए डीपीआर तैयार होगी।

(पिछले दिनों जयपुर के बिरला विज्ञान अनुसंधान संस्थान में हुई हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की बैठक में यह तय किया गया)

## 'बच्चों में नैतिक मूल्यों-धार्मिक संस्कारों की नींव डालना अत्यंत आवश्यक'



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में बच्चों में नैतिक मूल्यों एवं धार्मिक संस्कारों की नींव डालना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए श्री वर्धमान स्थानकवासी श्रावक संस्था, महावीर भवन, मानसरोवर एवं श्री जैन रत्न युवक परिषद, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 17 मई से 1 जून तक धार्मिक एवं नैतिक संस्कार शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के माध्यम से बच्चों में आत्मअनुशासन, संयम, अहिंसा, क्षमा, करुणा, सत्य एवं अपरिग्रह जैसे मूल्यों का बीजारोपण किया गया।

युवा प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए 'नन्हीं चिड़िया का घोंसला' जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे उनका आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल विकसित हुआ।

## गायत्री जयंती की पूर्व संध्या पर सामूहिक जप कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** छोटीकाशी में गायत्री जयंती पांच जून को भक्तिभाव से मनाई जाएगी। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, किरण पथ मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ सहित सभी प्रज्ञा केन्द्रों पर गायत्री महायज्ञ, पर्व पूजन, संस्कार महोत्सव सहित अनेक आयोजन होंगे। जयंती की पूर्व संध्या पर 4 जून को सुबह छह से शाम पांच बजे तक अखंड गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान किया जाएगा। शाम साढ़े पांच बजे आरती के बाद शाम 6 बजे दीपयज्ञ होगा। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि पांच जून को सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ होगा। इसके साथ दीक्षा, यज्ञोपवीत सहित अनेक संस्कार कराए जाएंगे।

## राहगीरों को पिलाया शीतल पेय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ज्येष्ठ माह में राहगीरों को ठंडा शर्बत, मिल्क रोज और शीतल



पेय पिलाने का सिलसिला जारी है। बाइस गोदाम नंदपुरी में प्रेम किचन वेयर और कमल आर्ट सेनेटरी की ओर से राहगीरों को शीतल पेय पिलाया गया। गोविंद सैनी ने बताया कि कविता, प्रेम प्रकाश एवं अन्य ने सेवाएं दी। इस मौके पर श्याम प्रभु का दरबार भी सजाया गया।

## मेयो एलुमनाई नेटवर्किंग ईवनिंग का आयोजन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मेयो एलुमनाई एसोसिएशन के जयपुर चैप्टर की ओर से शहर में पूर्व छात्रों के लिए एक नेटवर्किंग शाम का आयोजन किया गया। शहर के मॉर्डन एशियन रेस्टोरेंट 'नूबा' में आयोजित इस आयोजन में आर्किटेक्ट्स और डिजाइनर्स शामिल हुए। सभी छात्र जयपुर में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल डिजिाइन कॉन्क्लेव (आईआईडीसी) में भाग लेने शहर में पहुंचे हैं। यह आयोजन मेयो एलुमनाई एसोसिएशन की मासिक गैट-टुगेदर पहल का एक हिस्सा था। इस शाम को साफा बांधने की प्रतियोगिता और डीजे म्यूजिक ने और भी मनोरंजक बना दिया। इस दौरान पूर्व छात्रों ने गपशप और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए अपने अनुभव एवं पुरानी स्मृतियां साझा की। इस अवसर पर मेयो कॉलेज ओल्ड बॉय सोसायटी के अध्यक्ष, कर्नल भवानी सिंह, महाराज विजित सिंह, मेयो एलुमनाई, जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष, जगदीप सिंह और सचिव पृथ्वी सिंह भी मौजूद रहे।

# ग्रह गोचर: सूर्य-गुरु की युति से बनेगा गुरु आदित्य राजयोग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जून माह की शुरुआत हो चुकी है, जो धार्मिक और ज्योतिष दोनों ही दृष्टि से खास है। इस माह जहां गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी मनाई जाएगी, वहीं ग्रहों के राजा सूर्य भी राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य 15 जून को वृषभ राशि से अपनी यात्रा को विराम देते हुए मिथुन में प्रवेश करेंगे। हालांकि मिथुन में पहले से ही देव गुरु बृहस्पति मौजूद हैं। ऐसे में दोनों ग्रहों की युति होगी, जो गुरु आदित्य राजयोग का निर्माण करेगी। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस योग के प्रभाव से कुछ राशियों को विशेष



लाभ की प्राप्ति हो सकती है और उन्हें करियर, बिजनेस और निवेश में शुभ समाचार मिलने की उम्मीद है।

- **मिथुन राशि:**
  सूर्य का राशि परिवर्तन मिथुन राशि वालों के लिए खास है। आपकी आध्यात्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। व्यापार वृद्धि होगी। नए लोगों से जुड़े संपर्क भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। आत्मविश्वास बढ़ने से कार्य मनचाहे तरीके से पूरे होंगे। आप सामाजिक रूप से अधिक सक्रिय होंगे। कमाई के कई नए मौके भी आ सकते हैं। जो लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें शुभ समाचार मिलेगा।
- **सिंह राशि:**
  सिंह राशि वालों के लिए यह समय कई अवसर लेकर आया है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। सूर्य गोचर से आप के लिए धन लाभ के योग भी बन रहे हैं। लक्ष्य पाने में कामयाबी मिलेगी। जो लोग नौकरीपेशा है उनको नई नौकरी के बेहतर अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। बिजनेस की शुरुआत के लिए समय शुभ रहेगा। सिंह राशि वालों के प्रेम जीवन में भी मधुरता आएगी।
- **धनु राशि:**
  धनु राशि वालों को अधूरे कार्यों में सफलता मिलने की उम्मीद है। धन-लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता-पिता या वरिष्ठों से सहयोग प्राप्त होगा। सूर्य के प्रभाव से समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। संतान संबंधी परेशानियां दूर होंगी। ऑफिस में आपको लोगों का सहयोग मिलेगा। आप भविष्य को लेकर निर्णय लेने में सफल होंगे।

# प्लास्टिक खाने से साठ फीसदी निराश्रित गोवंश की अकाल मौत

## राष्ट्रीय आपदा बता प्रधानमंत्री से की हस्तक्षेप की मांग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** देश के शहरी क्षेत्रों में अनुमानित 2.5 लाख से अधिक निराश्रित गायें सड़कों पर भटक रही हैं। जयपुर में निराश्रित गोवंश की संख्या करीब 15 हजार है। इनमें से अधिकांश प्लास्टिक युक्त कचरा खाने को मजबूर हैं। गौ माता के पाचन तंत्र में प्लास्टिक जमा होने से आंतरिक रुकावट, संक्रमण और कैंसर जैसे रोग हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार 60 प्रतिशत से अधिक निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक सेवन है। इस आशय की जानकारी टोंक रोड सांगानेर स्थित वैदिक वन औषधि पादप केन्द्र पर आयोजित अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद की राष्ट्रीय बैठक में दी गई।

बैठक में देश के 22 राज्यों से गौशाला संचालक, पर्यावरण विशेषज्ञ, गौ अनुसंधानकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। देशभर से आए प्रतिनिधियों ने गौ माता की मृत्यु और पर्यावरण तबाही के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने की घोषणा की। आंदोलन की अगुवाई जयपुर करेगा। कांति लाल मारू, राजकमल चक्रपाणि, कविता खट्टर, आशीष श्रीवास्तव, बबीता बिरला, दीपांशु वाधवा, देवेन वर्मा, श्लोक अग्रवाल, हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने गौ माता के संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभाव, पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस उपायों पर विचार साझा किए। प्लास्टिक से गौ माता अकाल मौत का शिकार हो रही है। इससे जुड़े आंकड़े और तथ्य देश के सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और आर्थिक ढांचे पर गहरा आघात दर्शाते हैं।



### हर साल हो रहा हजारों करोड़ का नुकसान

वक्ताओं ने कहा कि प्लास्टिक सेवन से गौ-आधारित कृषि और डेयरी उद्योग को प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है, क्योंकि गायों की औसत आयु और उत्पादकता में कमी आ रही है। प्लास्टिक कचरा न केवल गायों के लिए घातक है, बल्कि मिट्टी, जलस्रोतों वायु को भी प्रदूषित कर रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य संकट गहरा रहा है। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने सर्वेक्षण के आंकड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचा दिए हैं। प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय संकट के समाधान के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### प्लास्टिक मुक्त भारत अब समय की मांग

परिषद का मानना है कि गौ माता भारत की आत्मा है। यदि भारत को बचाना है, उसकी मिट्टी, संस्कृति और भावी पीढ़ियों को संरक्षित करना है तो प्लास्टिक मुक्त भारत अब समय की मांग है। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने देशभर से आए प्रतिनिधियों के साथ मिलकर संकल्प लिया कि वह गौ माता के संरक्षण, पर्यावरण शुद्धिकरण और भारत की सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। परिषद ने देशवासियों से आह्वान किया कि वे प्लास्टिक के उपयोग को त्यागें और गौ माता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यह केवल गायों की रक्षा का सवाल नहीं है, यह भारत की आत्मा, मिट्टी और भविष्य को बचाने की लड़ाई है। हम सरकार और जनता के साथ मिलकर इस संकट का सामना करेंगे।

### ये हैं प्रमुख मांगें

1. सिंगल यूज प्लास्टिक पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए।
2. प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए सख्त कानून हो।
3. शहरी गौ अभयारण्य की स्थापना की जाए।
4. जैविक और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता और कर छूट दी जाए।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत के नारों से आरंभ हुई सिंधू दर्शन यात्रा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पवित्र नदियों के तट पर आयोजित होने वाले मेले और महोत्सव हमारे मेल मिलाप का माध्यम तो होते ही हैं साथ ही ये हमारी सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता को भी मजबूत करते हैं। यह बात सनातन धर्म सभा, जम्मू कश्मीर के प्रांतीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जम्मू कश्मीर प्रांत के पूर्व प्रान्त कार्यवाह पुरुषोत्तम दधीचि ने भारतीय सिन्धू सभा द्वारा आयोजित सिन्धू दर्शन यात्रा-02025 के शुभारंभ अवसर पर कही।

जम्मू के गुम्मट चौक से यात्रियों को रवाना करने से पूर्व उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन किया और नारियल फोड़कर यात्रियों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारतीय सिन्धू सभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश वाधवानी ने कहा कि यह यात्रा राष्ट्रीय गौरव तथा स्वाभिमान का प्रतीक है और जिस पवित्र उद्देश्य के साथ इसे आरंभ किया गया था, उस उद्देश्य की पूर्ति में यह वर्ष प्रतिवर्ष निरन्तर सफल हो रही है।

राष्ट्रीय संयोजक सुरेन्द्र लछवानी ने बताया यात्रा के शुभारंभ पर यात्रियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत तथा भारत माता की जय के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। यात्रा का समापन 12 जून को होगा। इसके पूर्व 6 जून को लेह-लद्दाख स्थित पवित्र सिन्धू तट पर मुख्य आयोजन होगा। इस दौरान भारतीय सिन्धू सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश लखवानी, सिन्धू दर्शन यात्रा विभाग के राष्ट्रीय संयोजक सुरेन्द्र लछवानी, भारतीय सिन्धू सभा मध्यप्रदेश की युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज पंजवानी, महाराष्ट्र के प्रदेश मंत्री दिनेश दोदानी, कांति पटेल, नमोश तलरेजा, कैलाश खत्री, राजू बालानी, मूलचंद बसंतानी, कमलेश सचदेव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जैन मंदिरों में ग्रीष्मकालीन शिक्षण शिविरों का समापन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर के तत्वावधान में राजधानी के 51 जैन मंदिरों में ग्रीष्मकालीन शिक्षण शिविरों का समापन हुआ। शिविरों में सांगानेर संस्थान के स्नातक विद्वानों, संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की युवा विदुषियों के साथ स्थानीय समाज की विद्वत एवं विदुषी वर्ग ने धार्मिक कक्षाएं लेकर जैन धर्म का प्रचार-प्रसार किया। शिविरों का समापन समारोह श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के विद्या-सुधा सभा मण्डप सभागार में हुआ। समापन समारोह में जैन समाज के विभिन्न मंदिरों के अध्यक्ष, मंत्री, शिविर संयोजक तथा विद्वानों के साथ-साथ शिविरार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। शिविर के दौरान शिविरार्थियों को विभिन्न धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन कराया गया। अध्ययन के बाद परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त शिविरार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी विषयों में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले 12 महानुभावों को रतनलाल बैनाड़ा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार तथा 12 मंदिरों को श्रेष्ठ मंदिर का पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता सुधांशु कासलीवाल, ऋतु कासलीवाल ने की। मुख्य अतिथि नंदकिशोर-शान्तादेवी पहाड़िया रहे। दीप प्रज्जवलन विवेक काला और आशा काला ने किया। विशिष्ट अतिथि स्वाति नेकीवाला, शांति कुमार सौगानी, रचना जैन, सपना सरावगी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सुशीला पाटनी, डॉ. शीतल चन्द जैन, शांति कुमार जैन, प्रमोद पहाड़िया, सुरेश कासलीवाल, उत्तम चन्द पाटनी, संयुक्त मंत्री दर्शन जैन बस्सी वाले, विनोद छाबड़ा, दिनेश गंगवाल, विजय पहाड़िया, मोहित राणा, बालिका संस्थान की अधिष्ठात्री शीला जैन डोड्या तथा प्रबंध समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिल्वेश्वर महादेव मंदिर का पाटोत्सव कल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्राम सेवक समाज नाहरी का नाका शास्त्रीनगर स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर में 4 जून को शिव परिवार और राम दरबार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शिव परिवार और राम दरबार की प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया जाएगा। अभिषेक-श्रृंगार कर फूलों की मनमोहक झांकी सजाई जाएगी। इसके बाद संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा होंगे। अध्यक्ष कैलाश चंद सैनी और महामंत्री नवल किशोर ने बताया कि शाम 7 बजे से प्रसादी होगी।

## स्वर्णा सिंह ने प्राप्त किए 96.67 प्रतिशत अंक

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** महात्मा गांधी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल गांधीनगर की छात्रा स्वर्णा सिंह ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में 600 में से 580 अंक लाकर 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। स्वर्णा सिंह ने 8 से 10 घंटे पढ़ाई की और सरकारी स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ कुछ समय के लिए कोचिंग भी ली थी। वह आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहती है।

## सांगानेर गोशाला में संकीर्तन गायों को खिलाया खरबूजा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला में श्री मन्न नारायण संकीर्तन का आयोजन किया। गायों को शीतलता पहुंचाने के लिए खरबूजा और मतीरा खिलाए गए। देवकी नारायण सर्राफ, सत्यनारायण सर्राफ और सुरेश सर्राफ ने भक्तों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

## घूमंतु समाज के बच्चे आज वाटर पार्क में करेंगे मस्ती

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घूमंतु जाति उत्थान न्यास के घूमंतु जाति कार्य के अखिल भारतीय प्रमुख दुर्गादास की उपस्थिति में देश में पहली बार जयपुर के घूमंतु समाज के सैकड़ों बच्चों के लिए तीन जून को बाल मेला आयोजित किया जाएगा। घूमंतु जाति उत्थान न्यास के जयपुर महानगर संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि बच्चों को विभिन्न बस्तियों से बसों द्वारा सीकर रोड स्थित वाटर पार्क में ले जाया जाएगा। वाटर पार्क में घूमंतु समाज के सैकड़ों बच्चे मौज मस्ती करेंगे। उनके जीवन में ऐसा आयोजन पहली बार होगा। पार्क में मौज मस्ती के साथ मनोरंजन के लिए अन्य कई गतिविधियां आयोजित कराई जाएंगी। बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

शर्मा ने बताया कि घूमंतु समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए घूमंतु जाति उत्थान न्यास चिकित्सा, शिक्षा, धर्म आस्था, दस्तावेज बनाने जैसे कई कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

# नशे से पथ भ्रष्ट हो रहे हैं युवा : डॉ. जोशी

## मानसरोवर में व्यसन मुक्ति सेमिनार संपन्न

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मनाए जा रहे नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत किरण पथ मानसरोवर स्थित गायत्री वेदना निवारण केन्द्र पर व्यसन मुक्ति सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक केदार शर्मा ने बताया कि सेमिनार में बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों और नागरिकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि स्थानीय पार्षद आशीष शर्मा रहे। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता बृजेश रावत ने दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया। सेमिनार का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल, ट्रस्टी सतीश भाटी, वेदना निवारण केन्द्र के व्यवस्थापक आरडी गुप्ता, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर पाटीदार, महिला संगठन संयोजक गायत्री कचोलिया ने वैदिक मंत्र के साथ दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जोशी ने तंबाकू एवं शराब के सेवन से मानव जीवन में होने वाले दुष्प्रभाव एवं बीमारियों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि नशे से आज के युवा पथ भ्रष्ट हो रहे हैं। कम समय में ही अवसाद में आकर अपना जीवन समाप्त कर रहे हैं। इस प्रकार के सेमिनार आयोजन करने से युवाओं को उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा जिससे वे नशे से दूर रहकर अपने जीवन को समुन्नत बना सकते है। डेंटल एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष एवं गायत्री परिवार राजस्थान के ट्रस्टी डॉ. प्रशांत भारद्वाज ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए संकल्प करवाया। सेमिनार में उपस्थित युवाओं के लिए नशा मुक्ति प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सही उत्तर बताने वाले युवाओं को गायत्री परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ता ललिता शर्मा ने पुरस्कार वितरित किए गए। शांति पाठ के साथ सेमिनार का समापन हुआ।



### घूमंतु बस्ती में दिया नशा मुक्ति का संदेश

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में गायत्री परिवार प्रताप नगर की ओर से सीतापुरा की घूमंतु बनजारा बस्ती में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



गायत्री परिवार प्रताप नगर की रेणु भट्ट ने बताया कि घूमंतु बंजारा बस्ती के लोगों को नशामुक्ति की तख्तियों पर स्लोगन और गीत से प्रेरणा देकर तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, शराब का नशा न करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के बिजेन्द्र कुमार शर्मा, परमिंदर सिंह, मोती लाल शर्मा सहित घूमंतु जाति उत्थान न्यास द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्र के बच्चों, संस्कार केन्द्र की अध्यापिका शिवानी सहित अनेक महिलाएं भी उपस्थित रहीं। अनेक लोगों ने गुटखा न खाने का संकल्प भी लिया। बस्ती के ही डगलाराम ने पूरी बस्ती को नशे से दूर रखने का संकल्प लिया।

## निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

महानगर सवाददाता

**जयपुर।** सोड़ाला विकास समिति की ओर से सोमवार को निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार डेनवाल ने बताया कि नगर निगम हेरिटेज वार्ड नम्बर 47 पुराने तेजाजी मंदिर के पास आयोजित शिविर में करीब सौ से अधिक लोगों ने इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर मरीजों को होम्योपैथिक इलाज देने के साथ दवा भी दी गई। साथ ही योग के द्वारा बीमारियों से निजात पाने का तरीका भी बताया गया। शिविर में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एनसी पंवार एवं उनकी टीम ने रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. एनसी पंवार एवं उनकी टीम का नगर निगम हेरिटेज वार्ड नम्बर 47 की वार्ड पार्षद रेखा राठौड़ ने माला पहनाकर स्वागत किया। शिविर में प्रियंका पंवार, अर्चना भार्गव, काजल सैनी, स्थानीय स्वयंसेवकों और समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।



# बातचीत नहीं अब कार्रवाई चाहिए

## पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों को भारत की सीधी चेतावनी

**आतंकवाद** को शह और संरक्षण देने के मसले पर पाकिस्तान की भूमिका जगजाहिर रही है। हैरानी की बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार आतंकियों के वित्त पोषण के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा किया गया है, लेकिन उस पर कभी का असर नहीं पड़ा। उल्टे जब भी मौका मिला, पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों को हर स्तर पर खाद-पानी मुहैया कराया और खासतौर पर भारत के खिलाफ उनका इस्तेमाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहलगाम में आतंकी हमला उसकी कुत्सित मंशा की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस लोगों की जान चली गई। वह घटना एक तरह से भारत के धीरज की हद को चुनौती देने जैसी थी, जिसके बाद भारत ने इसका संयमित, लेकिन उचित प्रतिकार किया। पाकिस्तान की सीमा के भीतर स्थित कई आतंकी ठिकानों पर भारत ने हमला किया और बहुत सारे आतंकियों को मार गिराया। इस सबके बावजूद पाकिस्तानी ठिकानों से आज भी कई कुख्यात आतंकवादी चेहरे और संगठन बिना किसी बाधा के अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। इस हकीकत के समांतर पाकिस्तान किस आधार पर भारत के साथ संवाद और इसके जरिए किसी समस्या के हल की उम्मीद कर रहा है। गौरतलब है कि पहलगाम में आतंकी हमले के प्रतिकार में भारत ने जब जवाबी कार्रवाई की और उसमें



भारत को बड़ी कामयाबी मिली, तो उसके बाद पाकिस्तान के सामने यह लाचारी खड़ी हो गई कि वह संवाद की ओर कदम बढ़ाए। इसलिए पिछले कुछ दिनों से वह भारत के सामने बार-बार बातचीत की पेशकश कर रहा है। सवाल है कि एक ओर आतंक को संरक्षण और दूसरी ओर संवाद का सहारा जैसे दोहरे पैमानों के साथ पाकिस्तान किस तरह खुद को उचित ठहराने की कोशिश कर रहा है। इसलिए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वाभाविक ही यह दो टूक संदेश दिया है कि अगर पाकिस्तान द्विपक्षीय वार्ता के लिए सचमुच गंभीर है तो पहले उसे संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित आतंकवादियों- हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंप देना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को यह सलाह भी दी है कि अपने हित में वह अपनी धरती से जारी आतंकवाद को खुद ही उखाड़ फेंके। विडंबना यह है कि वैश्विक आतंकवाद के पोषण का एक गढ़ बन चुके पाकिस्तान के बारे में संयुक्त राष्ट्र से लेकर दुनिया के तमाम देश समझते हैं और समय-समय पर उसे आतंकी मकड़जाल से निकलने की सलाह देते रहे हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि अन्य देशों और खासतौर पर भारत को आतंकवाद के सहारे परेशान करने वाला पाकिस्तान कई बार खुद भी आतंकी हमलों की त्रासदी झेलता है, लेकिन आतंकियों को संरक्षण देने और बचाने से बाज क्यों नहीं आता। अफसोस की बात है कि इन आतंकियों के अलावा कई ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने हजारों करोड़ रुपए के घोटाले किए और भाग कर दूसरे देशों में शरण लिया हुआ है। आतंकवाद के साथ-साथ अन्य आर्थिक भगोड़ों की वजह से भारत को होने वाले नुकसान की सिर्फ निंदा करने के बजाय उन्हें वापस लाना और कानून के कठघरे में खड़ा करना वक्त का तकाजा है। ऐसे में अगर देश के रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को आईना दिखाया है तो यह एक बेहतर प्रतिक्रिया है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि अब सख्त संदेश या चुनौती की भाषा में सिर्फ संवाद करने के बजाए पाकिस्तान में पनाह पाए और पल रहे कुख्यात आतंकियों को भारत लाने के लिए कार्रवाई के स्तर पर भी ठोस पहल हो। इसी कड़ी में रक्षा परियोजनाओं में देरी पर भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह की चिंता और सवाल वाजिब हैं। दोतरफा मोर्चे पर जूझ रही सेना के आधुनिकीकरण में तेजी लाने की जरूरत है। इसके लिए केवल विदेशी सौदों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता, मेक इन इंडिया प्रॉजेक्ट के तहत भी उत्पादन बढ़ाना होगा। एयरफोर्स चीफ की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब भारत ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को हवाई क्षमता का प्रदर्शन कर ध्वस्त किया था। इसी टकराव ने यह भी दिखाया कि जंग में लड़ाकू विमानों की भूमिका कितनी अहम हो चुकी है। भारत के सामने दो फ्रंट खुले हुए हैं- पाकिस्तान और चीन और चिंता की बात यह है कि जो चीन के पास है, वह किसी न किसी तरह पाकिस्तान के पास पहुंच ही जाता है। हालिया टकराव में ही उसने तुर्किये के ड्रोन और चीन के लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं अपने जासूसी तंत्र को भी भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए चीन ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्दे के पीछे से पूरा षड्यंत्र रचा जिसके पूरे सुबूत अब सामने आ चुके हैं। इसी बीच अपना सैन्य सामान पाक को उपलब्ध करवाने वाली ताजा रिपोर्ट भी भारत के लिए चिंता बढ़ाने वाली है कि चीन अपने जे -35 स्टेल्थ फाइटर जेट भी पाकिस्तान को देने जा रहा है। सरकार ने 5वीं पीढ़ी के स्टेल्थ फाइटर जेट के निर्माण को मंजूरी तो दी है, पर अगर उम्मीद पूरी हुई तो भी इनको बनने में 10 साल लग जाएंगे। भारतीय वायु सेना के पास 42.5 स्क्वाड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए, लेकिन हैं केवल 30। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अभी तक स्वदेशी तेजस मार्क - 1 ए की डिलिवरी नहीं कर पाया है। इसकी वजह से वायु सेना की रक्षा तैयारियों पर असर पड़ रहा है। एयर चीफ पहले भी यह मुद्दा उठा चुके हैं। भारत ने हाल में 'मेक इन इंडिया' पर दम लगाया है। 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन इस प्रॉजेक्ट के तहत हुआ साथ ही देश ने 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का डिफेंस एक्सपोर्ट किया। 100 से अधिक मुल्कों ने भारत से रक्षा उपकरण और हथियार खरीदे हैं। एक दशक में करीब 30 गुना की तेजी आई है। भारत को आने वाले वक्त में अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। साथ ही, जिस तरह से चीन ने अपनी सेना का आधुनिकीकरण किया है, भारत को भी उस राह पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके लिए डिफेंस प्रॉडक्शन को फास्ट ट्रैक करने की जरूरत है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

> **वैश्विक आतंकवाद के पोषण का एक गढ़ बन चुके पाकिस्तान के बारे में संयुक्त राष्ट्र से लेकर दुनिया के तमाम देश समझते हैं और समय-समय पर उसे आतंकी मकड़जाल से निकलने की सलाह देते रहे हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि अन्य देशों और खासतौर पर भारत को आतंकवाद के सहारे परेशान करने वाला पाकिस्तान कई बार खुद भी आतंकी हमलों की त्रासदी झेलता है, लेकिन आतंकियों को संरक्षण देने और बचाने से बाज क्यों नहीं आता। सवाल है कि एक ओर आतंक को संरक्षण और दूसरी ओर संवाद का सहारा जैसे दोहरे पैमानों के साथ पाकिस्तान किस तरह खुद को उचित ठहराने की कोशिश कर रहा है!**

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**देश** में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए।

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च, 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है।

देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आई।

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 रह गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।

वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को




न्यूट्रलाइज किया जा चुका है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई है। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है।

वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलिपैड बनाए गए हैं।

नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानी कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए।

पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है।

केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इससे पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा कि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए। जमीनी लड़ाई में जीत केवल आधी सफलता है, अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खत्म करने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है उम्मीद है कि वो 2026 में समस्या के स्थाई समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ीं होगी।

# इस देश को एक नहीं दर्जनों वाल्मीक थापर चाहिए

**विवेक शुक्ला**

**बाघ** मित्र वाल्मीक थापर के निधन से भारत और दुनिया ने बाघों का एक सच्चा मित्र खो दिया है। अगर भारत में प्रोजेक्ट टाइगर परियोजना सफल हो पाई, तो इसका श्रेय निश्चित रूप से वाल्मीक थापर को भी देना होगा। उन्हें 2005 में टाइगर टास्क फोर्स में नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने बाघ संरक्षण की रणनीतियों को मजबूत करने में बड़ा योगदान दिया। यह उन्हीं के प्रयासों और योगदान का फल था कि देश में 2018 से 2022 के दौरान बाघों की आबादी में 200 की बढ़ोत्तरी हुई। सच कहा जाए, तो बाघ संरक्षण की वाल्मीक थापर की मुहिम ने देश में एक आंदोलन का रूप में लिया था।

वाल्मीक थापर जाने-माने परिवार से थे। वह चोटी के चिंतक और 'सेमिनार' पत्रिका के संपादक स्वर्गीय रोमेश थापर और राज थापर के पुत्र थे। उनकी शादी शशि कपूर की पुत्री संजना कपूर से हुई थी। इन दोनों का एक बेटा है हमीर। वाल्मीक थापर और संजना कपूर को नजदीक से जानने वाले जानते हैं कि इन दोनों को करीब लाने में जंगल और जंगली जानवर प्रेम की बड़ी भूमिका रही थी। चर्चित इतिहासकार डॉ. रोमिला थापर वाल्मीक थापर की बुआ हैं।

वाल्मीक थापर की गिनती दुनिया के सबसे सम्मानित वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट के रूप में होती थी। उन्होंने जिस तरह की लड़ाई लड़ी, उसके बिना बाघ को बचाना कठिन था। उन्होंने खासकर राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को बचाने के लिए ठोस कार्य किया। उनके कामों में लेखन, वन्यजीव फिल्म निर्माण और नीति निर्माण शामिल था। वाल्मीक थापर ने अपना पूरा जीवन बाघों को बचाने और उनके संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने रणथंभौर नेशनल पार्क को बाघ संरक्षण का एक प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाघों का अवैध शिकार रोकने के लिए उन्होंने सख्त कानूनों और नीतियों की वकालत की और बाघों के प्राकृतिक आवास को मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त रखने पर जोर दिया, ताकि उनकी आबादी को संरक्षित किया जा सके। उनके प्रयासों से यह पार्क भारत में बाघ संरक्षण का एक मॉडल बन




गया। वाल्मीक थापर 150 से अधिक सरकारी समितियों और टास्क फोर्स का हिस्सा रहे, जिनमें नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ भी शामिल था। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं।

वाल्मीक थापर ने भारत में अफ्रीकी चीतों को लाने वाले प्रोजेक्ट चीता की आलोचना की थी। उनका मानना था कि भारत में चीतों के लिए उपयुक्त आवास, शिकार या विशेषज्ञता की कमी है, जिस कारण यह परियोजना दीर्घकालिक रूप से सफल नहीं हो सकती। उन्होंने बाघों और भारतीय वन्यजीवों पर 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं और संपादित कीं, जो उनके अनुभवों और शोध का निचोड़ हैं। वाल्मीक थापर की 'द लास्ट टाइगर' किताब को भारत में बाघों के विलुप्त होने के कारणों पर लिखी सबसे बेहतर पुस्तक माना जाता है। अपनी पुस्तक, 'लैंड ऑफ द टाइगर: ए नेचुरल हिस्ट्री ऑफ द इंडियन सबकांटिनेंट' में उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को बहुत विस्तार से पेश किया है। प्रकृति प्रेमियों और संरक्षणवादियों के बीच यह पुस्तक काफी लोकप्रिय रही।

उनकी अन्य किताबों में बाघों के व्यवहार, उनके आवास और संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर गहन विश्लेषण शामिल हैं। उनकी लेखन शैली वैज्ञानिक दृष्टिकोण और कथात्मक शैली का मिश्रण है, जो सामान्य पाठकों और विशेषज्ञों, दोनों को आकर्षित करती है। वन्यजीवों पर उन्होंने कई प्रभावशाली फिल्में और डॉक्यूमेंटरीज बनाईं, जो भारतीय वन्यजीवों की सुंदरता और उनके सामने मौजूद खतरों को उजागर करती हैं। बीबीसी के लिए बनाई गई उनकी 'लैंड ऑफ द टाइगर' डॉक्यूमेंटरी सीरीज में भारतीय उपमहाद्वीप की जैव-विविधता को दिखाया गया है। इस सीरीज ने विश्व स्तर पर भारतीय वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वन्यजीवों पर केंद्रित कई अन्य फिल्मों में भी उन्होंने योगदान दिया, जो न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक मंच पर वन्यजीव संरक्षण के मुद्दों को उठाने में सहायक रहीं।

वाल्मीक थापर ने अपनी पुस्तकों, फिल्मों और सार्वजनिक व्याख्यानों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाई। उनकी रचनाओं ने न केवल भारत में, बल्कि विश्व भर में लोगों को प्रेरित किया। वाल्मीक थापर अपना काम सुर्खियों से दूर रहकर करना पसंद करते थे। उनसे बात करके लगता था कि वह अपने मिशन को लेकर कितने गंभीर थे। उनके निधन से बाघों को बचाने की मुहिम को धक्का लगा है। भारत को दर्जनों वाल्मीक थापर चाहिए। तभी हमारे यहां जंगल और जंगली जानवर बच पाएंगे।

## राशिफल

**आज दिनांक 3 जून, 2025, मंगलवार, विक्रम संवत् 2082, ज्येष्ठ माह, शुक्ल पक्ष अष्टमी, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, विष्टी करण, हर्षण योग, राहुकाल: अपराह्न 3:45 से 5.25 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5:44 बजे, सूर्यास्त सायं 7:05 बजे, चंद्रोदय दोपहर 12.31 बजे, चंद्रास्त रात 1:10 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:58 बजे से 12:51 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:08 से 4:56 बजे तक, चंद्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आया है। शोध या नवाचार से जुड़े जातकों को नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। आपकी प्रतिभा और योग्यता को पहचान मिलेगी। नई जानकारियों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रेम विवाह में आ रही बाधाएं दूर हो सकती हैं। आकस्मिक यात्रा के योग हैं।




आज काम और जिम्मेदारियों से दूर भागना ठीक नहीं होगा। ऊर्जा में थोड़ी कमी रह सकती है, लेकिन संयम रखें। अनावश्यक तनाव से दूरी बनाएं। वरिष्ठों की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी, हालांकि अधिकारियों का भरोसा थोड़ा कमजोर पड़ सकता है।




परिवार के दूरस्थ सदस्यों से गंभीर बातचीत हो सकती है। नौकरी के इच्छुक लोगों को इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं की अनदेखी न करें। प्रेमी से संवाद आपके मन को हल्का करेगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। किसी परिचित से आर्थिक लाभ हो सकता है।




नई संपत्ति खरीदने का विचार बन सकता है। आप अपने कामों में व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन में उत्साह बना रहेगा। व्यापार में तेजी आएगी और महत्वपूर्ण मीटिंग्स में भागीदारी संभव है।




कोई प्रभावशाली व्यक्ति आपको प्रेरणा देगा। अपने प्रयासों में कमी न आने दें, क्योंकि आपकी राय दूसरों को प्रभावित करेगी। सकारात्मक सोच बनाए रखें। अविवाहित महिलाएं विवाह को लेकर चिंतित रह सकती हैं। आप पिछले कुछ समय से अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाह रहे हैं, आज उन सब कामों के लिए बहुत अच्छा है।




निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। टीमवर्क से उलझे कामों में सफलता मिलेगी। मार्केटिंग पर फोकस बढ़ाएं। करियर में ऊंचाई की ओर कदम बढ़ेगा। अनिश्चितता के बादल एक सप्ताह में छंट जाएंगे। किसी परिजन या अंतरंग दोस्त का साथ मिलेगा।




आज उधार लेने से बचें। कार्यस्थल पर आपकी पकड़ थोड़ी कमजोर हो सकती है। कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। सेहत को नजरअंदाज न करें, खासकर पेट की समस्याओं से सावधान रहें। आज का दिन बहुत व्यस्त रहेगा। बहुत सारे काम कतार में हैं।




वैवाहिक जीवन में सामंजस्य और सुख बना रहेगा। संतान के भविष्य से जुड़ी चिंता दूर होगी। अनुभव का लाभ मिलेगा और व्यवसाय में नया प्रयोग करने का अवसर मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। किसी बात को लेकर परिजनों से मनमुटाव हो सकता है।




आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपके हिस्से आ सकती हैं। आज सभी कार्य अपेक्षा के अनुसार पूरे होंगे। विदेश यात्रा की अड़चन दूर हो सकती है। प्राइवेट सेक्टर में पदोन्नति के योग हैं।




अपना कार्य दूसरों पर न छोड़ें। छिपे हुए विरोधी आपकी भावनाओं का लाभ उठा सकते हैं। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए, खासकर कमजोरी और पोषण की कमी से। कार्यक्षेत्र में अचानक बदलाव हो सकता है।




दाम्पत्य जीवन में प्रेम और रोमांस की मिठास बनी रहेगी। पूर्व प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। सामाजिक आयोजनों में भाग लेने से मान-सम्मान बढ़ेगा। संवाद में आप प्रभावशाली रहेंगे।




आज दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल न दें। कानूनी समस्याओं से राहत मिल सकती है। नकारात्मक संगति से दूरी बनाए रखें। आध्यात्मिक विचारों से दृष्टिकोण में बदलाव आएगा। हाई ब्लड प्रेशर के मरीज तनाव से बचें। आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए इच्छाशक्ति,अनुशासन और एकाग्रता से काम लेना होगा।

## बुराई का अंत हर हाल में होता है

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** सांप को एक बाज आसमान पर लेकर उड़ रहा था। अचानक पंजे से सांप छूट गया और कुएं में गिर गया बाज ने बहुत कोशिश की अखिर थक हार कर चला गया। सांप ने देखा कुएं में बड़े- बड़े मेंढक मौजूद थे। पहले तो वह डरा फिर एक सूखे चबूतरे पर जा बैठा और मेंढकों के प्रधान को खोजने लगा।

आखिरकार उसने एक मेंढक को बुलाया और कहा मैं सांप हूं मेरा जहर तुम सबको पानी में मार देगा। ऐसा करो रोज एक मेंढक तुम मेरे पास भेजा करो, वह मेरी सेवा करेगा और तुम सब बहुत आराम से रह सकते हो। पर याद रखना एक मेंढक रोज आना चाहिए। एक एक कर के सारे मेंढक सांप खा गया।

जब अकेला प्रधान मेंढक बचा तब सांप चबूतरे से उतर कर पानी में आया और बोला प्रधान जी आज आपकी बारी है। प्रधान मेंढक ने कहा मेरे साथ विश्वासघात? सांप बोला- जो अपनों के साथ विश्वासघात करता है उसका यही अंजाम होता है।

फिर उसने प्रधान जी को गटक लिया। कुछ देर के बाद सांप आहिस्ता आहिस्ता कुएं के ऊपर आकर चबूतरे पर लेट गया। तभी एक बाज ने आकर सांप को दबोच लिया और बोला पहचान सांप मुझे मैं वही बाज हूं जिसके बच्चे तूने पिछले साल खा लिए थे। और जब तुझे पकड़ कर ले जा रहा था तब तू मेरे पंजे से छूट कर कुएं में जा गिरा था। तब से मैं रोज तेरी हरकत पर नजर रखता था। आज तू सारे मेंढक खाकर काफी मोटा हो गया। मेरे बच्चे फिर से बड़े हो रहे है वह तुझे जिंदा नोच नोच कर अपने भाई बहनों का बदला लेंगे।

फिर बाज सांप को लेकर उड़ गया अपने घोंसले की तरफ।

**शिक्षा:-** बुराई एक दिन हार जाती है वह चाहे कितनी भी ताकतवर हो!

## सुडोकु 2128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | 6 | | 2 | |
| 5 | | | 4 | | 1 | 3 | | |
| 6 | 1 | | 7 | 5 | | | | 9 |
| | | | | 4 | | | | 2 |
| | | | | 7 | 5 | | | |
| 1 | | | | | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | | 3 |
| 4 | | | 9 | 3 | | | | 7 |
| | | | 5 | | | | 4 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2127 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
YouTube



# आईपीएल को इस बार मिलेगा नया चैंपियन



**स्थानः नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद**
**समयः सायं साढ़े 7 बजे से**

महानगर संवाददाता

**अहमदाबाद।** कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में पंजाब किंग्स ने क्वालिफायर-2 में पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराकर 11 साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में जगह बना ली है। पंजाब किंग्स ने आखिरी बार 2014 में आईपीएल फाइनल खेला था और उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल के इतिहास में (कुल 18 सीजन) यह सिर्फ दूसरा मौका है, जब पंजाब की टीम प्लेऑफ और फाइनल में पहुंची है। अब खिताबी मुकाबले में 3 जून को शाम साढ़े 7 बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स की भिड़ंत रजत पाटीदार की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगी।

इस बार इंडियन प्रीमियर लीग को एक नया चैंपियन मिलेगा, क्योंकि पंजाब किंग्स और आरसीबी दोनों को अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यूं तो 10वीं बार आईपीएल प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन उसे कभी खिताबी जीत नसीब नहीं हुई। यह चौथा मौका है, जब आरसीबी की टीम आईपीएल का फाइनल खेलेगी। इससे पहले 2009, 2011 और 2016 में उसे फाइनल में क्रमशः डेक्कन चार्जर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। मॉडर्न डे क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली अपने आईपीएल कॅरियर की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ जुड़े हैं और उन्हें भी पहली आईपीएल ट्रॉफी का इंतजार है। आरसीबी ने 29 मई को खेले गए क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की थी।

### बारिश हुई तो क्या होगा?

3 जून को अहमदाबाद का मौसम खराब रह सकता है। रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो उस दिन बारिश की संभावना 50 प्रतिशत है। अगर मैच बारिश के कारण रद्द होता है, तो उस दिन हमें कोई चैंपियन नहीं मिलेगा, क्योंकि इसके लिए रिजर्व डे रखा गया है, यानी फिर यह मुकाबला 4 जून को उसी मैदान पर खेला जाएगा। हालांकि, अधिकारियों की कोशिश यही होगी कि हमें 3 जून को ही चैंपियन मिल जाए।

### हेड टू हेड रिकॉर्ड

दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो आरसीबी और पीबीकेएस ने आईपीएल में 36 मैचों में एक दूसरे का सामना किया है। इन 36 मैचों में दोनों टीमों का पलड़ा बराबरी का रहा है। आरसीबी और पंजाब किंग्स दोनों ने 18-18 मुकाबले जीते हैं, तो देखना दिलचस्प होगा कि फाइनल में कौन चैंपियन बनेगा।

## आरसीबी-पंजाब में खिताबी टक्कर आज

### पंजाब के 5 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, जिन पर रहेगा जीत का दारोमदार



**श्रेयस अय्यर**

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर शानदार लय में चल रहे हैं। उन्होंने दूसरे क्वालिफायर में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 87 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 8 छक्के जड़े। अय्यर इस सीजन गजब की फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अब तक 16 मैचों में 54.82 की औसत से 603 रन ठोके हैं।

**जोश इंग्लिस**

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस को पंजाब किंग्स ने 2.60 करोड़ में खरीदा था। इंग्लिस अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने दूसरे क्वालिफायर में भी 38 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने अब तक इस सीजन में 10 मैच में 239 रन बनाए हैं।

**अर्शदीप सिंह**

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी अच्छी लय में चल रहे हैं और वह आरसीबी को परेशान कर सकते हैं। अब तक उन्होंने 16 मैचों में आईपीएल 2025 में 18 विकेट झटके हैं।

**मार्कस स्टोयनिस**

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर मार्कस स्टोयनिस भी आरसीबी के लिए फाइनल में काल बन सकते हैं। स्टोयनिस गेंद और बल्ले से कमाल कर सकते हैं। उन्होंने अब तक इस सीजन 12 मैचों में 154 रन बनाए हैं और एकमात्र विकेट लिया है।

**नेहल वढेरा**

24 साल के युवा ऑलराउंडर नेहल वढेरा ने भी शानदा प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।



### आरसीबी के 5 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, जो टीम को दिलाएंगे खिताब



**विराट कोहली**

आरसीबी के सबसे बड़े मैच विनर विराट कोहली ने इस सीजन जितने भी रन बनाए हैं, उसमें से 90% रन उनके टीम की जीत में आए हैं। आरसीबी 10 मुकाबले जीत चुकी हैं, जिसमें से 7 में विराट ने अर्धशतकीय पारी खेली है। वे अब तक 614 रन बना चुके हैं।

**जोश हेजलवुड**

आरसीबी के 17 साल का सपना जो खिलाड़ी पूरा कर सकता है, वो हैं जोश हेजलवुड। हेजलवुड बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। पूरे टूर्नामेंट के साथ-साथ उन्होंने क्वालिफायर-1 में भी एक मैच विनिंग स्पेल डाला है। हेजलवुड अब तक 11 मैच खेले हैं और 21 विकेट चटका चुके हैं।

**रजत पाटीदार**

आरसीबी के मैच विनर कप्तान रजत पाटीदार मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजी की जान हैं। क्वालिफायर-1 में खेलने के बाद फाइनल खेलने के लिए फिट हैं। वे 14 मैच में 286 रन बना चुके हैं।

**फिल सॉल्ट**

आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने जिस तरह से अब तक टीम को शुरुआत दी है, उसको देखते हुए फाइनल में उनसे इसी तरह की शुरुआत की दरकार होगी। फिल सॉल्ट अब तक 12 मैच में 387 रन बना चुके हैं।

**क्रुणाल पांड्या**

क्वालीफायर-1 में भले ही क्रुणाल पांड्या का प्रभाव देखने को नहीं मिला, लेकिन यह खिलाड़ी फाइनल में अहम साबित हो सकता है। क्रुणाल 14 मैच में 15 विकेट लेने के साथ ही 105 रन बना चुके हैं।

## नॉर्वे चेस टूर्नामेंटः गुकेश ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश (वर्ल्ड नंबर-5) ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट के छठे राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। यह गुकेश की क्लासिकल चेस में कार्लसन के खिलाफ पहली जीत है। इस जीत के साथ 19 साल के गुकेश नॉर्वे शतरंज 2025 की पॉइंट्स टेबल में 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फाबियानो कारुआना 9.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। हार के बाद कार्लसन ने गुस्से में चेस बोर्ड पर मुक्का मारा, जिससे मोहरे बिखर गए। हालांकि बाद उन्होंने गुकेश से माफी मांगी और उनकी पीठ भी थपथपाई। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात नहीं की और चले गए।

## हार्दिक पर 30 लाख, अय्यर पर लगा 24 लाख का जुर्माना

### धीमी ओवर गति के लिए लगाया फाइन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के क्वालिफायर-2 में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से धूल चटाई और आईपीएल 2025 फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में पहुंचने के बावजूद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बीसीसीआई ने जुर्माना ठोका। अय्यर ही नहीं, बल्कि एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर भी बीसीसीआई ने फाइन लगाया। यह जुर्माना नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में खेले गए क्वालिफायर-2 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण लगाया गया है।

गौरतलब है कि ये पंजाब का सीजन का दूसरा धीमा ओवर गति का अपराध रहा, जिसके चलते कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया। साथ ही, प्लेइंग इलेवन के खिलाड़ी और इम्पैक्ट प्लेयर में शामिल सभी खिलाड़ियों पर 6 लाख रुपए या



उनकी मैच फीस का 25 फीसदी, जो भी कम हो, उसका जुर्माना लगाया गया।

वहीं, दूसरी तरफ हार के साथ ही मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2025 से सफर समाप्त हुआ। इस हार के साथ ही मुंबई की टीम का दर्द खत्म नहीं हुआ। स्लो ओवर रेट का मुंबई इंडियंस के लिए यह सीजन का तीसरा अपराध था। इस कारण हार्दिक पांड्या पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। टीम के बाकी खिलाड़ियों पर भी 12 लाख रुपए या उनकी मैच फीस का 50 फीसदी जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया। ये दोनों जुर्माने आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित नियमों के उल्लंघन के लिए लगाए गए थे।

## पाली जिला टीम की ओपन चयन ट्रायल 4 व 5 को

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की ओर से 4 व 5 जून को पाली जिला सीनियर कॉल्विन शील्ड टीम की ओपन चयन ट्रायल आयोजित की जाएगी। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी के अनुसार आरसीए के तत्वाधान में 7 जून से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पाली जिला क्रिकेट संघ टीम के चयन के लिए आरसीए द्वारा ओपन चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।
**स्थानः** शुचये क्रिकेट एकेडमी, जनता कॉलोनी, विजय आदर्श स्कूल के पास
**दिनांकः** 4-5 जून (सुबह 7 बजे)
**चयनकर्ताः** विलास जोशी व जाकिर हुसैन, पर्यवेक्षकः सुशील जैन
आरसीए ने सुनील बंसल को पाली जिला कॉल्विन शील्ड टीम के लिए आरसीए द्वारा आयोजित होने वाली चयन ट्रायल के कार्यों, व्यवस्थाओं व आरसीए ऑफिशियल्स के सहयोग के लिए कॉ-आर्डिनेटर नियुक्त किया है।

### 'मुझे लगा मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए बोझ...' ...इमोशनल बयान हो गया वायरल

## ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे से लिया संन्यास

### 2027 विश्व कप से पहले फैसला लेकर चौंकाया

विशेष संवाददाता

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने 2 जून को वनडे इंटरनेशनल (ओडीआई) क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 35 साल के मैक्सवेल ने अपने 13 साल के वनडे कॅरियर को अलविदा कह दिया। उनके इस अचानक रिटायरमेंट के फैसले से हर कोई हैरान है। उन्होंने अपने संन्यास की वजह भी बताई है।

दरअसल, ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे में 25 अगस्त 2012 को डेब्यू किया था। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शारजाह




**ग्लेन मैक्सवेल का वनडे करियर**

| | |
|---|---|
| मैच | 149 |
| रन | 3990 |
| 50/100 | 23/4 |
| सर्वश्रेष्ठ स्कोर | 201* |
| स्ट्राइक रेट | 126.70 |
| विकेट | 77 |
| इकोनॉमी | 5.46 |

में पहला वनडे मैच खेला था, जिसमें उनके बल्ले से महज 2 रन निकले थे। वहीं, उन्होंने अपने वनडे क्रिकेट का आखिरी मैच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में खेला था। उस मैच में मैक्सवेल 7 रन बनाकर अक्षर पटेल का शिकार बने थे। अब ग्लेन मैक्सवेल ने अपने 13 साल के वनडे कॅरियर को अलविदा कह दिया है। उन्होंने अपने वनडे से संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि वह अब टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। खासकर 2026 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप को देखते हुए।

मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 वनडे विश्व कप विजेता टीमों का अहम हिस्सा थे। उनकी 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 201* रनों की ऐतिहासिक पारी को कभी भूला नहीं जाएगा।

उन्होंने द फाइनल वर्ड पॉडकास्ट में कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि अगर मुझे लगता है कि मैं अपनी टीम के लिए बराबर योगदान दे रहा हूं, तो मैं कभी भी वनडे से अलग नहीं होता, लेकिन मैं स्वार्थी कारणों से खेलना नहीं चाहता था।' उन्होंने बताया कि वनडे क्रिकेट की शारीरिक मांगें, खासकर उनकी पैर की चोट के कारण, उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रही थीं। मैक्सवेल को लगा कि वह 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक शायद नहीं टिक पाएंगे और यही वजह है कि उन्होंने वनडे से संन्यास का एलान किया।

# प्रदेश समाचार

## जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

महानगर संवाददाता

**भानपुर कलां।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानपुर कलां एवं टीकमपुर में विधायक महेंद्र पाल मीणा ने कक्षा कक्ष निर्माण, भवन मरम्मत एवं अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का आयोजन उच्च राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानपुर कलां में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय राजकीय विद्यालयों के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विधायक द्वारा साफा एवं माला पहनकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य लालाराम मीणा ने बताया कि समसा के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानपुर कलां को विद्यालय भवन के प्रमुख मरम्मत कार्यों के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीकमपुरा के कक्षा कक्षा

**विधायक से ग्रामीण ने हैंडबॉल ग्राउंड की रखी मुख्य मांग**



के निर्माण के लिए विधायकों कोष से 6 लाख रुपए का बजट मिला है। विधायक के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानपुर कलां के मरम्मत कार्यों एवं स्थानीय पीईईओ क्षेत्र के ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीकमपुरा में कक्षा कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास कर शुभारंभ किया।

ग्रामीणों ने विधायक महेंद्र पाल मीणा को कहा कि पूरे जमवारामगढ़ विधानसभा में सबसे ज्यादा शारीरिक शिक्षक हैंडबॉल गेम से हैं। हैंडबॉल गेम से हमारे कस्बे के आस-पास के क्षेत्र के हर साल कम से कम 30 से 40 खिलाड़ी स्टेट खेलते हैं और भारतीय टीम में भी भानपुर कलां के रविंद्र पाल सैनी ने अपना प्रदर्शन भारतीय टीम में किया है। भानपुर कलां की जनता की हैंडबॉल ग्राउंड मुख्य मांग रही। इस अवसर पर भानपुर कलां ग्राम पंचायत के सरपंच जगदीश नारायण बाडीवाल, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीकमपुर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल खटाना, नंदलाल गुर्जर, सुरेश पंवार, श्यामसुंदर शर्मा, हीरालाल, उषा शर्मा, गोपाल मीणा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


## रंजना सोनी स्वर्णकार महासभा की महिला जिलाध्यक्ष मनोनीत

महानगर संवाददाता




**झुंझुनूं।** महिला सशक्तीकरण व सामाजिक कार्यों में सहयोग निभाने वाली रंजना पत्नी सुशील कुमार मंडावरा को महिला जिलाध्यक्ष झुंझुनूं पद पर मनोनीत किया गया है। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामस्वरूप कड़ेल व महासचिव सत्यप्रकाश मौसुण की अनुशंसा व राजस्थान प्रदेश महिला मंडल अध्यक्षा किरण जवड़ा की सहमति से यह नियुक्ति दी गई है। इस उपलब्धि पर राकेश कड़ेल, बाबूलाल नारनोली, सांवरमल डांवर, प्रभुदयाल छापरवाल, दिनेश कुमार नारनोली, गुढ़ागौड़जी अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, फतेहपुर शेखावाटी अध्यक्ष भींवराज सहदेवड़ा, श्रीराम भामा, ओमप्रकाश भामा, नरेश कुमार नारनोली, समंदर सिंह कचेरा, राजेंद्र कुमार सुनालिया रघुनाथपुरा, रामावतार सोनी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## वन्य जीव प्रेमियों के निधन पर केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने दी श्रद्धांजलि



**जैसलमेर (महानगर संवाददाता)।** गत दिनों जैसलमेर के लाठी थानाक्षेत्र में हिरण के रिस्क्यू में जा रहे चार व्यक्तियों की सड़क हादसे मे निधन पर सोमवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत लाठी भादरिया पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मिलकर सांत्वना प्रकट की तथा ढाढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विगत दिनों हिरण को शिकार से बचाने जा रहे वन्यजीव प्रेमियों के सड़क दुर्घटना में देहावसान ने मुझे झकझोर दिया था। सोमवार को शेखावत ने जोधपुर से जैसलमेर-पोकरण के ग्राम धोलिया जाकर राधेश्याम पैमानी एवं श्याम फौजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों का दुख बांटने का प्रयास किया। वहीं ग्राम भादरिया जाकर कंवराज सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके परिवारवालों को ढाढस बंधाया। वन्य जीवों को सुरक्षित रखना भी हमारी संस्कृति में है। इस अवसर पर जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व सांसद जसवंतसिंह विश्नोई, फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, जैसलमेर जिला प्रमुख प्रताप सिंह, पूर्व विधायक सांग सिंह, सांकड़ा प्रधान भगवत सिंह, मनीष पुरोहित और सुनीता भाटी भी साथ रहे।

## जिलाध्यक्ष सैनी, चौधरी, ढुकिया प्रदेश कार्यशाला में हुए शामिल



**झुन्झुनूं (महानगर संवाददाता)।** केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर भाजपा के प्रदेश व्यापी संकल्प से सिद्धि तक अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी जयपुर में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए।

भाजपा जिला प्रवक्ता कमल कान्त शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में जिलाध्यक्ष के अलावा संकल्प से सिद्धि तक अभियान के जिला संयोजक पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, जिला सह संयोजक के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया, मुरली मनोहर शर्मा व इंद्राज सैनी ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने केन्द्र सरकार के सफलतम 11 वर्ष की उपलब्धियों व जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही राज्य की डबल इंजन सरकार योजनाओं व उपलब्धता के बारे में भी बताया।

आतंकवाद पर विदेशी दौरे के डेलिगेशन में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा- क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है?

# 'भारत दुनिया में आतंक के खिलाफ संदेश दे रहा और देश में हो रही राजनीति'

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को एक्स पोस्ट में लिखा कि जब भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, जो दुखद है। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है? सलमान के बयान को उनकी पार्टी और विपक्ष के नेताओं के बयान के खिलाफ देखा जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी खुद की तारीफ करना बंद करें। उन्हें दुश्मन पर ध्यान देना चाहिए।

सलमान खुर्शीद जनता दल यू सांसद झा के नेतृत्व वाले उस डेलिगेशन में शामिल हैं, जो ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेशी दौरे पर हैं। उनका डेलिगेशन अभी तक इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर चुका है। फिलहाल मलेशिया में है। डेलिगेशन का मलेशिया दौरा बाकी है, इसमें भाजपा सांसद बृज लाल, प्रदान बरुआ, हेमंग जोशी और अपराजिता सारंगी, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी, सीपीआईएम सांसद जॉन ब्रिटास और राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं।

**खड़गे ने कहा था- ऑपरेशन सिंदूर पर खुद की तारीफ के बजाय दुश्मन पर फोकस करें पीएम मोदी**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को नसीहत दी थी। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खुद की तारीफ करने की जगह दुश्मन पर फोकस करना चाहिए। उनके अलावा कोई भी ऐसा नहीं कर सकता है। वहीं, कांग्रेस ने सैन्य और विदेश नीति पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार से संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के सिंगापुर में दिए इंटरव्यू के बाद यह मांग की गई। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सरकार सभी दलों और राष्ट्र को विश्वास में ले। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करें। पीएम या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को यह बताना चाहिए था कि जनरल चौहान ने सिंगापुर में क्या कहा है।



**'विविधता के साथ एकता भी दिखाता है ऑल पार्टी डेलिगेशन'**

सलमान खुर्शीद ने मलेशिया के कुआलालंपुर में कहा था कि भारत का ऑल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं। हम जो संदेश लेकर आए हैं, वह एकता का संदेश है। हम कई पार्टियों से हैं। हम भारत के कई क्षेत्रों से हैं। हम भारत के कई धर्मों से हैं। उन्होंने कहा था कि अगर आप देखना चाहते हैं कि जब राष्ट्र और अपनी मातृभूमि की बात आती है तो आप कैसे एक साथ आते हैं और कैसे एक स्वर में बोलते हैं, यही दिखाने के लिए हम यहां आए हैं और यही वह चीज है, जिसे हम प्रतिबद्धता से और अपने दिल की गहराई से महसूस करते हैं। यही वजह है कि हम आपके सामने यह तस्वीर पेश करने के लिए यहां एक साथ आए हैं।

**रोजमर्रा की राजनीति से परे राष्ट्र की सेवा में हुए एकजुट**

सलमान खुर्शीद ने कहा था कि भारत में होने वाली रोजमर्रा की राजनीति से परे सभी राजनेता मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए एकजुट होते हैं। और कई मायनों में जब हम आप सभी को मातृभूमि से जुड़े हुए देखते हैं तो इस बारे में एक बात यह है कि हम यहां एक मुद्दे पर एकजुट हैं। उन्होंने कहा था कि भारत से जो भी समाचार आपको मिलते हैं, आप भारत में हर दिन होने वाली घटनाओं से प्राप्त करते हैं। वह भारत के रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा है, भारत के रोजमर्रा के जीवन की राजनीति है, लेकिन जब हम राष्ट्र की सेवा करने के लिए आते हैं तो हम उस राजनीति से ऊपर उठ जाते हैं। खुर्शीद ने कहा था कि जब सैनिक सीमाओं की रक्षा के लिए जाते हैं, तब भी उनकी एक ही भावना होती है- भारत माता की रक्षा करना।

## जेईई-एडवांस्ड में एलन जयपुर के 38 स्टूडेंट्स ने टॉप 2000 में बनाई जगह

**आर्यमन देव की ऑल इंडिया 93वीं रैंक**



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड-2025 का परिणाम जारी कर दिया गया है। परिणाम में इस बार भी एलन जयपुर के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन जयपुर के सेंटर हेड सचिन सिंह ने बताया कि एलन के टॉप-200 में 3, टॉप-500 में 7, टॉप-1000 में 19 और टॉप-2000 में 38 स्टूडेंट्स ने आल इंडिया रैंक्स प्राप्त की है। सचिन सिंह ने बताया कि एलन जयपुर के आर्यमन देव वर्मा ने आल इंडिया रैंक 93 प्राप्त की है। रचित गोयल ने आल इंडिया रैंक 138, लक्ष्य आर्य ने आल इंडिया रैंक 186 प्राप्त की है।

**सेल्फ कॉन्फिडेंस मजबूत रखो- वर्मा:** आर्यमन देव वर्मा पिछले चार वर्षों से एलन के क्लासरूम विद्यार्थी है। आर्यमनदेव वर्मा ने बताया कि जेईई की तैयारी के लिए एलन सबसे बेस्ट है। मैं रोजाना 8 से 10 घंटे सेल्फ स्टडी करता हूं। टेस्ट में मार्क्स कम आने पर कभी हताश हुआ। एनालिसिस करता था, कहां इम्प्रूवमेंट की जरूरत है, उस पर फोकस करता था और अगले टेस्ट में अच्छे मार्क्स लेकर आता था।

## साल के आखिर में तीन चरणों में हो सकते हैं बिहार विधानसभा चुनाव

मतदान की तारीखों में दिवाली और छठ पर्व का रखा जाएगा ध्यान

**22 नवंबर को खत्म हो रहा नीतीश सरकार का कार्यकाल**

महानगर संवाददाता

**पटना।** इस साल के आखिर में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। सूत्रों की माने तो बिहार में चुनाव 3 चरण में हो सकते हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग की डेट में दिवाली और छठ पर्व का ध्यान रखा जाएगा। साल 2020 का विधानसभा चुनाव भी 3 फेज में हुआ था। चुनाव आयोग की टीम इसी महीने बिहार जाएगी। हालांकि, अभी तारीख तय नहीं है। नीतीश कुमार का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 तक है।

ऐसे में संभावना है कि सितंबर से अक्टूबर के बीच आचार संहिता लग जाएगी। माना ये भी जा रहा है कि सितंबर के आखिरी हफ्ते से चुनाव की शुरुआत हो सकती है, जो पूरे अक्टूबर तक चलेगी। अक्टूबर में तीन बड़े त्योहार हैं, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव तीन चरणों में कराए जा सकते हैं। नवंबर के पहले हफ्ते में नतीजे आ सकते हैं।

**एनडीए ने 2020 में जीती थीं सबसे ज्यादा सीटें**

साल 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें एनडीए ने 125 सीटें हासिल की थीं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। आरजेडी 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। इसके बाद भाजपा ने 74 सीटें जीतीं। मुख्यमंत्री उम्मीदवार नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने तीसरी सबसे ज्यादा 49 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 19 सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी। तीनों वामपंथी दलों ने मिलकर 16 सीटें जीतीं।



**इस बार भी एनडीए में नीतीश ही सीएम फेस**

इस बार 2025 के चुनाव में एनडीए में नीतीश कुमार ही सीएम फेस हैं। हालांकि, 2005 से ही नीतीश कुमार एनडीए के सीएम फेस हैं। 2015 में महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा थे। 2017 में नीतीश फिर एनडीए में आए, 2020 में चौथी बार एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा बने। पिछले 20 साल से राज्य में नीतीश की पार्टी सत्ता में है। इस बार भी भाजपा नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कह रही है।

**महागठबंधन में सीएम फेस पर अभी सहमति नहीं**

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ने का संकेत दिया है। महागठबंधन में अभी सीएम फेस को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। कहा जा रहा है कि तेजस्वी महागठबंधन का नेतृत्व कर सकते हैं, लेकिन कांग्रेस इसका कई बार खंडन भी कर चुकी है। प्रशांत किशोर की पार्टी भी इस बार चुनाव मैदान में है, इससे नए समीकरण भी बन सकते हैं।

**इस बार चुनाव के 3 बड़े मुद्दे**

2025 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के सामने 3 बड़े मुद्दे होंगे, जिसे लेकर विपक्ष के नेता उन्हें घेर सकते हैं।

**बेरोजगारी :** आरजेडी बेरोजगारी के मुद्दे को लगातार उठा रही है। तेजस्वी यादव अपने हर सभा में अपने 17 महीने के काम को गिनाते आ रहे हैं। उनका दावा है कि वे जब सरकार में थे तो उन्होंने 17 महीने में 17 लाख नौकरी दी। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी तेजस्वी ने बेरोजगारी को ही मुद्दा बनाया था। कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान तेजस्वी ने बिहार लौटे प्रवासियों से बिहार में ही रोजगार देने का दावा पेश किया था।

**लॉ-एंड-ऑर्डर :** बिहार में बढ़ते क्राइम पर भी विपक्ष का फोकस होगा। इसे लेकर तेजस्वी हर दिन नीतीश सरकार को घेर भी रहे हैं। चुनाव के दौरान भी बिहार में लॉ एंड ऑर्डर और इस को लेकर वे सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे।

**विकास :** जेडीयू और भाजपा जहां पिछली केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से किए गए कामों को गिना रही है। वहीं, राजद पिछले 20 साल में किए विकास के दावों को लगातार चुनौती दे रहा है।

## अनफिट परिचालक से रूट पर ड्यूटी कराने के आदेश पर रोक, मांगा जवाब

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सेवा के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होकर अनफिट हुए रोडवेज परिचालक से लाइट ड्यूटी की बजाए रूट पर काम कराने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में रोडवेज एमडी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश ममता की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता करौली बस स्टैंड पर बुकिंग की लाइट ड्यूटी दी गई थी। वहीं हाल ही में याचिकाकर्ता का ड्यूटी से जाते समय एक्सीडेंट हो गया था और उसकी पटेला बोन टूट गई थी। इस पर याचिकाकर्ता ने मेडिकल बोर्ड से प्रमाण पत्र बनवाकर रोडवेज प्रशासन को पेश किया। मेडिकल प्रमाण पत्र में उसे लाइट ड्यूटी देने की सिफारिश की गई थी। इसके बावजूद भी मुख्य प्रबंधक ने उसकी बस स्टैंड से ड्यूटी हटाकर रूट पर लगा दी। जबकि उसकी मेडिकल कंडीशन ऐसी नहीं है कि वह रूट पर ड्यूटी कर सके। इस संबंध में उसने रोडवेज प्रशासन को पत्र लिखकर लाइट ड्यूटी देने की गुहार की, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में गुहार की गई है कि रोडवेज प्रशासन को उसे लाइट ड्यूटी पर रखने के निर्देश दिए जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से बस स्टैंड पर पूर्व की जगह पर काम करने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।



## उग्रवादियों ने माइनिंग कंपनी के दो वाहन फूंके



महानगर संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत केरेडारी थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के उग्रवादियों ने बीजीआर माइनिंग कंपनी के दो वाहनों को फूंक डाला। हथियारबंद दस्ते ने अंधाधुंध फायरिंग भी की, जिसमें एक युवक जख्मी हो गया। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत है। बताया गया कि सेंट्रल कोलफील्ड्स के खलारी-डकरा प्रोजेक्ट में कोयला खनन का काम करने वाली बीजीआर माइनिंग कंपनी के वाहनों पर उग्रवादियों ने पगार-पांडू गांव के पास हमला किया। उग्रवादियों ने मौके पर एक पर्चा भी छोड़ा है, जिसमें एनटीपीसी, सीसीएल, एलएंडटी व डीओ होल्डर कंपनियों को चेतावनी दी गई है कि वे संगठन से संपर्क किए बिना किसी भी प्रकार का कार्य शुरू न करें, वरना इससे भी बड़ी वारदात अंजाम दी जाएगी। पर्चा टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर कौशल के नाम से जारी किया गया है।

टीएसपीसी ने पर्चे में कहा है कि संगठन आम जनता और आदिवासियों के हित में काम कर रहा है। इसमें सरकार पर आरोप लगाया गया है कि वह उग्रवाद के नाम पर निर्दोष ग्रामीणों और आदिवासियों पर अत्याचार कर रही है। टीएसपीसी ने खुद को जनहितैषी बताया है और कहा है कि उनकी गतिविधियां शोषण के खिलाफ हैं। वारदात की सूचना मिलते ही पगार ओपी प्रभारी विक्की ठाकुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना के बाद इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। इस वारदात से केरेडारी और आसपास की खनन परियोजनाओं में काम करने वाले कर्मी दहशत में हैं।

## आईएसआई ने भारतीय मोबाइल नंबरों से रची जासूसी की साजिश

**नई दिल्ली (मसं)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई से जुड़े एक बड़े जासूसी मामले का खुलासा कर राजस्थान के डीग जिले से दो भाइयों कासिम व हसीन को गिरफ्तार किया है। इन्होंने भारतीय सिम कार्ड्स पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटर्स को उपलब्ध कराए, जिनका इस्तेमाल भारत में जासूसी और हनी ट्रैप के लिए किया जा रहा था। जांच में पता चला है कि कासिम और हसीन ने भारतीय मोबाइल नंबरों के वन-टाइम पासवर्ड पाकिस्तान में बैठे आईएसआई हैंडलर्स को भेजे। इन नंबरों का उपयोग व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पाकिस्तान से ऑपरेट करने के लिए किया गया। इसका मकसद रक्षा अनुसंधान, विकास संगठन और सैन्य खुफिया विभाग के अधिकारियों को हनी ट्रैप में फंसाकर संवेदनशील जानकारी हासिल करना था।

## देश में विस्फोटकों के लिए ओमान से फंडिंग

पुलिस की जांच के बाद अब एनआईए को सौंपा मामला

महानगर संवाददाता

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश काउंटर इंटेलिजेंस और राज्य पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए खुलासा किया है कि हैदराबाद निवासी इमरान अकरम ने चरमपंथी संगठन अल-हिंद इत्तेहादुल मुस्लिमीन से जुड़ी एक आतंकी साजिश के आरोपी मास्टरमाइंड सिराज उर रहमान को फंड दिया था। वर्तमान में वह ओमान में रहता है।

कथित तौर पर विस्फोटकों की खरीद के लिए इस्तेमाल किया गया पैसा किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से भेजा गया था। इमरान ने कथित तौर पर भविष्य में जरूरत पड़ने पर और अधिक फंड भेजने का वादा भी किया। यह चौंकाने वाला खुलासा आंध्र प्रदेश काउंटर इंटेलिजेंस और राज्य पुलिस द्वारा चल रही जांच के सामने आया है, जिन्होंने देश के खिलाफ युद्ध के लिए कट्टरपंथी आह्वान 'गजवा-ए-हिंद' के नाम पर भारत भर में कई बम विस्फोट करने की सिराज की कोशिश को नाकाम कर दिया।



**भारत में फैला व्यापक नेटवर्क:** पुलिस सूत्रों ने खुलासा किया है कि सिराज का आतंकी नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है। प्रमुख सहयोगियों की पहचान वारंगल के फरहान मोहिउद्दीन, उत्तर प्रदेश के बदर और अन्य के रूप में की गई है।

साजिश की गंभीरता और देशव्यापी पैमाने को देखते हुए अब इस मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है। एजेंसी 16 मई को विजयनगरम सेकंड टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के आधार पर मामले को फिर से दर्ज करेगी। एनआईए का लक्ष्य विदेशी हैंडलरों का पता लगाना, स्लीपर सेल को खत्म करना और सिराज व आतंकी नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचना है।

## नर्सिंग ऑफिसर पद पर नियुक्ति दो, पद रिक्त नहीं तो सृजित करो : हाईकोर्ट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में याचिकाकर्ता को एससी तलाकशुदा कोटे में समस्त परिलाभ सहित नियुक्ति देने को कहा है। अदालत ने कहा है कि यदि भर्ती के पद रिक्त नहीं है तो याचिकाकर्ता के लिए पद सृजित किया जाए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश सुनील कुमारी सामरिया की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ता ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में एससी महिला तलाकशुदा कोटे में भाग लिया था। भर्ती की अंतिम मेरिट लिस्ट 6 दिसंबर 2024 को जारी हुई। इसमें याचिकाकर्ता के एससी महिला-तलाकशुदा कोटे की अंतिम कट ऑफ से ज्यादा अंक थे।

दस्तावेज सत्यापन के दौरान उसने अपने तलाक की डिक्री के दस्तावेज दिखा दिए, लेकिन उसे अंतिम कट ऑफ से ज्यादा अंक होने के बाद भी उसकी केटेगरी में नियुक्ति नहीं दी गई। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि उसके अंतिम कट ऑफ से ज्यादा अंक हैं, लेकिन फिर भी नियुक्ति नहीं दी। इसलिए उसे नर्सिंग ऑफिसर पद पर नियुक्ति दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने पद रिक्त नहीं होने पर याचिकाकर्ता के लिए पद सृजित कर समस्त परिलाभों के साथ नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं।

**दुस्साहस** मूर्ति पर एसएफजे लिखा, घटना पर राजा वड़िंग ने जताया विरोध, आतंकी पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज

## जालंधर में भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर पोती कालिख

महानगर संवाददाता

**जालंधर।** खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने जालंधर में फिल्लौर स्थित राधा स्वामी कॉलोनी में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पुतवा दी। घटना के बाद एसएसपी जालंधर हरविंदर सिंह विर्क ने पन्नू के खिलाफ यूएपीए और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ऑपरेशन ब्लू स्टार की 41वीं बरसी मनाई जा रही है।

आतंकी पन्नू ने दावा किया है कि डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा मूर्ति पर एसएफजे संगठन की तरफ से कालिख पोती गई है। इतना ही नहीं, प्रतिमा पर एसएफजे का नाम लिखा गया और खालिस्तान का झंडा भी लहराया गया। एसएफजे ने इस घटना का एक वीडियो जारी करते हुए 6 जून को पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश में अंबेडकर की अन्य मूर्तियों को भी इसी तरह कालिख पोतने की धमकी दी है।

**भारतीय संविधान पर ऑपरेशन ब्लू स्टार को कानूनी वैधता देने का आरोप**

एसएफजे के जनरल काउंसल गुरपतवंत सिंह पन्नू का आरोप है कि भारतीय संविधान जिसे डॉ. अंबेडकर ने तैयार किया था, वह वैचारिक हथियार है। जिसने 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार को कानूनी वैधता दी। पन्नू ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25(बी) के तहत सिखों को कानूनी रूप से हिंदू घोषित किया गया, जिसने सिख पहचान को मिटाने और गोल्डन टेंपल पर हमले की जमीन तैयार की। अंबेडकर का संविधान ही इंदिरा गांधी सरकार के लिए सिखों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और हिंसा को उचित ठहराने का जरिया बना।

**ऑपरेशन ब्लूस्टार को आधार बनाकर दे रहा धमकियां**

एसएफजे ने यह अभियान ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी से जोड़ा है। 6 जून 1984 को भारतीय सेना ने अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल परिसर में एक सैन्य अभियान चलाया था, जिसे सिख इतिहास का काला अध्याय मानते हैं।



फिल्लौर की इस घटना को लेकर स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर आ गई हैं। अंबेडकर की मूर्ति के अपमान को लेकर स्थानीय दलित संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। पुलिस ने मूर्ति पर कालिख पोतने और झंडा लगाने की घटना की जांच शुरू कर दी है और दोषियों को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**घटना पर विपक्षी पार्टियों ने राज्य सरकार को घेरना किया शुरू**

अमृतसर में बाबा साहिब की प्रतिमा को खंडित करने के प्रयास के बाद से कई घटनाएं सामने आई हैं। आम आदमी पार्टी ने बाबा साहिब अंबेडकर को सत्ता में आने से पहले और बाद में रोल मॉडल के तौर पर प्रस्तुत किया, लेकिन अब जब ये घटनाएं सामने आ रही हैं तो विपक्ष के निशाने पर एक बार फिर राज्य सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आतंकी पन्नू की इस हरकत का विरोध किया है।

## रश्मि सिंह को पीएचडी की मिली उपाधि

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** रश्मि सिंह को निर्वाण विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध कार्य 'गर्भवती और प्रसवोत्तर माताओं के पोषण स्तर और आहार सेवन का आकलन' विषय पर आधारित था, जो सिकंदराबाद, तेलंगाना में आयोजित किया गया था। उन्होंने शोध कार्य डॉ. प्रीति शर्मा के निर्देशन में पूरा किया है।

डिजिटल पेमेंट से 18.68 बिलियन का हुआ ट्रांजेक्शन, सालाना आधार पर 33 प्रतिशत का इजाफा

# मई में यूपीआई से लेन-देन ने तोड़ा रिकॉर्ड, लोगों ने जमकर किया भुगतान

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** लोगों का डिजिटल पेमेंट की तरफ किस तरह तेजी के साथ रुझान बढ़ा है, इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि सिर्फ मई के महीने में ही 18.68 बिलियन का ट्रांजेक्शन हुआ है. यह अप्रेल महीने के मुकाबले 4 प्रतिशत ज्यादा है। इससे पहले, अप्रेल में 17.89 बिलियन का ट्रांजेक्शन हुआ था। अगर इसे करेंसी के हिसाब से देखा जाए तो मई के महीने में यह 25.14 लाख करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन है, जो एक महीने पहले अप्रेल में 23.95 करोड़ रुपए था।



नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के मुताबिक, पिछले साल के मुकाबले जहां यूपीआई पेमेंट में यह 33 प्रतिशत का इजाफा है तो वहीं अप्रेल की तुलना में करीब 14 फीसदी ज्यादा बढ़ा है। मई के महीने में औसतन रोजाना 602 मिलियन ट्रांजेक्शन हुआ है। इसका कुल मूल्य 81,106 करोड़ रुपए का है। गौरतलब है कि देश में 2016 में शुरू हुए यूपीआई को खासकर नोटबंदी के बाद पॉपुलरिटी मिली है। एक तरफ जहां स्मार्टफोन तेजी से लोगों के पास पहुंचा है तो वहीं फोन पे, गूगल पे और पेटीएम जैसे एप ने डिजिटल भुगतान को और मजबूत किया है। ऐसे में डिजिटल भुगतान में यूपीआई ने तेजी के साथ अपना दायरा बढ़ाया है। समीक्षाधीन महीने में आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) से लेनदेन भी संख्या के हिसाब से 11 प्रतिशत बढ़कर 10.5 करोड़ हो गई, जो अप्रेल के 9.5 करोड़ से ज्यादा है।

### तेजी से बढ़ी यूपीआई की पॉपुलरिटी

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल ट्राजेक्शन 83.7 प्रतिशत का रहा है, जो एक साल पहले 79.7 प्रतिशत था। आरबीआई ने कहा कि अगले 2028-29 तक दुनिया के करीब 20 देशों में यूपीआई का दायरा बढ़ाएगी। पहले से ही भुटान, फ्रांस, नेपाल, मॉरिशस, सिंगापुर, श्रीलंका के साथ ही यूएई में भारतीय यूपीआई एप को क्यूआर कोड के जरिए स्वीकार किया जाता है। इससे भारतीय छात्र, पर्यटक और व्यवसायियों को यूपीआई एप के जरिए भुगतान करना काफी आसान हो चुका है।

## जीएसटी से भरा सरकार का खजाना कलेक्शन 2 लाख करोड़ के पार



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** जून महीने की शुरुआत के साथ ही देश के लिए अच्छी खबर आई। सरकार ने मई महीने के दौरान जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए हैं, जो शानदार रहे हैं। एक बार फिर कलेक्शन 2 लाख करोड़ रुपए के पार निकला है। जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला कि ये सालाना आधार पर 16.4 फीसदी के इजाफे के साथ 2.01 लाख करोड़ रुपए रहा है। इससे पहले अप्रेल 2025 में जीएसटी रेवेन्यू रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

मई में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन साल-दर-साल 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपए रहा है। हालांकि, ये आंकड़ा अप्रेल के रिकॉर्ड कलेक्शन से कम है। मई में घरेलू ट्रांजैक्शन से रेवेन्यू 13.7 फीसदी बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए रहा है, जबकि आयात से जीएसटी कलेक्शन 25.2 फीसदी के इजाफे के साथ बढ़कर 51,266 करोड़ रुपए हो गया। सकल केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) 35,434 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 43,902 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी संग्रह करीब 1.09 लाख करोड़ रुपए रहा है। सीईएसएस कलेक्शन 12,879 करोड़ रुपए इसमें शामिल है।

मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए के जीएसटी कलेक्शन में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.74 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20.4 फीसदी की जोरदार वृद्धि दर्शाता है। मई में रिफंड 4 फीसदी घटकर 27,210 करोड़ रुपए रह गया। गौरतलब है कि एक साल पहले के समान मई महीने में 1.72 लाख करोड़ रुपए रहा था।

## टेस्ला को भारत में इलेक्ट्रिक कार बनाने में दिलचस्पी नहीं: कुमारस्वामी

मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन-स्कोडा, हुंडई की भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में रुचि

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) दिग्गज टेस्ला भारत में कारों के निर्माण में दिलचस्पी नहीं रखती है, लेकिन देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है। उन्होंने कहा कि मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन-स्कोडा, हुंडई की भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में रुचि है।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने यहां भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देशों के अनावरण की घोषणा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। कुमारस्वामी ने कहा कि मर्सिडीज बेंज, स्कोडा-फॉक्सवैगन, हुंडई और किआ सहित वैश्विक वाहन निर्माता कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण में रुचि दिखाई है। टेस्ला केवल शोरूम शुरू करने में अधिक (रुचि रखते हैं)। वे भारत में विनिर्माण (शुरू) करने में रुचि नहीं रखते हैं। यह योजना ईवी यात्री कार सेगमेंट में वैश्विक निर्माताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देगी।

एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि इन कंपनियों ने 'भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना' के संबंध में सरकार और उद्योग के बीच बातचीत के दौरान रुचि जताई है। योजना के बारे में जारी विस्तृत दिशा-निर्देश के बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमने भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए वैश्विक केंद्र बनाने के लिए एक ऐतिहासिक ईवी विनिर्माण योजना शुरू की है। कुमारस्वामी ने बताया कि 4,150 करोड़ रुपए के निवेश अधिदेश के साथ यह मेक इन इंडिया की दिशा में एक कदम एक स्वच्छ, मजबूत भविष्य के लिए है। इस अवसर पर भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी और मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. हनीफी कुरैशी भी मौजूद थे।


बैंकों से मिलने वाला कर्ज हो सकता है सस्ता

# आरबीआई की बैठक कल से, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की संभावना

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी को जल्द और राहत मिल सकती है। इस महीने 4 से 6 जून को आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होनी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार इस बार भी ब्याज दरों यानी रेपो रेट में 0.25 फीसदी होने की पूरी संभावना है। इससे सभी तरह के लोन लेना सस्ता हो जाएगा।

इससे पहले हुई दो बैठक में 0.50 फीसदी की कटौती हो चुकी है। इससे रेपो रेट गिरकर 6 फीसदी पर आ गई है। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।



### सभी फैक्टर रेट कट के पक्ष में

एसबीआई सिक्युरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट सनी अग्रवाल ने बताया कि सभी फैक्टर रेट कट के लिए बिल्कुल मुफीद हैं। मानसून सामान्य रहने के आसार हैं। जीडीपी ग्रोथ स्थिर है। महंगाई काबू में है। रिटेल महंगाई जुलाई 2019 के बाद निचले स्तर पर है। पिछली बैठक में आरबीआई गवर्नर ने भी संकेत दिए थे कि महंगाई काबू में रहती है तो दरें और घट सकती हैं। इससे रियल एस्टेट और ऑटो सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।

### रेपो रेट से लोन कैसे सस्ता होता है

आरबीआई जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों के लोन सस्ता मिलता है, तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं। यानी, बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं।

### रेपो रेट के घटने से क्या बदलाव आएगा

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। आपके सभी लोन सस्ते हो सकते हैं और ईएमआई भी घटेगी। ब्याज दरें कम होंगी तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे।

किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है।

पॉलिसी रेट ज्यादा होगी तो बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देते हैं। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है। मनी फ्लो कम होता है तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट कम कर देता है। इससे बैंकों को सेंट्रल बैंक से मिलने वाला कर्ज सस्ता हो जाता है और ग्राहकों को भी सस्ती दर पर लोन मिलता है।

रूसी तेल का भारत में आयात होगा मुश्किल

## अमेरिकी सीनेटरों ने पेश किया 500 फीसदी शुल्क का प्रस्ताव

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रूस द्वारा पिछले सप्ताह यूक्रेन पर बमबारी करने के बाद अमेरिका के सबसे शक्तिशाली सीनेटरों में से एक ने रूस के कच्चे तेल के कारोबार पर प्रतिबंध बढ़ाने के लिए एक विधेयक का प्रस्ताव रखा है। उद्योग के अधिकारियों और शिप ट्रैकिंग के आंकड़ों के मुताबिक यह कानून लागू हुआ तो भारत के रूसी तेल के आयात को पंगु बना देगा। नए कठोर उपायों में रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत शुल्क लगाने जैसे 'द्वितीयक प्रतिबंध' शामिल होंगे। इन उपायों से भारत और चीन को निशाना बनाया जाएगा।



प्रस्तावित कानून से रोजाना लगभग 20 लाख बैरल (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति खतरे में पड़ जाएगी, जिसकी कीमत फरवरी में रूसी तेल की डिलीवरी दरों पर लगभग 15.4 करोड़ डॉलर प्रतिदिन है। इसकी गणना भारतीय सीमा शुल्क के आंकड़ों के आधार पर की गई है। सीमा शुल्क के आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने लगभग 50 अरब डॉलर का रूसी कच्चा तेल खरीदा। यह भारत के कच्चे तेल के कुल आयात बिल का करीब 35 प्रतिशत है। सूत्रों ने बताया कि डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सांसद अमेरिकी प्रतिबंध सख्त करने के लिए लॉबीइंग कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लुमेंथल ने सोमवार को सीएनएन को बताया, 'हम सभी लोग अपने सार्वजनिक बयानों के साथ-साथ निजी संपर्कों के माध्यम से इसके लिए बहुत दबाव बना रहे हैं।'

सीएनएन ने बताया कि ब्लुमेंथल सीनेट में एक ऐसे विधेयक का समर्थन कर रहे हैं, जिसे डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों का समर्थन प्राप्त है, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सहयोगी सीनेटर लिंडसे ग्राहम भी शामिल हैं। अब तक 80 से अधिक सीनेटरों ने इस बिल पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्लुमेंथल ने कहा कि यह बिल जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के साथ व्यापक विचार-विमर्श करके तैयार किया गया था, जिन्होंने हाल ही में रूसी जहाजों पर कुछ सख्त नए प्रतिबंध लगाए हैं। भारत, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को मान्यता नहीं देता है। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि आधिकारिक तौर पर अमेरिकी प्रतिबंधों को भी भारत नहीं मानता, लेकिन भारतीय बैंक और रिफाइनर अमेरिका से सावधान रहते हैं। यूरोपीय बेंचमार्क क्रूड ब्रेंट की तुलना में रूसी तेल 2 से 5 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर सुरक्षित किया गया था। फरवरी मे इराक के बाद रूस का कच्चा तेल सबसे सस्ता था, जो 77 डॉलर प्रति बैरल पर मिल रहा था। सीमा शुल्क के आंकड़ों के आधार पर गणना से पता चलता है कि सऊदी अरब और अमेरिका के तेल की तुलना में रूस का तेल 5 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था। मार्केट इंटेलिजेंस एजेंसी केप्लर के शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार मई में भारत को रूसी तेल शिपमेंट महीने में लगभग 3 प्रतिशत घटकर लगभग 19 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) हो गया, जो एक साल पहले 19.7 लाख बीपीडी से कम है।

## गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 77 अंक लुढ़का



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है। सेंसेक्स और निफ्टी नरमी देखने को मिली है। सेंसेक्स में यह स्टॉक 77.26 अंक या फिर फिर 0.09 प्रतिशत की गिरावट के बाद 81,373.75 अंक पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी50 सोमवार को 0.14 प्रतिशत या फिर 34.10 अंक की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ है। निफ्टी का इट्रा-डे हाई 24,754.40 अंक रहा है। सेंसेक्स की टॉप 30 कंपनियों में 19 कंपनियों की गिरावट देखने को मिली है। टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ था। हालांकि, दूसरी तरफ अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड के शेयरों में तेजी देखने को मिली है।

## सोना-चांदी में आई मजबूती

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 2 जून को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 837 बढ़कर 96,192 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 95,355 प्रति 10 ग्राम थी।

हालांकि चांदी का भाव 66 रुपए कम होकर 97,392 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 97,458 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रेल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**इस साल अब तक 20,030 रुपए महंगा हो चुका है सोना:** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,030 रुपए बढ़कर 96,192 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,375 रुपए बढ़कर 97,392 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

इंडिगो और एयर इंडिया से कर रही बात

## भारत में संभावनाएं तलाश रही विमान बनाने वाली कंपनी एंबरेयर

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** ब्राजील की विमान बनाने वाली कंपनी एंबरेयर का फोकस अब भारत पर है। एंबरेयर ने कहा है कि उन्हें भारत के विशाल बाजार में कमर्शियल, बिजनेस और सैन्य विमानों के लिए बड़ा बाजार दिखाई दे रहा है। कंपनी के सीईओ फ्रैंकोइस गोम्स नेटो इन दिनों भारत दौरे पर हैं। नई दिल्ली में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक में शामिल होने आए नेटो ने कहा कि उनकी कंपनी विमानों की खरीद के लिए भारतीय एयरलाइंस जैसे इंडिगो और एयर इंडिया के साथ बातचीत कर रही है।

भारत में संभावनाओं को देखते हुए एंबरेयर ने नई दिल्ली में अपना कॉरपोरेट ऑफिस भी खोला है। एंबरेयर अपने ई-2 विमानों को भारत में बेचने की कोशिश कर रही है, जो 146 सीटों वाला विमान है। नेटो ने बताया कि एंबरेयर ने भारत में विमानों के बाजार को देखते हुए एक अधिग्रहण टीम नियुक्त की है। साथ ही कंपनी ने सरकार से संपर्क के लिए, संचार, इंजीनियरिंग, सेल्स और मार्केटिंग के लिए भी



टीमें नियुक्त कर दी हैं। अभी भी भारत में एंबरेयर के 50 से ज्यादा विमान भारत में संचालित हो रहे हैं। ये विमान कमर्शियल, बिजनेस वर्ग के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भी संचालित हैं। क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार एयर के पास एंबरेयर विमान हैं। नेटो ने बताया कि उनकी कंपनी भारत में ही मेंटिनेंस के लिए अपना केंद्र स्थापित करने पर भी विचार कर रही है, लेकिन ये विमानों की बिक्री पर निर्भर करेगा। बीते साल ही एंबरेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटीज ने भारतीय कंपनी महिंद्रा डिफेंस सिस्टम के साथ समझौता किया है। दोनों कंपनियां मिलकर भारतीय सुरक्षा बलों के लिए मीडिया ट्रांसपोर्ट विमान बनाने की योजना पर काम कर रही हैं। अभी भी भारतीय सशस्त्र बलों में एंबरेयर के 600 लेगेसी विमान इस्तेमाल हो रहे हैं। जो भारतीय वायुसेना, बीएसएफ द्वारा सरकारी अधिकारियों और वीआईपी लोगों की यात्राओं में इस्तेमाल होते हैं।

## कामधेनु राजस्थान में टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कामधेनु लिमिटेड राजस्थान में टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की उत्पादन क्षमता 20 फीसदी बढ़ाएगी। इसके साथ चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी मजबूत किया जाएगा। कंपनी के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान में हमारे टीएमटी बार की मांग बढ़ी है। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। इस कारण उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कामधेनु नेक्स्ट 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ यह भवन निर्माण के लिए उपयुक्त है।

KAMDHENU GROUP
Sampurna Suraksha Ki Guarantee

छात्रों को उनके ड्रीम जॉब्स दिलाने में बना अग्रणी संस्थान

# यूईएम ने अंतरराष्ट्रीय अवसरों के साथ रचा नया कीर्तिमान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर ने एक बार फिर से अपने छात्रों को करियर की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का वादा निभाया है। वर्ष 2025 के पासआउट बैच के लिए विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक प्लेसमेंट उपलब्धि हासिल की है, जिसमें न केवल 100 फीसदी छात्रों को कम से कम एक जॉब ऑफर मिला, बल्कि दर्जनों छात्रों को दो या अधिक ऑफर्स प्राप्त हुए, जिनमें से 2 छात्रों को 4-4 जॉब ऑफर, 7 छात्रों को 3-3 ऑफर और 23 छात्रों को 2-2 ऑफर मिले।



वर्ष 2022-23 में विश्वविद्यालय के एक छात्र को 72 लाख रुपए प्रति वर्ष का उच्चतम पैकेज मिला था जो अब भी प्लेसमेंट इतिहास में एक मील का पत्थर बना हुआ है। वहीं वर्ष 2024-25 में विश्वविद्यालय ने 8.5 लाख रुपए प्रति वर्ष का औसत पैकेज सुनिश्चित किया, जो इस बात का प्रमाण है कि यूईएम जयपुर के छात्र न केवल शिक्षित हैं, बल्कि कॉर्पोरेट जगत के लिए पूरी तरह से तैयार भी हैं। इस वर्ष कुल 141 कंपनियों ने कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव्स आयोजित कीं, जिनमें से कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां थीं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024-25 में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि दर्ज की, जहां कुछ छात्रों को विदेश स्थित कंपनियों से ऑफर्स प्राप्त हुए, जो इस बात का संकेत है कि यूईएम जयपुर अब वैश्विक प्लेसमेंट परिदृश्य में भी मजबूती से कदम रख चुका है।

यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने इस अवसर पर बताया कि संस्थान का लक्ष्य छात्रों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल बनाना है। हमने अपने पाठ्यक्रम में रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स, हैकाथॉन्स, कोडिंग कम्पटीशन्स, डिजाइन थिंकिंग और स्टार्टअप माइंडसेट को प्रमुखता दी है। छात्र न केवल तकनीकी दक्षता प्राप्त करते हैं, बल्कि नवाचार और नेतृत्व में भी सशक्त होते हैं।

कुलसचिव प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि यूईएम जयपुर में पहले वर्ष से ही छात्रों की सॉफ्ट स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, रेज्युमे बिल्डिंग, ग्रुप डिस्कशन, मॉक इंटरव्यू और टेक्निकल राउंड की तैयारी कराई जाती है। हम प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत क्षमता का विश्लेषण करते हैं और उसे उसके अनुरूप प्रशिक्षण देते हैं जिससे वह अपने ड्रीम जॉब के लिए पूरी तरह तैयार हो सके।'

कॉर्पोरेट रिलेशन्स के वरिष्ठ उप निदेशक अनीश विश्वनाथ ने बताया कि यह विश्वविद्यालय छात्रों के लिए केवल एक शिक्षा केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां से वे अपने सपनों की ओर पहला सशक्त कदम बढ़ा सकते हैं। यूईएम जयपुर अब छात्रों के लिए केवल करियर नहीं, बल्कि ड्रीम जॉब्स की ओर जाने वाला भरोसेमंद मार्ग बन गया है।

## राजेश कुमार अग्रवाल ने सलाहकार के रूप में संभाला पदभार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर में राजेश कुमार अग्रवाल ने सलाहकार (कार्यालय प्रमुख) के रूप में सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। राजेश कुमार अग्रवाल भारतीय दूरसंचार सेवा के 1993 बैच के अधिकारी हैं। अग्रवाल को दूरसंचार क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने जयपुर मेट्रो में निदेशक और भारत संचार निगम लिमिटेड जयपुर क्षेत्र में प्रधान महाप्रबंधक (दूरसंचार जिला) के रूप में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। इस अवसर पर संयुक्त सलाहकार जे.पी. गर्ग, उप सलाहकार राकेश पुरोहित आदि मौजूद रहे।



### हृदय रोगियों को बड़ी राहत, सवाई मानसिंह अस्पताल पर मरीजों का भार होगा कम, पहले दिन दो मरीजों की हुई जांच

# अब आरयूएचएस अस्पताल में ही मिल सकेगी एंजियोग्राफी की सुविधा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरयूएचएस अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के विस्तार के तहत सोमवार से यहां एंजियोग्राफी की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। पहले दिन दो रोगियों की एंजियोग्राफी की गई। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने बताया कि सवाई मानसिंह अस्पताल से मरीजों का भार कम करने एवं प्रदेशवासियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस विश्वस्तरीय चिकित्सा संस्थान उपलब्ध करवाने की सोच के साथ आरयूएचएस अस्पताल में लगातार चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब यहां एंजियोग्राफी की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। सोमवार को यहां चिकित्सकों ने स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में स्थापित कैथ लेब में दो कोरोनरी एंजियोग्राम किए।



चिकित्सा शिक्षा सचिव ने कहा कि एंजियोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से अब आरयूएचएस आने वाले हृदय रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें इस जांच के लिए अब सवाई मानसिंह अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही, आपातकालीन स्थितियों में रोगी को तत्काल उपचार मिल सकेगा। इससे न केवल आरयूएचएस के आस-पास के क्षेत्र के लोगों को बल्कि प्रदेशभर से आने वाले रोगियों को हृदय रोगों के उपचार के लिए एक और विकल्प मिल सकेगा। एंजियोग्राफी के लिए उनको इंतजार कम हो सकेगा और सवाई मानसिंह अस्पताल पर भी रोगी भार कम हो सकेगा।

### दो मरीजों को मिला लाभ

आरयूएचएस के अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने बताया कि अस्पताल में हृदय रोग से ग्रसित 75 वर्षीय महिला एवं 44 वर्षीय पुरुष रोगी को भर्ती कराया गया था। चिकित्सा विशेषज्ञ ने उन्हें एंजियोग्राफी करने की सलाह दी थी। आरयूएचएस अस्पताल में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट स्थित कैथ लेब में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत लाभ प्रदान करते हुए उनकी एंजियोग्राफी की गई।

### जयपुर टाउन हॉल विवाद : गहलोत सरकार में पुरानी विधानसभा को हेरिटेज म्यूजियम में बदलने के निर्णय के खिलाफ पूर्व राजपरिवार ने दायर की थी याचिका

# सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट के फैसले पर स्टे से इनकार, जारी किया नोटिस

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जयपुर टाउन हॉल विवाद पर नोटिस जारी किया है, लेकिन राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले पर कोई स्थगन आदेश या यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश देने से इनकार कर दिया है।

यह मामला पिछली अशोक गहलोत सरकार में पुरानी विधानसभा को हेरिटेज म्यूजियम में बदलने के निर्णय से संबंधित है। पद्मिनी देवी और अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने तर्क दिया है कि पुरानी विधानसभा भवन का इस्तेमाल केवल आधिकारिक कार्यों के लिए किया जा सकता है, और इसका व्यावसायिक या हेरिटेज टूरिज्म के लिए उपयोग करना 1949 के करार का उल्लंघन है।




जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा, 'यह एक महत्वपूर्ण विधिक प्रश्न है, जिसे हम तय करेंगे।' हालांकि उन्होंने 17 अप्रैल 2025 के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने या स्थिति यथावत रखने की याचिका को स्वीकार नहीं किया।

### राज्य सरकार की दलील

राजस्थान सरकार का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता। शिवमंगल शर्मा ने दलील दी कि स्थगन याचिका पर सुनवाई राज्य के तरफ से जवाब प्रस्तुत किए जाने के बाद ही होनी चाहिए, और यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में लंबितता का सम्मान करेगी।

### 1949 में हुआ था कॉन्ट्रैक्ट

याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता। हरीश साल्वे ने तर्क दिया कि यह विवाद केवल निजी संपत्ति के स्वामित्व और सिविल अधिकारों से जुड़ा है, जिसे 1949 में किए गए एक करार के तहत केवल आधिकारिक कार्यों के लिए राज्य को सौंपा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि अब विधानसभा अन्य भवन में स्थानांतरित हो चुकी है, राज्य द्वारा संपत्ति का किसी अन्य उद्देश्य, विशेष रूप से व्यावसायिक या हेरिटेज टूरिज्म के लिए उपयोग, उक्त करार की स्पष्ट शर्तों का उल्लंघन है।

### 'हाईकोर्ट का फैसला सही'

इस पर पलटवार करते हुए एएजी शर्मा ने कहा कि यह विवाद पूर्व-संविधानकालीन करारों से संबंधित है, जिन पर अनुच्छेद 363 के तहत अदालत का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। इसीलिए हाईकोर्ट द्वारा पूर्वशासक परिवार की याचिकाओं को खारिज करना पूर्णतः उचित था।

### कब्जा और मुआवजे की मांग

2014 से 2022 के बीच कई बार प्रतिनिधित्व और कानूनी नोटिस दिए जाने के बावजूद जब कोई हल नहीं निकला, तब याचिकाकर्ताओं ने सिविल कोर्ट में वाद दायर किया, जिसमें उन्होंने संपत्ति पर कब्जा, निषेधाज्ञा, और मुआवजे की मांग की। इस पर राज्य सरकार ने अनुच्छेद 363 का हवाला दिया।

### आगे होगी सुनवाई

याचिकाकर्ताओं ने अब इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने तर्क दिया कि अनुच्छेद 363 की व्याख्या सीमित रूप में की जानी चाहिए और यह संविधान के अनुच्छेद 14, 21, और 300 में प्रदत्त मौलिक और संपत्ति के अधिकारों को निरस्त नहीं कर सकता–विशेषकर 26वें संविधान संशोधन के बाद जब शासकों को मान्यता समाप्त कर सामान्य नागरिक घोषित किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले में नोटिस जारी कर दिया है और भविष्य में विस्तृत सुनवाई करते हुए यह जांच करेगा कि अनुच्छेद 363 की सीमा और पूर्व-संविधानकालीन करारों के तहत उत्पन्न अधिकारों की संवैधानिक स्थिति क्या है।

### हाईकोर्ट ने पलटा था फैसला

बाद में राज्य सरकार की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को पलट दिया और कहा कि उक्त वाद अनुच्छेद 363 के तहत बाधित है। हाईकोर्ट ने अपने निर्णय के पैरा 43 में यह स्वीकार किया कि करार के अनुसार राज्य को केवल आधिकारिक कार्यों हेतु संपत्ति का उपयोग करना था, और यदि कोई सरकारी अधिकारी इसका उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। फिर भी, कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसे करारों से उत्पन्न विवादों पर दीवानी अदालतों का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

# राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ संघ शिक्षा वर्ग का समापन

महानगर संवाददाता

**सीकर/जयपुर।** सीकर के आदर्श विद्या मंदिर में 18 मई से शुरू संघ शिक्षा वर्ग विशेष का सोमवार को समापन हुआ। इस अवसर पर प्रांत सह संघचालक हेमंत सेतिया ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि संघ कार्य करने के लिए अपने तपोबल से जो अच्छा सीखा है उसका संकल्प लेकर समाज में जाकर लागू करने का समय है। 1925 में डॉ. हेडगेवार ने संघ स्थापना हिंदुत्व के भाव और राष्ट्रसेवा के लक्ष्य से शुरू किया, इस कालखंड में व्यक्ति निर्माण किया जो हमारा प्रमुख लक्ष्य भी है।

गांधी जी की हत्या के बाद संघ पर तत्कालीन सरकार ने प्रतिबंध लगाया और जब प्रतिबंध हटा तो श्रीगुरुजी ने संघ की शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण की बात कही। 1947 में देश स्वतंत्र हुआ और व्यवस्थाओं में सुधार का जिम्मा हमने लिया और विविध संगठन खड़े किए। 1990 मे समाज जागरण की रचनाएं सेवा, संपर्क, प्रचार कार्यविभाग के रूप में स्वयंसेवक कार्य में जुट गए। 2004 में श्री गुरुजी की जन्मशताब्दी पर 6 गतिविधियां कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, गौ सेवा, धर्म जागरण, ग्राम विकास एवं सामाजिक सद्भाव प्रारंभ हुई। सेतिया ने बताया कि आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक इन गतिविधियों के रूप मे समाज जागरण और भारतीय मूल संस्कृति मूल्यों एवं संस्कार का काम कर रहे हैं और बदलता भारत पूरा समाज और देश देख रहा है।




संघ शताब्दी वर्ष मं सरसंघचालक मोहन भागवत की ओर से पंच परिवर्तन नागरिक शिष्टाचार, स्वदेशी, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एवं कुटुंब प्रबोधन के आह्वान को दोहराते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परिवर्तन हो। विगत 15 दिनों में सभी स्वयंसेवक सामूहिक जीवन जीने के साथ शुद्ध सात्विक प्रेम ही कार्य का आधार है कठोर जीवन शैली, संघ के अनुशासन से पूर्ण कर लिए। सादगी को पहचान बना अब इस सादगी के साथ आगे बढ़ने के साथ प्रामाणिकता ही इसका आधार बने ऐसी धारणा सभी के मन मस्तिष्क पर अंकित हुई है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की यात्रा अडिग समाज और देश के सामने खड़ी हैं, प्रामाणिक लोग यदि कहीं हैं तो वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में हैं।

# राज्यपाल से की जिंदल शॉ के अधिकारी की शिकायत

### शहर में ओवरब्रिज बनाने के लिखित वादे से मुकरने पर असंतोष

**जयपुर (मसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के भीलवाड़ा दौरे के दौरान सर्किट हाउस में जिंदल शॉ लिमिटेड के अधिकारी एसबी सिन्हा को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। उस समय स्वयं सिन्हा गौ मित्र के रूप में अपना और जिंदल शॉ लिमिटेड का बखान कर रहे थे। इस दौरान नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं और ओवरब्रिज बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य लक्ष्मी नारायण डाड ने राज्यपाल बागडे के समक्ष जिंदल पर करोड़ों-अरबों रुपए का अवैध खनन करने के बावजूद भीलवाड़ा के विकास के लिए वर्ष 2011 में किए लिखित अनुबंध के बाद भी ओवरब्रिज बनाने के वादे से मुकरने का आरोप लगाया। जिस पर राज्यपाल बागडे ने सिन्हा से पूछा, ऐसा है क्या? तो इस पर सिन्हा निरुत्तर थे। स्थानीय विधायक अशोक कोठारी एवं सांसद दामोदर अग्रवाल ने भी इस बात का समर्थन करते हुए जिंदल कंपनी के लिखित वादे से मुकरने को गलत माना। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित अनेक राजनीतिक कार्यकर्ता, पार्षद एवं शहर के अनेक उद्योगपति तथा सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं बाहर खड़ी जनता ने भी इस मुद्दे पर सिन्हा के खिलाफ हंगामा और असंतोष जाहिर किया तो जिंदल अधिकारी सिन्हा वहां से चुपचाप निकल गए।

## बीएसटीसी परीक्षा में 6 लाख से ज्यादा विद्यार्थी शामिल

**जयपुर (मसं)।** वर्धमान महावीर ओपन विवि की ओर से बीएसटीसी यानी प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा में प्रदेशभर से 6 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा की निष्पक्षता के लिए विवि में एक केंद्रीय कमांड और कंट्रोल रूम बनाया गया था। परीक्षा में एआई आधारित चेहरा पहचान और बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट सत्यापन का उपयोग किया गया। परीक्षा राजस्थान के 41 जिलों में 860 केंद्रों पर आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. कैलाश सोडानी, राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड के डीजीएम संदीप प्रेम और इन्नोवेटिव्यू इंडिया लिमिटेड की उपाध्यक्ष किरण भाटिया ने जानकारी दी कि नकल और डमी अभ्यर्थियों पर रोक लगाने के लिए परीक्षा को पारदर्शी बनाया गया है।

## 'विमुक्त, घूमंतु परिवारों का जल्द होगा पुनर्वास'

**जयपुर (मसं)।** अब जयपुर में रह रहे घूमंतु, अर्द्ध घूमंतु श्रेणी के परिवारों का जल्द ही पुनर्वास हो सकेगा। इसके बारे में जयपुर जिला कलेक्टर ने पुनर्वास के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलेक्टर ने विमुक्त, घूमंतु एवं अर्द्ध घूमंतु समुदाय की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को 5 से 20 जून की अवधि में अधिक से अधिक विमुक्त, घूमंतु एवं अर्द्ध घूमंतु श्रेणी के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को घूमंतु पहचान पत्र जारी करने के लिए निर्देशित दिया। उन्होंने अधिकारियों को विमुक्त, घूमंतु एवं अर्द्ध घूमंतु श्रेणी के परिवारों के आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आधारभूत दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र जारी करने के साथ-साथ पट्टे वितरित करने के लिए भी कहा है। इस बैठक में सभी अतिरिक्त जिला कलेक्टर और अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/उपा.जोन-9/2025/डी-1906 दिनांक : 30.05.2025
**आम सूचना** ऑनलाईन आवेदन :217105

शिव शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना अशोक विहार बी के भूखण्ड संख्या एन-85 क्षेत्रफल 144.25 वर्ग गज की फ्री होल्ड लीजडीड दिनांक 21.09.2023 को श्री सुभाष चन्द्र शमा पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा के नाम से जारी की गयी है। तत्पश्चात श्री सुभाष चन्द्र शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.03.2024 के द्वारा श्री आशीष शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा को कर दिया गया। तत्पश्चात श्री आशीष शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31.01.2025 के द्वारा श्रीमती अंकिता मीणा पत्नी श्री शिशिर कुमार मीणा को कर दिया गया। उक्त भूखण्ड के मूल दस्तावेज बैंक में रहन हैं। आवेदिका श्रीमती अंकित मीणा द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। अतः प्रार्थीया को शिव शंकर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना अशोक विहार बी के भूखण्ड संख्या एन-85 क्षेत्रफल 144.25 वर्ग गज का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने के सम्बंध में कार्यवाही की जानी है। इस सम्बंध में किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस कि अधीन प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/जोन-6/2025/डी-1008 दिनांक : 02.06.2025
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शुभम झवर पुत्र श्री अरूण कुमार झवर द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा शपथ पत्र, रजि. हकत्याग पत्र, सजरा शपथ पत्र रजि. उपहार पत्र के आधार पर तोपखाना देश गृ.नि.स.स. की योजना रामेश्वरधाम के भूखण्ड संख्या 243 क्षेत्रफल 387.15 व.ग. में से उत्तरी भाग क्षेत्रफल 192.85 व.ग. का उपविभाजन/नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। जविप्रा द्वारा भूखण्ड संख्या 243 क्षेत्रफल 387.15 व.ग. की लीजडीड श्रीमती मनोरमा देवी झवर पत्नी श्री जानकी लाल झवर के पक्ष में जारी की गई है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना के भूखण्ड संख्या 243 क्षेत्रफल 387.15 व.ग. में से उत्तरी भाग क्षेत्रफल 192.85 व ग.का नाम हस्तान्तरण श्री शुभम झवर के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
उपायुक्त जोन-6, जविप्रा जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/उपा/जोन-7/2024/डी दिनांक :
**सार्वजनिक सूचना**

बीपीसी (एलपी) की 345वीं बैठक दिनांक 13.02.2024 में लिये गये निर्णयानुसार जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा 25 की उपधारा (3) के अनुसरण में मास्टर विकास योजना 2025 के जोनल विकास योजना 11बी में बिरदा एन्कलेव अनुमोदित योजना मानचित्र में आरक्षित सुविधा/पार्क का अंकन किया गया है एवं सहवन से इसी के लगते हुए स्थित खसरा नं. 21 ग्राम केशोपुरा में निजी खातेदार की भूमि पर जोनल में अन्य रिक्रियेशनल (पार्क) भू-उपयोग का अंकन हो गया है। जोनल विकास योजना 11 बी पर अंकित नोट के बिन्दु संख्या 5 अनुसार जविप्रा के जोन कार्यालयों द्वारा उपलब्ध करवाये गये कमिटमेंट्स को जोनल विकास योजना में अंकित कर दिया गया है, यदि कोई कर्मिटमेन्ट त्रुटिवश अंकित होने से रह गये है तो उनको करते Honour करते हुए अपेक्षित कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है। जिसके संबंध में उक्त अंकन को समिति द्वारा ड्राफ्टिंग त्रुटि मानते हुए जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 25 (3) की कार्यवाही का निर्णय लिया गया है। उक्त निजी खातेदारी की भूमि ग्राम केशोपुरा के खसरा नम्बर 21 पर जोनल प्लान में दर्शित पार्क का अंकन को हटाये जाने हेतु प्राधिकरण अधिनियम की धारा 25 (3) के तहत सार्वजनिक समाचार पत्र में आम सूचना का प्रकाशन 30 दिवस अवधि हेतु जन साधारण से आपत्ति/सुझाव हेतु आमंत्रित किये जा रहे है जिस किसी व्यक्ति, संस्था व हितधारी को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर 219, जोन 7 में दर्ज करावें। निर्धारित समयावधि में आपत्ति/ सुझाव प्राप्त नहीं होने पर जोनल विकास योजना 11बी में संशोधन कर दिया जायेगा। उक्त विज्ञप्ति का विस्तृत विवरण जविप्रा की वेबसाईट jda.urban. rajasthan.gov. in पर देखा जा सकती है। यह विज्ञप्ति आज दिनांक ............... को जारी की गई।
उपायुक्त जोन-7, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री वैधनाथ शर्मा, निवासी म.नं.बी-221, गली नं. 2 संतोष सागर कॉलोनी, ब्रह्मपुरी जयपुर राज. के पुत्र रजत शर्मा व पत्नी इति शर्मा मेरे अभिभाष्य व उनकी पत्नी से लड़ाई झगड़ा, अपशब्द (गाली-गलौच) करते है व मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है, उनके गलत आचरण एवं गतिविधियों की वजह से मेरे अभिभाष्य ने अपने जीवन व्यवहार व समस्त चल-अचल सम्पत्ति से हमेशा के लिए रजत शर्मा व ईति शर्मा को बेदखल कर दिया है, इनसे कोई भी व्यक्ति, संस्था, लेन-देन व संव्यवहार करते है तो उसके लिए मेरे अभिभाष्य किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
जयपुर रहमान खान (एडवोकेट)
दिनांक : मो. नं. 9950735682

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/जोन-6/2025/डी-1009 दिनांक : 02.06.2025
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती त्रिवेणी देवी पत्नी श्री रामगोपाल खण्डेलवाल ने समिति द्वारा जारी दस्तावेजो के आधार पर म्युचुअल गृ.नि.स.स. की योजना स्कीम नम्बर-24 रजत विहार के भूखण्ड संख्या 72 क्षेत्रफल 294.50 व.ग. का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। समिति द्वारा भूखण्ड संख्या 88 का आवंटन पत्र श्रीमती त्रिवेणी देवी के पक्ष में जारी किया गया है। योजना की सदस्य सूची में भूखण्ड संख्या 88 के स्थान पर भूखण्ड संख्या 72 का आंवटन किया गया है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था /कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना स्कीम नम्बर-24 रजत विहार के भूखण्ड संख्या पुराना 88 नया 72 का पट्टा श्रीमती त्रिवेणी देवी के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-6, जविप्रा जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-4/2025/डी-5568 दिनांक : 02.06.2025
**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ऋषभ जैन पुत्र श्री नितिन जैन द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-ए के भूखण्ड संख्या 510 का पट्टा जारी करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में समिति द्वारा न्यू पिंकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-ए के पुराना भूखण्ड संख्या एफबी-16 नया नम्बर 510, क्षेत्रफल 139 वर्गगज का आवंटन श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री जगदीश कुमार मलिक को दिनांक 05.08.1986 को आवंटन पत्र जारी किया गया। श्रीमती सरोज देवी द्वारा उक्त भूखण्ड को समिति को समर्पित किये जाने के पश्चात समिति द्वारा उक्त भूखण्ड का पुनः आवंटन दिनांक 27.11.2000 को श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री राम किशोर अग्रवाल के पक्ष में कर दिया गया। श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री जगदीश कुमार मलिक द्वारा अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 22.11.2000 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री राम किशोर अग्रवाल को कर दिया गया। श्री गौरव अग्रवाल पुत्र श्री राम किशोर अग्रवाल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19.12.2024 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्री ऋषभ जैन पुत्र श्री नितिन जैन को कर दिया गया। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का पट्टा जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-4, जविप्रा जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/उपा/जोन-14/2025/डी-1091 दिनांक : 2.6.2025
**सार्वजनिक सूचना**

श्री विनोद कुमार ठोलिया एवं श्रीमती राजकुमारी द्वारा मुहाना गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सचिवालय नगर के अनुमोदित मानचित्र में त्रुटियश सम्मिलित निजी खातेदारी की भूमि ग्राम लक्ष्मीपुरा उर्फ नाटाणीवाल तह. सांगानेर के खसरा नम्बर 55/153 (हाल खसरा नम्बर 170/55 व 171/55) को हटाते हुए योजना मानचित्र संशोधन करने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त प्रश्नगत खसरा नम्बर से प्रभावित भूखण्ड संख्या 249 से 254 में मौका स्थिति अनुसार अनुमोदित मानचित्र में संशोधन किया जाना प्रस्तावित है। यदि उक्त आवेदन/संशोधन एवं भूखण्डों के बेचान के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-14, जविप्रा में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त कालावधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सचित रहे। यह विज्ञप्ति आज आज दिनांक 2.6.2025 को जारी की गई है।
उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

**मुकदमा नंबर :** DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/373
चूंकि प्रार्थी श्री SAMRIDH SHARMA, RAMBAGH GOLF CLUB, BHAWANI SINGH ROAD, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास RAMBAGH GOLF CLUB, RAMBAGH GOLF CLUB, BHAWANI SINGH ROAD, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्त्यिां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 30.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-05.08.2025
**मुहर**
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री दिनेश चन्द शर्मा उम्र 64 वर्ष, पुत्र श्री हरिशंकर शर्मा एवं मीरा शर्मा पत्नी श्री दिनेश चन्द शर्मा निवासीगण 41, सियाराम कॉलोनी, सेक्टर-7, प्रताप नगर, जयपुर (राज.) अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र श्री अंकुर शर्मा उम्र 37 वर्ष, व पुत्रवधु नेहा शर्मा एवं पोत्री वान्या शर्मा को बेदखल करते हैं क्योंकि ये लोग मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। इनका आज से मेरे अभिभाष्य व उनके परिवार से कोई सम्बन्ध व लेना-देना नहीं है। भविष्य में मेरे अभिभाष्य के उक्त पुत्र अंकुर शर्मा पुत्रवधु नेहा शर्मा एवं पोत्री वान्या शर्मा के द्वारा किये गये किसी भी संव्यवहार या वाद-विवाद से मेरे अभिभाष्य का कोई सम्बन्ध सरोकार एवं लेना-देना नहीं रहेगा।
जयपुर प्रशान्त कुमार उपाध्याय (एडवोकेट)
दिनांक : मो. 19314889992

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-4/2025/डी-5566 दिनांक : 28.05.2025
**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण राजेश दत्त मेहता, नीता मेहता शुक्ला, दिनेश दत्त मेहता, सुकेश दत्त मेहता द्वारा हथरोई गढी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना मिलाप नगर के भूखण्ड संख्या 13 का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टे हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पूर्व में इस कार्यालय द्वारा हथरोई गढी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना मिलाप नगर के भूखण्ड संख्या 13, क्षेत्रफल 264.44 वर्गगज का पट्टा श्री ब्रहम दत्त मेहता पुत्र स्व. श्री एस.आर. शर्मा के पक्ष में क्रमांक 4224 दिनांक 19.07.2013 को जारी किया गया, जिसे उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां दिनांक 22.07.2013 को पंजीबद्ध करवाया गया। ब्रहम दत्त मेहता की मृत्यु दिनांक 13.06.2018 एवं उनकी पत्नी श्रीमती माया रानी शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.08.2020 को हो चुकी है। उक्त संबंध में आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदकगण के पक्ष में उक्त भूखण्ड का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदकगण के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-4, जविप्रा जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : (201905)जविप्रा/जोन-11/2025/डी-4917 दिनांक : 07.02.2025
**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहन लाल खींची पुत्र श्री टोडू राम खींची द्वारा निजी खातेदारी की आवासीय योजना मंगलम ग्राण्ड सिटी ई ब्लॉक के भूखण्ड सं. ई-103 क्षेत्रफल 269.62 वर्गगज का नाम हस्तानान्तरण जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड की लीजडीड क्रमांक 2805 दिनांक 07.11.2014 के माध्यम से मैसर्स मंगलम बिल्ड डवलपर्स लि. जरिये अधिकृत प्रतिनिधि श्री प्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री एम.पी. अग्रवाल के पक्ष में जारी किया गया। तत्पश्चात् मैसर्स मंगलम बिल्ड डवलपर्स लि. जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री नीतेश अग्रवाल पुत्र श्री शिम्भू दयाल अग्रवाल द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2015 के माध्यम से डॉ. मोहम्मद सिराज पुत्र अब्दुल सत्तार एवं डॉ. शहीन परवेज पत्नी डॉ. मोहम्मद सिराज को बेचान किया गया। तत्पश्चात् इनके द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 26.02.2024 के माध्यम से श्री मोहन लाल खींची पुत्र श्री टोडू राम खींची को बेचान किया गया। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजि. विक्रय पत्र एवं नई एसओपी के अनुसार एक से अधिक बेचान आदि के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण, श्री मोहन लाल खींची पुत्र श्री टोडू राम खींची के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को जोन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इक्त अवधि पश्चात् प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-11, जविप्रा जयपुर।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 1526 दिनांक : 21.05.2025
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर आवास संख्या - 1/1092 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 44.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री बाल कृष्ण गुप्ता पुत्र श्री राम कुमार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 9670 दिनांक 07.02.1983 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 28.04.2007 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री बाल कृष्ण गुप्ता पुत्र श्री राम कुमार के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्री योगेश कुमार पुत्र श्री मोहन लाल को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर द्वितीय में दिनांक 09.11.2012 को करवाया गया। श्री योगेश कुमार पुत्र श्री मोहन लाल के द्वारा उक्त आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया हैं। अतः नाम दर्ज के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री योगेश कुमार पुत्र श्री मोहन लाल का नाम मण्डल रिकाई में दर्ज कर दिया जायेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.rajasthan.gov.in
क्रमांकः जविप्रा/उपा./जोन -14/2025/डी-1068 दिनांक:28/05/2025
**आम सूचना**

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 219806 दिनांक 28.04.2025 को निम्नांकित भूखण्ड का लीज होल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड का क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./निजी खातेदारी जविप्रा/योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री संजय अग्रवाल पुत्र श्री प्रेम स्वरूप गुप्ता | श्रीमती कान्ता शर्मा पत्नी श्री उम्मेद शर्मा | A-562 | 120.00 व.मी. | जविप्रा | रोहिणी नगर-II | लीज - होल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड | स्वघोषणा पत्र, अभ्य-र्पण, शप-थ पत्र,जा-री, लीजडी-ड, पंजीकृ-त, विक्रय पत्र, मौके की फोटो, पहचान पत्र आदि। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में लीज होल्ड से फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक :एफ( )जविप्रा/उपा/जोन-11/2025/डी-5922 दिनांक : 02.06.2025
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मैसर्स जैन फोरव्हील प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री अवनीश बैद पुत्र श्री विजय सिंह बैद द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम टीलावास के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-504-सी क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर के नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है। ग्राम नेवटा तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 288, 289, 290, 293, 294, 499, 501, 502, 507, 508, 509 अवाप्त क्षेत्रफल 1044 वर्गमीटर भूमि अवाप्त कर अवाप्त भूमि के बदले 25 प्रतिशत विकसित भूमि क्षेत्रफल 260 वर्गमीटर (आवासीय 208 वर्गमीटर एवं व्यावसायिक 52 वर्गमीटर) भूमि का आरक्षण पत्र क्रमांक डी-210 दिनांक 29.9.08 के द्वारा श्री मदनलाल शर्मा पुत्र स्व. श्री सूरजमल को जारी किया गया था। उक्त आरक्षण पत्र के आधार पर लॉटरी से आवंटित ग्राम टीलावास के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-504-सी क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 9972 दिनांक 9.12.2009 को श्री मदनलाल शर्मा पुत्र स्व. श्री सूरजमल को जारी किया गया था। श्री विष्णु प्रसाद बोहरा पुत्र स्व. श्री किशन चन्द्र बोहरा बहैसियत मुख्त्यारआम श्री मदनलाल शर्मा पुत्र स्व. श्री सूरजमल द्वारा ग्राम टीलावास के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-504-सी क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर भूमि श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द्र शर्मा को बैचान किये जाने पर नाम प्रतिस्थापन पत्र क्रमांक 4460 दिनांक 1.7.2009 को जारी किया गया। श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा ग्राम टीलावास के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-504-सी क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर भूमि श्री रतन लाल जी सोमानी पुत्र स्व. श्री मदनलाल सोमानी को बैचान किये जाने पर नाम प्रतिस्थापन पत्र क्रमांक 3388 दिनांक 12.7.2012 को जारी किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत हकत्याग पत्र के अनुसार श्री रतन लाल सोमानी पुत्र स्व. श्री मदनलाल सोमानी की मृत्यु दिनांक 17.12.2018 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा अपलोड शपथ पत्र के अनुसार श्री रतन लाल सोमानी पुत्र स्व. श्री मदनलाल सोमानी के वारिस (1) श्रीमती मंजू देवी सोमानी (पत्नी ) (2) श्री अनुपम सोमानी (पुत्र) (3) श्रीमती अर्पणा मालपानी (पुत्री) है। श्रीमती मंजू देवी सोमानी पत्नी स्व. श्री रतन लाल सोमानी एवं श्रीमती अर्पणा मालपानी पत्नी श्री अजय मालपानी पुत्री स्व. श्री रतन लाल सोमानी द्वारा ग्राम टीलावास के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-504-सी क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर में से अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र से श्री अनुपम सोमानी पुत्र स्व. श्री रतन लाल सोमानी के पक्ष में हकत्याग कर दिया गया है। श्री अनुपम सोमानी पुत्र स्व. श्री रतन लाल सोमानी द्वारा ग्राम टीलावास के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या एस-504-सी क्षेत्रफल 45 भूमि जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 202203021127326 दिनांक 19.12.2022 से मैसर्स जैन फोरव्हील प्रा.लि. को विक्रय की गई है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी /संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।
उपायुक्त जोन-11, जविप्रा जयपुर।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.rajasthan.gov.in
क्रमांक:- ज.वि.प्रा./उपा./जोन-13/2025/डी-1137 दिनांक 28/5/25

**विज्ञप्ति** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में जविप्रा की व्यवसायिक योजन ट्रांसपोर्ट नगर के भूखण्ड संख्या ए-2/ 233 क्षेत्रफल 40.00 वर्गमीटर की लीजडीड हेतु मैसर्स शेखावत मोटर रिपेयरिंग जरिये प्रो. श्री गोरधन सिंह द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ पहचान पत्र, वाद, जविप्रा द्वारा जारी आवंटन पत्र की प्रति, फर्म के दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
आवेदित भूखंड का आवंटन पत्र जविप्रा द्वारा दिनांक 12.04.2018 को मैसर्स शेखावत मोटर रिपेयरिंग जरिये प्रो. श्री घीसू सिंह के पक्ष में जारी किया गया है। आवेदक द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं जिसमें आवेदक श्री घीसू सिंह की मृत्यु दिनांक 28.04.2010 को हो चुकी है तत्पश्चात् धर्मपत्नी श्रीमती भंवर कंवर की मृत्यु दिनांक 06.03.2022 को हो चुकी है। संलग्न सजरा प्रमाण पत्र व रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र दिनांक 21.03.2025 के अनुसार रूप कंवर पुत्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र, गोरधन सिंह पुत्र हैं रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र अनुसार अपने भाई श्री गोरधन सिंह के हक में किया गया है। अतः अपने आवेदन पत्र के साथ पहचान पत्र, वाद, जविप्रा द्वारा जारी आवंटन पत्र की प्रति, फर्म के दस्तावेजों की छायाप्रति के आधार पर यदि किसी संस्था/व्यक्ति/ हितधारी को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपति जोन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा 7 दिवस पश्चात् भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण/ लीजडीड जारी की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।
-उपायुक्त, जोन-13, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर 63, योजना देवी नगर विस्तार, हरनाथपुरा, जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 171.19 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति भूपेन्द्र सिंह को जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा रजिस्टर्ड लीज डीड नं. डी-1220 दिनांक 01.03.2013 द्वारा प्राप्त हुई। भूपेन्द्र सिंह के स्वर्गवास पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों उनकी पत्नी श्रीमती गोज कंवर, पुत्री श्रीमती सपना कंवर राजावत, दो पुत्र शैलेन्द्र सिंह व राजेन्द्र सिंह राठौड संयुक्त रूप से मालिक स्वामी अधिकारी काबिज हुए। शैलेन्द्र सिंह व राजेन्द्र सिंह राठौड ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 04.09.2024 द्वारा श्रीमती गोज कंवर व श्रीमती सपना कंवर राजावत के हक में त्याग कर दिया। श्रीमती सपना कंवर राजावत ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 12.12.2024 द्वारा श्रीमती गोज कंवर के हक में त्याग कर दिया। इस प्रकार श्रीमती गोज कंवर उक्त सम्पत्ति की एकमात्र रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुई। अब श्रीमती गोज कंवर उक्त सम्पत्ति सम्पूर्ण पर मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था Cent Bank Home Finance Limited से ऋण ले रही है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के संबंध में विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
**PERFECT LEGAL COUNSEL**
Add-216, 2ND Floor, Jaipur Tower, M I Road, Jaipur, Raj-302001 Mob.-8302042443 R/1341/03

## उत्तर पश्चिम रेलवे

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्याः कैरिज-16-2025 दिनांकः 30.05.2025
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई-निविदा संख्याः कैरिज -16-2025 दिनांक 30.05.2025 को आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** "नॉन-एसी एलएचबी कोचों के लिए शौचालय के अपग्रेडेशन का कार्य (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार)" **2. अनुमानित लागत :** रू. 38,28,22,856.70/- **3. टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट :** रू. 00.00 **4. बयाना राशि :** रू. 20,64,100.00/- **5. ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीख :** दिनांक 23.06.2025 समय 15.00 बजे तक **6. वेब साइट का विवरण :** **www.ireps.gov.in** **7. पात्रता मानदंड :** लागु। नोटः टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशी केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है।
**637-CR/25**
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, किसान भवन लालकोठी खण्ड-टर्मिनल मार्केट, जयपुर
क्रमांक :- राजकाज रेफरेंस 15631431 दिनांक :- 30/05/2025

**बिड आमन्त्रण सूचना संख्या 03/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड-टर्मिनल मार्केट, जयपुर एवं अलवर के कार्यो हेतु ऑन-लाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb** पर भी देखा जा सकता है। जिसका UBN No. AGM2526WSOB00259 से AGM2526WSOB00261 है।
राज.संवाद/सी/25/3417 अधिशाषी अभियंता

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू

क्रमांक न.पा.चा./विकास/2025/1631 दिनांकः 30.05.2025

**ई-निविदा सूचना 04/2025-26**

नगर पालिका चाकसू की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त विद्युत श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| S. No | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB06356 |

राज.संवाद/सी/25/3383 अधिशाषी अधिकारी

**बिक्री सूचना**
## मेसर्स ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड (परिसमापन में)
सीआईएन U28939MP1982PLC002072
पंजीकृत कार्यालयः पॉलीपाइप एस्टेट, मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र, मालनपुर, भिंड, मध्य प्रदेश, 477001

**नीलामी बिक्री नोटिस के लिए अनुशेष**

नीलामी बिक्री नोटिस दिनांकः 02.06.2025
दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत
मेसर्स ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड (परिसमापन में) के मामले में
**CIN: U28939MP1982PLC002072**
परिसमापन प्रक्रिया - पार्सल में परिसंपत्तियों की बिक्री, **IBBI** (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन **32(d)** या विनियमन **32 (e)** के अनुसार,
यह अनुशेष परिशिष्ट दिनांक 02.06.2025 की नीलामी बिक्री सूचना के अनुसरण में जारी किया गया है, जो दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 और भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के अंतर्गत मेसर्स ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड (परिसमापन में) की परिसंपत्तियों की बिक्री के संबंध में "जहां है, जैसा है, जैसा है, जो कुछ भी है" और "बिना किसी संसाधन के" आधार पर ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://baanknet.com. के माध्यम से की गई है।
यह परिशिष्ट केवल नीलामी सूचना में निर्धारित आरक्षित मूल्य और ईएमडी राशि को संशोधित करने के लिए प्रकाशित किया जा रहा है। दिनांक 02.06.2025 की नीलामी बिक्री सूचना में उल्लिखित अन्य सभी नियम, शर्तें, समयसीमा और विवरण अपरिवर्तित रहेंगे।

**आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32(डी) के अनुसार कॉर्पोरेट देनदार की परिसंपत्तियों की पार्सल में बिक्री, जिसमें निम्नलिखित परिसंपत्तियां शामिल हैं:**

| लॉट | संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि (रु.) | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| | आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32(डी) के अनुसार कॉर्पोरेट देनदार की परिसंपत्तियों की पार्सल में बिक्री, जिसमें निम्नलिखित परिसंपत्तियां शामिल हैं: | | | |
| | मालनपुर यूनिट (पॉलीपाइप्स एस्टेट मालनपुर, औद्योगिक क्षेत्र, मालनपुर, भिंड, मध्य प्रदेश, भारत, 477001) | | | |
| A | भूमि एवं भवन | | | 5,00,000.00 |
| | क) मालनपुर भिंड में फैक्ट्री की भूमि -1.25 हेक्टेयर के लीज होल्ड क्षेत्र के लिए 1,34,548.90 वर्ग फीट के बराबर है, भवन एवं विविध | 1,96,20,000 | 19,62,000 | |
| | ख) मालनपुर भिंड में फैक्ट्री की भूमि-1.537 हेक्टेयर के फ्री होल्ड क्षेत्र के लिए 1,65,441.30 वर्ग फीट के बराबर है और भवन | 3,51,00,000 | 35,10,000 | |
| | ग) मालनपुर भिंड में फैक्ट्री की भूमि- 1.316 हेक्टेयर के फ्री होल्ड क्षेत्र के लिए 1,41,653.06 वर्ग फीट के बराबर है। | 3,01,50,000 | 30,15,000 | |
| | प्लांट एवं मशीनरी | | | |
| | क) मालनपुर इकाई में प्लांट एवं मशीनरी | 2,60,544 | 26,054 | |
| | कोटा यूनिट प्लॉट नं. ए-170/171 इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, रोड नं. 7, कोटा राजस्थान - 324005 | | | |
| B | भूमि एवं भवन | | | 5,00,000.00 |
| | क) कोटा में फैक्ट्री भूमि एवं भवन -क्षेत्रफल 21076 वर्ग मीटर | 19,35,00,000 | 1,93,50,000 | |
| | प्लांट एवं मशीनरी | | | |
| | क) कोटा इकाई में प्लांट एवं मशीनरी | 23,23,115 | 2,32,311 | |
| | प्रतिभूतियाँ एवं वित्तीय परिसंपत्तियाँ | | | |
| | क) कोटा इकाई के लिए नकद एवं नकद समतुल्य को छोड़कर एसएफए परिसंपत्तियाँ (व्यापार प्राप्य एवं इन्वेंट्री शामिल हैं) | 9,94,063 | 99,406 | |

सभी इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करते समय ऊपर उल्लिखित अद्यतन आरक्षित मूल्य और ईएमडी का संदर्भ लें। नीलामी समयसीमा, निरीक्षण तिथियां, जमा करने की समयसीमा और सभी नियम और शर्तें सहित 02.06.2025 की शेष नीलामी सूचना अपरिवर्तित रहेगी।

धन्यवाद और सादर
छाया गुप्ता
परिसमापक
ग्वालियर पॉलीपाइप्स लिमिटेड
आईपी पंजीकरण सं. **IBBI/IPA-002/IP-N00984/2020-2021/13133**
पंजीकृत ईमेल आईडीः **guptachayacs@gmail.com**
मामला विशेष ईमेलः **liq.gwaliorpolypipes@gmail.com**
दिनांकः 03.06.2025
स्थानः इंदौर



## शानदार प्रदर्शन के बावजूद सफल नहीं हो पाई नंदिनी गुप्ता, मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत की कई मॉडल्स ने बहुत करीब आकर हारी बाजी

# मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने से चूक गया भारत

**बीते** 31 मई 2025 को हैदराबाद के हाईटेक्स प्रदर्शनी सेंटर में 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता की विजेता थाईलैंड मूल की 21 वर्षीय मॉडल ओपल सुचाता चुआंगसरी बनीं और उनके सिर पर मिस वर्ल्ड का ताज सजा। इस बार भारत की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा। भारत की ओर से नंदिनी गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंतिम 8 की सूची में जगह बनाने में सफल नहीं हो पाई। इस वजह से भारत विजेता बनते-बनते रह गया। आज जानेंगे कि नंदिनी गुप्ता के अलावा अभी तक मिस वर्ल्ड में किन भारतीय मॉडल्स ने बहुत करीब जाकर हारी प्रतियोगिता।




### सुमन राव

साल 2019 में आयोजित हुई मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही सुमन राव टॉप तीन तक पहुंची थी, लेकिन विजेता बनने से चूक गईं थीं। प्रतियोगिता वो द्वितीय रनर-अप रही थीं। इसके अलावा आपको बताते चलें कि सुमन राव फेमिना मिस इंडिया-2023 की विजेता रह चुकी हैं।



### प्रियदर्शिनी चटर्जी




प्रियदर्शिनी चटर्जी ने साल 2016 में आयोजित हुई मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लिया था। वह मिस वर्ल्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली पूर्वोत्तर भारतीय थीं। हालांकि, वो टॉप 20 में जगह बनाने के बाद आगे नहीं बढ़ सकी और भारत ताज पहनने से चूक गया था।

### कोयल राणा



साल 2014 में आयोजित हुई मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में कोयल राणा ने भारत की ओर से प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि, कोयल राणा जबरदस्त टक्कर देने के बावजूद टॉप 10 में जगह बनाने के बाद बाहर हो गई थीं, जिससे भारत की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा था।

### पूजा चोपड़ा



पूजा चोपड़ा एक भारतीय मॉडल, अभिनेत्री हैं, जो साल 2009 में भारत की ओर से मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का हिस्सा थीं। उस साल भी भारत की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा था और भारत खिताब जीतने से चूक गया था।

# 'हाउसफुल-5' का नया गाना 'द फुगड़ी डांस' रिलीज, नाना पाटेकर ने मचाया धमाल



**मल्टीस्टारर** फिल्म 'हाउसफुल-5' का एक और नया गाना 'द फुगड़ी डांस' रिलीज हो गया है। यह गाना फिल्म के बाकी गानों जैसे 'लाल परी', 'दिल ए नादान' और 'कयामत' से काफी अलग है। नया गाना सुनने में काफी मजेदार और जोश से भरपूर है। गाने में बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर नाना पाटेकर ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। वह फिल्म के हर कलाकार को अपने अंदाज में 'फुगड़ी डांस' करते हुए दिखाते हैं। इस गाने को मशहूर डीजे, संगीत निर्माता और सिंगर क्रेटेक्स ने गाया है। इसका म्यूजिक तनिष्क बागची ने क्रेटेक्स के साथ मिलकर तैयार किया है।

बता दें कि 'फुगड़ी डांस' महाराष्ट्र का एक पारंपरिक लोक नृत्य है। यह अलग-अलग संस्कृतियों में किया जाता है, इसमें महिलाएं गोलाकार खड़ी होकर घूमते हुए डांस करती हैं। इस गाने में काफी समय बाद नाना पाटेकर को एक मजेदार और अलग अंदाज में देखा गया है। वह अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ मस्ती भरे डांस से सभी को हंसाते दिख रहे हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन व रितेश देशमुख, तीनों रंजीत की 69 अरब पाउंड की वसीयत के लिए आपस में भिड़ते नजर आए। कहानी में मोड़ तब आता है, जब रंजीत का मर्डर हो जाता है। यहां फिल्म सिर्फ कॉमेडी नहीं रहती, बल्कि यह एक मजेदार मर्डर मिस्ट्री बन जाती है। इसमें बहुत सारे ऐसे सीन और डायलॉग हैं, जो बॉलीवुड की पुरानी और मशहूर फिल्मों की याद दिलाते हैं। उदाहरण के लिए जैकी श्रॉफ एक सीन में कहते हैं कि 'छोटी बच्ची है क्या?', यह डायलॉग असल में उनके बेटे टाइगर श्रॉफ की पहली फिल्म 'हीरोपंती' का मशहूर डायलॉग है।

'हाउसफुल 5' फिल्म के निर्देशक तरुण मनसुखानी हैं, जो इससे पहले 'दोस्ताना' जैसी हिट फिल्म बना चुके हैं। इस फिल्म की कहानी साजिद नाडियाडवाला ने लिखी है। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म में 19 कलाकारों की बड़ी स्टारकास्ट है, जिनका किरदार अपनी अलग मस्ती और अंदाज लेकर आएगा। फिल्म के स्टारकास्ट में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चित्रांगदा सिंह, फरदीन खान, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और आकाशदीप साबिर जैसे कलाकार हैं। 'हाउसफुल-5' 6 जून को दुनिया भर में रिलीज होगी।

## सलमान-अक्षय जैसे बड़े कलाकारों के साथ किया काम



# फिल्मों से ज्यादा शादी को लेकर चर्चा में रहीं सोनाक्षी

**अभिनेत्री** सोनाक्षी सिन्हा का फिल्मों के लिहाज से कॅरियर काफी अच्छा रहा है। उन्होंने सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। उनकी ज्यादातर फिल्में कामयाब रही हैं। अपनी शादी को लेकर सोनाक्षी काफी चर्चा में रही हैं। बॉलीवुड की दबंग गर्ल कही जाने वाली एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपना जन्मदिन मना रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा का जन्म 2 जून 1887 को बिहार की राजधानी पटना में हुआ। वह दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा और अभिनेत्री पूनम सिन्हा की बेटी हैं। उनके पिता अभिनेता होने के साथ नेता भी हैं। सोनाक्षी ने फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई की। शुरूआत में सोनाक्षी ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर के तौर पर काम किया। उन्होंने साल 2005 में आई फिल्म 'मेरा दिल लेके देखो' में कॉस्ट्यूम डिजाइन किया था। इसके बाद उन्होंने फिल्मों की तरफ रुख किया।

### सलमान खान की फिल्म 'दबंग' से की कॅरियर की शुरुआत

सोनाक्षी सिन्हा ने बॉलीवुड में अपने कॅरियर की शुरुआत 2010 में आई सलमान खान की फिल्म 'दबंग' से की। उनकी पहली फिल्म कामयाब रही। उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला डेब्यू के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। यही नहीं उनकी फिल्म ने खूब कमाई भी की। फिल्म का बजट 41 करोड़ रुपए था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 221.14 करोड़ की कमाई की। सोनाक्षी सिन्हा की दूसरी फिल्म 'राउडी राठौर' थी। इस फिल्म में उन्होंने अक्षय कुमार के साथ काम किया। 60 करोड़ रुपए की लागत में बनी इस फिल्म ने 203.39 करोड़ रुपए कमाए। इसके बाद सोनाक्षी सिन्हा 'जोकर' में अक्षय कुमार के साथ नजर आईं। सोनाक्षी ने साल 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में अजय देवगन के साथ काम किया। यह फिल्म भी काफी कामयाब रही। साल 2012 में सोनाक्षी 'दबंग-2' में एक बार फिर सलमान खान के साथ नजर आईं।

### सीरीज में किया बेहतरीन काम, सिंगिंग में आजमाया हाथ

सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्मों में बेहतरीन काम करने के अलावा सीरीज में भी अच्छा काम किया है। उन्होंने सीरीज दहाड़ (2023) और हीरामंडी (2024) में अदाकारी के लिए तारीफें बटोरीं। अभिनय के अलावा सोनाक्षी सिन्हा ने गायन में भी हाथ आजमाया है। उन्होंने अपनी फिल्म तेवर (2015) में एक गाना गाया। उनका पहला गाना 'आज मूड इश्कहोलिक है' 2015 में रिलीज हुआ। सोनाक्षी सिन्हा ने 23 जून 2024 को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी की। एक खबर के मुताबिक जहीर और सोनाक्षी ने एक दूसरे को सात सालों तक डेट किया। इसके बाद शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया। बताया जाता है कि दोनों की मुलाकात सलमान खान की एक पार्टी में हुई थी। इसके बाद दोनों की दोस्ती हो गई। कुछ ही दिनों बाद दोस्ती प्यार में बदल गई। जहीर व सोनाक्षी ने 2023 में सलमान की बहन अर्पिता व आयुष की ईद पार्टी में कपल की तरह एंट्री की थी। इसके बाद दोनों के बीच अफेयर की अफवाह सच साबित हो गई। साल 2024 में दोनों ने शादी कर ली।

### जल्द ही फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा ने कई बड़े कलाकारों के साथ काम किया, लेकिन वह सबसे ज्यादा अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहीं। इसकी वजह थी कि सोनाक्षी सिन्हा हिंदू धर्म से आती हैं और जहीर इकबाल मुस्लिम थे। सोनाक्षी की शादी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद सोनाक्षी ने कहा कि उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव नहीं बनाया गया। एक बात जो सबसे खास थी वह यह कि सोनाक्षी के पिता शत्रुघ्न सिन्हा इस शादी में शामिल नहीं हुए थे। लोगों ने अफवाहें उड़ाईं कि वह अपनी बेटी के फैसले से नाराज थे। इस पर शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि मैं हमेशा उनके साथ रहा हूं और आगे भी रहूंगा। हम महिला सशक्तिकरण के बारे में इतनी बातें करते हैं, फिर उनके लिए अपना साथी चुनना कैसे गलत है? ऐसा नहीं कि उसने कोई गैरकानूनी काम किया हो। वह मैच्योर है। फिलहाल सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पारिवारिक जीवन बिता रही हैं। वह अकसर अपने पति के साथ सोशल मीडिया पर बेहतरीन तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। जल्द ही वह फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आने वाली हैं।

# दीपिका पादुकोण के सपोर्ट में उतरीं राधिका, बोलीं- फिल्म इंडस्ट्री में काम करना मुश्किल







**हाल** ही में एक इंटरव्यू के दौरान राधिका आप्टे से सवाल किया गया कि जो एक्ट्रेस नई-नई मां बनी हैं, उनको क्या फिल्म इंडस्ट्री के लोगों से मोटिवेशन या सपोर्ट मिल रहा है। इस पर राधिका का मानना है कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। वह इस बात को लेकर काफी टेंशन में भी रहती हैं। दरअसल, यह सवाल दीपिका पादुकोण के कारण चर्चा में आया। दीपिका ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' में केवल 6 घंटे काम करने के लिए शर्त रखी, क्योंकि वह अपनी आठ महीने की बेटी पर भी ध्यान देना चाहती थीं। ऐसे में फिल्म से दीपिका को हटा दिया गया। इसके बाद कंट्रोवर्सी हुई। अब इस विषय पर कई लोग खुलकर बात कर रहे हैं।

### नई मां को मोटिवेट नहीं कर रही फिल्म इंडस्ट्री

हाल ही में स्क्रीन से की गई बातचीत में राधिका आप्टे बताती हैं कि फिल्म इंडस्ट्री नई मांओं को मोटिवेट नहीं कर रही है, ना ही उनकी जरूरतों का ख्याल रख रही है। कुछ वक्त पहले मां बनीं राधिका कहती हैं कि मुझे नहीं लगता कि वो लोग ऐसा कर रहे हैं। मुझे नहीं पता कि मैं आगे कैसे काम करूंगी। वह आगे कहती हैं, 'फिल्म इंडस्ट्री में काम करना असल में मुश्किल है। हम कितने घंटे फिल्म बनाते हैं और आमतौर पर कितने समय तक बच्चे को नहीं देख पाते हैं। इन बातों पर मुझे गौर करना है, इनके बारे में जानकारी लेनी है।

### कई एक्टर्स भी दीपिका को कर चुके सपोर्ट

इस मुद्दे पर दीपिका को सैफ अली खान, अजय देवगन और काजोल से भी सपोर्ट मिला। अरब मीडिया समिट में सैफ अली खान ने कहा कि मुझे घर आकर बच्चों को सोते हुए देखना बिल्कुल पसंद नहीं है, यह मेरे लिए सक्सेस वाली बात नहीं है। लाइफ की सक्सेस तो यह बात कहने में है, नहीं मुझे अब घर जाना है, जिससे मैं अपने बच्चों के साथ आधा घंटा बिता सकूं। सैफ ने दीपिका पादुकोण का नाम तो नहीं लिया है, लेकिन अपनी बात के जरिए वह उन्हें सपोर्ट करते दिख रहे हैं। इसी तरह फिल्म 'मां' के ट्रेलर लॉन्च पर काजोल और अजय देवगन ने भी दीपिका पादुकोण का साथ दिया। काजोल बोलीं कि मुझे यह बात अच्छी लगी कि आप कम समय तक काम कर सकती हैं। अजय देवगन भी कहते हैं कि बहुत से लोग हैं, जो इस बात को समझ रहे हैं। मैं तो कहूंगा कि ज्यादातर सिनेमा से जुड़े लोगों को इस बात से कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई एक्ट्रेस मां बनी है तो उन्हें आठ घंटे की शिफ्ट में काम करना शुरू कर देना चाहिए।

### वर्क लाइफ बैलेंस पर छिड़ी है बहस

बता दें राधिका आप्टे का यह बयान तब सामने आया है जब हाल ही में दीपिका और संदीप के बीच वर्क लाइफ बैलेंस पर बहस छिड़ी हुई है। इस हफ्ते ही दीपिका पादुकोण के बारे में बताया गया कि उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट को छोड़ दिया है, क्योंकि उन्होंने संदीप से एक फिक्स घंटे काम करने की शर्त रखी थी। इस बीच अभिनेता-निर्माता अजय देवगन ने एक ट्रेलर लॉन्च पर इस बात कर जोर दिया था कि आठ घंटे हर किसी के लिए होने चाहिए। इसके साथ ही काजोल ने भी अपनी बात रख थी और सैफ ने भी इस तरह की मांग को सही ठहराया था। सैफ ने भी परिवार के लिए समय देने को प्राथमिकता देने की वकालत की थी।



# चिरंजीवी-नयनतारा की फिल्म मेगा-157 की शूटिंग का पहला शेड्यूल हुआ पूरा, अहम सीन फिल्माए





**साउथ एक्टर** चिरंजीवी और साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा इन दिनों अपनी फिल्म 'मेगा 157' की शूटिंग में व्यस्त हैं। आइए बताते हैं फिल्म को लेकर नई अपडेट क्या आई है, जिसने फैंस को बेहद खुश कर दिया है। मेगास्टार चिरंजीवी और साउथ अभिनेत्री नयनतारा अपने आगामी बड़े प्रोजेक्ट 'मेगा-157' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुडी कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग मई में हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में शुरू हुई थी। 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा हो गया है। इस दौरान चिरंजीवी और कुछ अन्य महत्वपूर्ण कलाकारों के साथ अहम सींस फिल्माए गए हैं।

**अब दूसरे शैड्यूल की तैयारी:** अब फिल्म की टीम जल्द ही दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू करेगी, जिसमें चिरंजीवी और नयनतारा पर एक खास गाना फिल्माया जाएगा। 'मेगा-157' का निर्माण साहू गरपति और चिरंजीवी की बेटी सुष्मिता कोनिडेला कर रहे हैं, जो शाइन स्क्रीन और गोल्ड बॉक्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले काम कर रहे हैं। फिल्म का संगीत भीम्स सेसिरोलेओ बना रहे हैं। यह हाई-बजट पारिवारिक मनोरंजक फिल्म अगले साल जनवरी में संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

राज्यपाल ने ली जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा

# राष्ट्र के विकास के लिए अहम शिक्षा का बढ़ाएं स्तर : बागडे

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि गरीब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए विभागीय अधिकारी हमेशा कटिबद्ध रहें। जिले के अंतिम छोर तक बैठे प्रत्येक वंचित एवं पात्र व्यक्ति को विकास कार्यक्रमों व योजनाओं से लाभान्वित करें।

राज्यपाल बागडे सोमवार को दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिलास्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बागडे ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा बेहद अहम है। शिक्षा का स्तर और भी ज्यादा बढ़ाया जाए, इसके लिए जिन विद्यालयों में नामांकन कम है, वहां शिक्षा के प्रति परिवारजनों को जागरूक कर नामांकन बढ़ाएं। उन्होंने कृषकों, दुग्ध उत्पादकों, स्ट्रीट वेंडर, श्रमिकों सहित अन्य को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अब तक वंचित रहे पात्र लोगों को जल्द लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत वितरण, पेयजल सहित महत्वपूर्ण विभागों की जिले में प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के समस्त आमजन को योजनाओं का लाभ मिले।

उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाएं गांव, गरीब लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इनमें तेजी से प्रगति लाना सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति हो। कोई भी व्यक्ति इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे, इसके लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना सुनिश्चित करें।

### जिला कलेक्टर ने पौधा भेंट कर किया स्वागत

बैठक प्रारंभ होने से पूर्व जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने राज्यपाल को पौधा भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में कलेक्टर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्यपाल को भीलवाड़ा जिले के भौगोलिक व प्रशासनिक परिदृश्य, इतिहास एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को करें लाभान्वित

राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक और आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा की। बागड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वंचित रहे शेष पात्र लोगों को आवास के लिए ऋण स्वीकृत कराएं। साथ ही गर्मी के मौसम में तापमान को कम करने के लिए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप पौधे लगाएं और पूर्व में लगाए पौधों में से वर्तमान में जीवित पौधों का रेंडम सर्वे करवाया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों की जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि वर्तमान में डामरीकरण से शेष रही सड़कों को सांसद, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना या अन्य मद से बजट उपलब्ध करवाकर आगामी समय में सड़कें बनाई जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन में आसानी हो। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शत-प्रतिशत हर घर जल कनेक्शन करना सुनिश्चित करें।

---

# राजस्थान विवि प्रशासन ने सामंतवादी आदेश में किया संशोधन

## शिक्षकों की हुई जीत, अब नैक टीम के साथ कर सकेंगे संवाद


सामंतवादी फरमान जारी कर आरयू ने किया लोकतंत्र पर प्रहार
पीएम मोदी कर रहे चाइनीज का बहिष्कार, आरयू अपना रहा वहां का मॉडल
कल से तीन दिन के निरीक्षण पर नैक टीम
रूटा उपाध्यक्ष ने दर्ज करवाया विरोध

महानगर टाइम्स ने 2 जून को प्रकाशित हुई खबर।

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षकों के विरोध के आगे झुकते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने सामंतवादी फरमान में संशोधन किया है। अब विश्वविद्यालय प्रशासन इच्छुक शिक्षकों का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) टीम से संवाद करवाएगा। यह संवाद 5 जून को क्यूएसी हॉल में आयोजित होगा। शिक्षक नैक टीम से संवाद के दौरान अपनी बात रख सकेंगे। गौरतलब है कि महानगर टाइम्स ने 2 जून को खबर प्रकाशित कर इस संबंध में मामला उठाया है।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 26 मई को सामंतवादी आदेश निकलाते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वे नैक टीम से किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं करेंगे और ना ही विश्वविद्यालय से संबंधित कोई भी जानकारी शेयर करेंगे। इस आदेश के बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों में भारी रोष देखा गया। इसके बाद संघ रूटा के उपाध्यक्ष ने भी कुलगुरु को पत्र लिखकर विरोध जताया था।

### निरीक्षण के लिए आज आएगी नैक टीम

राजस्थान विवि के मूल्यांकन के लिए नैक टीम मंगलवार को आएगी। टीम 5 जून तक विश्वविद्यालय में रहेगी और संघटक महाविद्यालयों और विभागों का दौरा करके विभिन्न मानकों की जांच करेगी। इसके साथ ही शिक्षकों और विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम, रैगिंग, शोध, गुणवत्ता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आदि के संबंध में संवाद करेगी।

### मेंटर्स-मेंटीज स्कीम में फर्जीवाड़ा

राजस्थान विश्वविद्यालय ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट नैक टीम को ऑनलाइन सबमिट की है, जबकि विश्वविद्यालय में इस स्कीम के तहत कुछ भी काम नहीं हुआ। निरीक्षण के दौरान नैक टीम को इस फर्जीवाड़े की जानकारी हाथ लग गई तो विश्वविद्यालय की रैंक में गिरावट दर्ज हो सकती है। मेंटर-मेंटी स्कीम के तहत संकाय सदस्यों (मेंटर्स) को छात्रों (मेंटीज) के साथ जोड़ा जाता है, ताकि शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में मार्गदर्शन, सहायता और प्रोत्साहन प्रदान किया जा सके। इस योजना का उद्देश्य संकाय और छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत करना है।

---

चिकित्सा मंत्री ने दिए निर्देश, निरीक्षण के बाद भी सुधार नहीं तो होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

# अस्पताल का अपने घर की तरह किया जाए रख-रखावः खींवसर

### प्रदेशभर के अस्पतालों में शुक्रवार को करीब 150 अधिकारियों ने किया था सघन निरीक्षण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं इनसे संबद्ध अस्पतालों का अब नियमित निरीक्षण होगा। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों का निर्धारित अवधि में निस्तारण नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साफ-सफाई, मरम्मत, जांच, दवा एवं उपचार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए अस्पतालों को पेशेंट फ्रैंडली बनाया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों एवं इनसे संबद्ध अस्पतालों का निरीक्षण कर लौटी टीमों से सोमवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में चर्चा करते हुए इस संबंध में निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का विषय बेहद संवेदनशील है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। सभी अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें और निरीक्षण में पाई गई कमियों में तत्काल सुधार भी करें।



### 'रोगी को नया जीवन देने से बड़ा कोई पुण्य नहीं

खींवसर ने कहा कि चिकित्सा अधिकारी अस्पताल को अपना घर और रोगियों को परिवार का सदस्य मानते हुए मानवीय भाव के साथ सेवाएं दें। जिस प्रकार घर का रख-रखाव करते हैं और परिवार के सदस्यों की देखभाल करते हैं, उसी तरह अस्पताल एवं रोगियों की सेवा करें। रोगी को नया जीवन देने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं। उन्होंने कहा कि विगत दिनों किए गए निरीक्षण में जो कमियां सामने आई हैं या जिन संसाधनों की आवश्यकता महसूस की गई है, उनकी विस्तृत रिपोर्ट के साथ शीघ्र चर्चा करें, ताकि इन कमियों को जल्द दूर किया जा सके। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से किए गए इस निरीक्षण अभियान की सराहना की और ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाने की आवश्यकता व्यक्त की।

### चिकित्सा शिक्षा विभाग का महत्वपूर्ण अंतरविभागीय नवाचार

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने हाल ही सार्वजनिक निर्माण विभाग से एमओयू कर विभाग से संबंधित चिकित्सालयों के अनुरक्षण, मरम्मत के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को अधिकृत किया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रत्येक चिकित्सालय में मरम्मत चौकी स्थापित की जा रही है, जहां पर आकस्मिक मरम्मत कार्यों के लिए 24 घंटे विभिन्न कार्यों से संबंधित कार्मिक उपलब्ध रहेंगे। वहीं शौचालयों की देखभाल का जिम्मा सुलभ इंटरनेशनल को दिया गया है, ताकि शौचालयों को साफ-सुथरा रखा जा सके। इसी प्रकार चिकित्सालयों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा जिम्मा सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) को देने का कार्य भी किया जा रहा है।

### बुनियादी ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में पहल

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि सभी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के मानकों को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में यह पहल की गई है। निरीक्षण में अस्पताल परिसरों में स्वच्छता की समुचित व्यवस्था, भवनों की आवश्यक मरम्मत, चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता, रोगियों की सुविधा, सुरक्षा प्रबंध तथा सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया है। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण, बुनियादी सुविधाओं जैसे बिजली, पानी आदि की उपलब्धता और अग्निशमन उपकरणों की क्रियाशीलता भी जांची गई है।

### 33 टीमों ने किया निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार

चिकित्सा शिक्षा सचिव अंबरीश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की पहल पर मेडिकल कॉलेजों एवं इनसे संबद्ध अस्पतालों में शुक्रवार को 33 टीमों में करीब 150 अधिकारियों ने सघन निरीक्षण किया था। निरीक्षणों के तहत अस्पतालों में साफ-सफाई, बिजली उपकरणों की स्थिति और भवनों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसके आधार पर मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में शीघ्र सुधार करवाए जाएंगे।

### मरम्मत कार्यों के लिए 44 करोड़ मंजूर

अतिरिक्त निदेशक नरेश गोयल ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने मरम्मत कार्यों के लिए करीब 84 करोड़ रुपए की आवश्यकता बताई थी, जिसके विरुद्ध अस्पतालों द्वारा करीब 44 करोड़ कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी जारी की जा चुकी है। प्रदेश के 81 अस्पतालों में से 29 में पीडब्ल्यूडी चौकी की स्थापना के लिए जगह आवंटित कर दी गई है। मेंटीनेंस कार्यों के लिए निविदा प्रक्रियाधीन है।

---

# इंडिगो की फ्लाइट से 4000 फीट ऊंचाई पर गिद्ध टकराया



*विमान के फ्रंट में डेंट आया, 175 यात्री सवार थे, करवाई गई इमरजेंसी लैंडिंग*

महानगर संवाददाता

**रांची।** रांची के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट को पक्षी टकराने की वजह से इमरजैंसी लैंडिंग करानी पड़ी। घटना 2 जून को दोपहर 1:14 बजे हुई। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार फ्लाइट जब रांची एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर थी, तभी उससे एक गिद्ध टकरा गया।

हादसा जिस समय हुआ, विमान लगभग 3 से 4 हजार फीट की ऊंचाई पर था। विमान से गिद्ध के टकराने पर पायलट को 40 मिनट तक विमान को हवा में रखना पड़ा। इसके बाद रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। टक्कर से विमान के अगले हिस्सा में डेंट आ गया। फ्लाइट में 175 यात्री सवार थे, जो सुरक्षित हैं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के डायरेक्टर आरआर मुंडा ने घटना की पुष्टि की है।

### इंजीनियर विमान की जांच कर रहे

एयरपोर्ट के डायरेक्टर के अनुसार टक्कर के बाद पायलट ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए इमरजेंसी लैंडिंग की। इंजीनियर विमान की जांच कर रहे हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह फ्लाइट रांची पहुंचने के बाद कोलकाता जाने वाली थी। उसकी रांची में ही मरम्मत की जा रही है।

---

# भाजपा विधायक प्रतापपुरी का आरोप- जासूसी के आरोपी को प्राप्त था पूर्व मंत्री का संरक्षण'

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सालेह मोहम्मद के पूर्व पीए के जासूसी प्रकरण में गिरफ्तारी के बाद पोकरण से भाजपा विधायक प्रतापपुरी ने पूर्व मंत्री मोहम्मद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रतापपुरी ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया से कहा कि जैसलमेर के भागा का गांव से पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़े आरोपी शकूर को पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद का संरक्षण प्राप्त था। सीमांत क्षेत्रों में जो घटनाएं हो रही हैं, वे चिंताजनक और जांच की विषय है। राजनीतिक संरक्षण के कारण देश के दुश्मन पनप रहे हैं। विधायक प्रतापपुरी ने राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद पर आरोप लगाया कि उनके तत्कालीन पीए पाक की जासूसी मामले में लिप्त थे, इसका उन्हें पता नहीं हो, यह संभव नहीं है। निजी सचिव की इस कारस्तानी की भनक पूर्व कैबिनेट मंत्री को ना होना अचरज की बात है। प्रतापपुरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर जांच की मांग की। इस मामले में उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को भी पत्र लिखा है। पुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उचित जांच का भरोसा दिलाया है। विधायक ने कहा कि जनता खुद कह रही है कि सालेह मोहम्मद को पूरी जानकारी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़े-बड़े मदरसे खोले गए हैं, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

### 'सीमांत क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की हो जांच'

विधायक प्रतापपुरी ने कहा कि पूर्व मंत्री के पीए शकूर खान देश के साथ धोखा कर रहा था। पिछले दो कार्यकाल में दो बार मंत्री का पीए रहा है, इस कारण उसने कितनी गुप्त सूचनाएं भेजी होंगी, यह जांच का विषय है। शकूर ने सात बार विदेश यात्रा की थी, लेकिन विभाग को जानकारी नहीं दी। इन सबकी बारीकी से जांच की जाएगी। प्रतापपुरी ने आरोप लगाया कि वर्ष 2013 में तत्कालीन एसपी पंकज चौधरी के समय एके 47 और तस्करी का सामान मिला था, लेकिन फाइल और मुकदमा दबा दिया गया। कई ऐसे मामले हुए, जो दबा दिए गए। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों की जांच होनी चाहिए।

---

# संपत्तियों के पंजीकरण में ब्लैक मनी की रोकथाम के लिए उपरजिस्ट्रार रहें चौकस

### सुप्रीम कोर्ट और राजस्थान हाईकोर्ट के आदेशों की अक्षरशः पालना करने के निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ द्वारा एसबी मिससेलेनिअस पिटीशन क्रमांक 6580/2024 ओमप्रकाश बनाम राज्य तथा अन्य 28 याचिकाओं में गत 21 मई को पारित आदेश के क्रम में समस्त लोक कार्यालयों, लोक प्राधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उनके समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी व अन्य शुल्कों की वसूली एवं अन्य विधिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर राजस्थान स्टांप अधिनियम 1998, भारतीय स्टांप अधिनियम 1899, रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1908, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम 1882, भारतीय सविदा अधिनियम 1882 तथा आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों की अक्षरश पालना सुनिश्चित कराएं।

वित्त विभाग (राजस्व) के शासन सचिव कुमार पाल गौतम ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 5200/2025 द कॉरेसपोंडेंस पीबीएएनएमएस एज्युकेशनल इन्स्टीट्यूशन बनाम बी. गुणाशेखर में गत 16 अप्रेल को पारित निर्णय में निर्देश दिए हैं कि यदि किसी संव्यवहार में नकद लेन-देन के लिए आयकर अधिनियम द्वारा निर्धारित अधिकतम राशि से अधिक राशि के नकद लेन-देन का तथ्य उपरजिस्ट्रार के संज्ञान में आता है तो ऐसे उपरजिस्ट्रार द्वारा इस तथ्य को अविलंब आयकर विभाग के संबंधित प्राधिकारी को सूचित किया जाएगा। यदि उपरजिस्ट्रार ऐसे तथ्यों को सूचित करने में असफल रहता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

---

# डॉ. संतराम देशवाल पद्मश्री पुरस्कार 2025 से सम्मानित



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. संतराम देशवाल को पद्मश्री पुरस्कार-2025 से नवाजा। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्रियों, सहित पद्म पुरस्कार विजेता और उनके परिजन भी मौजूद रहे।

डॉ. संतराम देशवाल हिंदी साहित्य के साथ-साथ हरियाणवी लोक साहित्य एवं संस्कृति के प्रख्यात साहित्यकार हैं। शिक्षा, हिंदी साहित्य, हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, हरियाणवी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन, पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए उन्हें पद्मश्री से नवाजा गया है। देशवाल अब तक ललित निबंध, कविता, संस्मरण, यात्रा वृत्तांत, जीवनी, कहानी आदि विभिन्न विधाओं की दो दर्जन से ज्यादा पुस्तकों का सृजन कर चुके हैं तथा सेवानिवृत्ति के बाद सोनीपत में रहकर पूर्णकालिक साहित्यकार, पत्रकारिता के अलावा समाजसेवा के क्षेत्र में 50 वर्ष से लगातार जुटे हुए हैं। इनके उत्कृष्ट साहित्य-लेखन के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी महाकवि सूरदास आजीवन साहित्य साधना सम्मान-2018, जनकवि मेहरसिंह सम्मान-2014, दो पुस्तकों 'लोक आलोक-2005' और 'अनकहे दर्द-2009' को सर्वश्रेष्ठ पुस्तक पुरस्कार देकर सम्मानित कर चुकी है। इसके अलावा हरियाणा का सर्वोत्तम पत्रकारिता सम्मान, बाबू बालमुकुंद गुप्त साहित्य सम्मान, लोक शिरोमणि सम्मान, काव्य कलश सम्मान, राष्ट्र किंकर सम्मान, हादी-ए-हरियाणा सम्मान, सोनीपत रत्न सम्मान, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सहित अनेक सम्मान मिल चुके हैं।

---

# एसडीएमएच में सभी प्रकार के कैंसर का होगा समग्र इलाज

### संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल में कैंसर उपचार के लिए नवाचार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल (एसडीएमएच) में कैंसर उपचार को समर्पित केंद्र दुर्लभजी इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर एवं रिसर्च सेंटर में अब सभी प्रकार के कैंसर का समग्र और विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। संतोकबा दुर्लभजी ट्रस्ट के सचिव योगेन्द्र दुर्लभजी ने बताया कि यह पहल कैंसर रोगियों को एक ही स्थान पर संपूर्ण उपचार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र में आधुनिक तकनीकों और अनुभवी विशेषज्ञों की टीम के साथ एक ही छत के नीचे मरीजों को रेडियो थैरेपी, ब्रेकी थैरेपी, कीमो थैरेपी, हार्मोनल थैरेपी, टार्गेटेड, इम्यूनो थैरेपी, कैंसर सर्जरी, पीईटी सीटी स्कैन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा मेडिकल इंश्योरेंस (टीपीए), आरजीएचएस और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना जैसी प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। सेंटर में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. सारिका लाम्बा, मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. नेहा रावत, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. दिनेश कुमार सिंह व डॉ. मीनाल अय्यर और न्यूक्लियर मेडिसन डॉ. महेंद्र आचार्य की टीम की देखरेख में मरीजों को परामर्श और उपचार दिया जाएगा। यहां सभी प्रकार के कैंसर का इलाज जैसे मस्तिष्क व गला, मुख, जीभ, स्वरपेटी, फेफड़े, आहार नली, पेट, लिवर, पित्त की थैली, पेनक्रियाज, आंतों व गुदा का कैंसर, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली, हड्डी एवं मासपेशियां, मस्तिष्क, रक्त कैंसर और बच्चों में होने वाले सभी प्रकार के कैंसर आदि का इलाज किया जाएगा।

### 2 से 7 जून तक मिलेगा निशुल्क परामर्श

एसडीएमएच की पहल के अंतर्गत कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2 जून से 7 जून तक केंद्र में निशुल्क कैंसर परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा सैकंड ओपिनियन और कैंसर स्क्रीनिंग की सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादकः गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारीः जिज्ञासु शर्मा*। फोनः 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25